दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, मंगलवार, 05 मार्च, 2024, फाल्गुन कृष्णपक्ष दशमी विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-311 पृष्ठ-12, मूल्य - 4 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज

बेबाक

सपने देखने का सभी को समान अधिकार है। सपने देखना और जनता को सपने दिखाना नेताओं का विशेषाधिकार है। दूसरे शब्दों में कहें तो यही उनका कारोबार है। मजे की बात यह कि इस कारोबार पर कोई टैक्स भी नहीं लगता। कई नेता शेखचिल्ली की तरह सोते जागते हसीन सपने देखते रहते हैं। ऐसे मुंगेरी लालों की फेहरिस्त में इन दिनों सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का नाम सबसे ऊपर है। उन्होंने पहले यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराने का दावा किया था। अब वे बिहार में भी भाजपा का सुपड़ा साफ करने की भविष्यवाणी कर रहे हैं।

//-- सुविचार --//

छल करोगे तो छल मिलेगा, आज नहीं तो कल मिलेगा, अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई से, तो सुकून हर पल मिलेगा।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:08 प्रात:

अस्त : 05:53 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.0	15.0
जमशेदपुर	33.0	17.0
हजारीबाग	29.0	16.0
डालटनगंज	31.0	15.0

कल्पना सोरेन ने संभाला मोर्चा, सुनाया हेमंत का संदेश-जेल में हूं, मगर जिंदा हूं

दिल्ली वालों के अंदर दिल नहीं धड़कता, वे लोग आदिवासी-दलित को कीड़ा समझते हैं

गिरिडीह : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेएमएम का मोर्चा संभाल लिया है। पार्टी के राजनीतिक मंच से पहली बार बड़े ही अनुभवी और सधे हुए राजनेता की तरह भाषण देते हुए कल्पना सोरेन कुछ समय के लिए भावुक भी हो गईं। कल्पना सोरेन ने कहा कि उनके पति हेमंत सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों के लिए संदेश भिजवाया हैं। हेमंत सोरेन ने कहा- जेल में हूं, मगर जिन्दा हूं। लोगों के सपने को मरने नहीं दिया जाएगा, आदिवासियों-दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़े और गरीबों के हक-अधिकार को लूटने नहीं दिया जाएगा। कल्पना सोरेन ने सोमवार को गिरिडीह में जेएमएम स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में कदम रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब तक हेमंत सोरेन सभी के बीच नहीं आ जाते, वो उनकी आवाज बनने की कोशिश करेंगी।

हेमंत ने कंधे पर हाथ रखकर कहा-मत घबराना

कल्पना सोरेन ने कहा कि कल (रविवार 3 मार्च) को वे अपने पति (हेमंत सोरेन) से जेल में मिलने गईं थी। उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखकर कहा- घबराना मत, अभी तो मैं जेल के अंदर हूं, मगर जिन्दा हूं, जिन्दादिल इंसान को आज ये ढोल-नगाड़े की गूंज सुनाई दे रही होंगी। वे खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि लाखों लोग उनके चाहने वाले हैं। झारखंडियों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान को जेल में डाला गया

मंच पर छलके कल्पना के आंसू

कल्पना सोरेन ने कहा कि एक गहरी साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डाला गया है, बल्कि झारखंड के लोगों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान को जेल में डालने की कोशिश की गई है। आने वाले समय में उन्हें (बीजेपी) इसका जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि षडयंत्र के तहत हेमंत सोरेन को दिल्ली वालों ने जेल भेजा है। दिल्ली वालों के अंदर दिल नहीं धड़कता है वे लोग आदिवासी-दलित को कीड़ा समझते हैं। लेकिन झारखंडी झुकेगा नहीं।

अब बहू से बेटी बनने को तैयार

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि आज पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर उन्हें सुनने के लिए लोग जिस तरह से इंतजार कर रहे थे, इसे देखकर आभार करने के लिए शब्द कम पड़ जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की बहू को लोगों ने इतना प्यार दिया है कि अब वे बेटी बनने के लिए तैयार हैं।

2019 में जनादेश मिलने के साथ ही सरकार अस्थिर करने की कोशिश

कल्पना सोरेन ने कहा कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जनादेश किसे मिला, यह सभी जानते हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार गठन के साथ ही राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिश शुरू हो गई। विरोधियों ने चाल चलना शुरू कर दिया। कल्पना सोरेन ने सभा में उपस्थित लोगों से पूछा कि हेमंत सोरेन का अपराध क्या है। क्या केंद्र सरकार से झारखंड का 1.36 लाख करोड़ बकाया मांगना अपराध है या फिर विधानसभा से ओबीसी के लिए पारित 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग करना अपराध है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड मांगना अपराध है या फिर जनभावना के अनुरूप स्थानीय नीति की मांग करना अपराध है। कल्पना सोरेन ने कहा कि कोविड का समय आया, तो आम लोगों की सुरक्षा की जिसकी जिम्मेदारी थी, उसने सभी को भगवान भरोसे छोड़ दिया। हेमंत सोरेन ने झारखंड के गरीब प्रवासी मजदूरों को रेल, हवाई जहाज और सड़क मार्ग से न सिर्फ वापस लाने का काम किया, बल्कि सभी के लिए भोजन और रोजगार की व्यवस्था की।

जहां से शिबू सोरेन ने की थी आंदोलन की शुरुआत, वहीं मत्था टेक कल्पना ने शुरू किया राजनीतिक सफर

गिरिडीह। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने गिरिडीह के मधुबन के मांझीथान पहुंचीं। मंत्री बेबी देवी, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू समेत कई नेताओं एवं कार्यकताओं ने कल्पना सोरेन का स्वागत किया। मांझीथान पहुंचने के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का मधुबन मांझीथान के पुजारियों ने संथाली संस्कृति के अनुसार स्वागत किया और सिर पर संथाली संस्कृति की पहचान केंदू पता से बनी टोपी

पहना कर सम्मानित किया। मौके पर कल्पना सोरेन ने मांझीथान में मत्था टेक कर सक्रिय राजनीति के लिए आशीर्वाद लिया। मोर्चा अध्यक्ष शिबू सोरेन ने पीरटांड़ के इसी कुड़को से महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की थी। उसी धरती से कल्पना सोरेन अपने सक्रिय राजनीति जीवन की शुरुआत कर रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

हंसडीहा सड़क हादसे में तीन की मौत

दुमका। हंसडीहा भागलपुर स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के बनियारा गांव के समीप सोमवार करीब 11 बजे अनियंत्रित ट्रक ने चार युवकों को कुचलते हुए खेत में चली गई। घटना में दो युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।जबकि एक की मौत की पुष्टि स्वास्थ केंद्र में चिकित्सकों ने की है। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र मोजाहिद अंसारी, गुलाम अंसारी (गुल्ली) और प्रभु मंडल के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र निवासी रमेश मंडल के रूप में हुई है।

रांची में दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत

रांची। रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू में दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों दीवार के पास ही खेल रहे थे, तभी ये हादसा हुआ। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि निमार्णाधीन भवन की दीवार अचानक से गिर गई। दीवार बारिश से भीगकर कमजोर हो गई थी। दीवार में दब कर दो बच्चों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल है। मृतक बच्चों में सुमन (5) और चाहत कुमारी हैं। सुमन गुमला का रहने वाला है। >> पेज 3 भी देखें

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गिरिडीह जिला वासियों को कई महत्वपूर्ण योजनाओं की दी सौगात, कहा

बुनियादी व्यवस्थाओं को कर रहे हैं मजबूत

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गिरिडीह की इस धरती पर कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रही है। रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत को पूरा करते हुए बुनियादी व्यवस्थाओं को भी मजबूत बनाने का कार्य राज्य सरकार निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के लोगों की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी कार्य प्रतिबद्धता के साथ किए गए हैं। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई है। हमारी सरकार ने राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और अपग्रेड करने का काम किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज नगर भवन, गिरिडीह में आयोजित विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुए

मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुए हैं। पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने वाले सभी पात्र लोगों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ने का कार्य किया है। पहले यहां के वृद्धजन पेंशन योजना से जुड़ने को लेकर बेवजह परेशान होते थे, उन्हें प्रखंड कार्यालय में दौड़ना पड़ता था। हमारी सरकार ने पूरे झारखंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार, अभियान चलाकर लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहली बार ऐसा हुआ है कि जिला मुख्यालय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी योजनाओं की गठरी लेकर एक-एक गांव और एक-एक घर पहुंचने का काम कर रहे हैं। यह कार्य पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में संभव हुआ। राज्य सरकार के पदाधिकारी गांव-गांव तथा घर-घर पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझा तथा समस्याओं का निष्पादन त्वरित गति से करने का कार्य किया गया है। हमारी सरकार ने जन भावनाओं के अनुरूप योजनाओं को बनाने का कार्य किया है। सभी योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। वर्तमान समय में राज्य के भीतर सभी पात्र विधवा, दिव्यांग, वृद्ध को पेंशन से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अब राज्य के सभी वर्ग की महिलाओं को 50 वर्ष के उम्र से ही पेंशन योजना का लाभ देगी। वहीं एसटी-एससी समुदाय के पुरुषों को भी अब 50 वर्ष के उम्र से ही पेंशन योजना से आच्छादित किया जाएगा।

बुनियादी व्यवस्थाओं को कर रहे हैं मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व को ही आगे बढ़ाते हुए राज्य की बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर लगी है। हमारी सरकार अबुआ आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण योजना को धरातल पर उतरने का कार्य प्रारंभ कर चुकी है। अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के 20 लाख पात्र परिवारों को पक्का मकान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने यहां के आदिवासी और मूलवासी के जरूरतों को नजरअंदाज करने का काम किया है। हमारी सरकार यहां के लोगों के जरूरतों के मद्देनजर योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। पिछले 4 वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में जनकल्याण के बहुत सारे कार्य हुए हैं। पिछले दो वर्षों में जरूरतमंद सभी परिवारों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए गए हैं।

पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचा रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि हाल के दिनों में धनबाद जिला अंतर्गत सिंदरी यूरिया कारखाना का उद्घाटन हुआ है। मेरा मानना है कि इस कारखाने से उत्पादित यूरिया का लाभ झारखंड के किसानों को तभी मिल सकेगा जब उनके खेतों पर पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाई जाए। हमारी सरकार पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सोच के अनुरूप यहां के किसान भाइयों के खेतों पर साल के 12 महीने पाइपलाइन के जरिए सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है।

तेलंगाना की रैली में पीएम मोदी ने लालू यादव को दिया जवाब, कहा

'140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं'

हैदराबाद : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना दौरे पर हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।' लालू प्रसाद यादव ने रविवार को पटना में एक रैली के दौरान पीएम मोदी पर परिवारवाद के मुद्दे पर निशाना साधा था और उनके हिंदू होने पर भी सवाल उठाए थे।

ऐलान ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती व द्वारिका पीठ शंकराचार्य ने कहा

10 को भारत बंद व 14 को संसद मार्च

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजिम कल्प कुंभ में शामिल होने पहुंचे ज्योतिष-पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और द्वारिका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने कहा कि, जिस देश में गीता, गौ और गंगा को माता का स्थान दिया गया है, वहां गौ हत्या रोकने का प्रयास नहीं हो रहा है। शंकराचार्यों ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर 10 मार्च को भारत बंद बुलाया है।

गाय, गीता, गंगा और धर्मांतरण पर मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य ने आगामी रणनीति भी बताये। उन्होंने कहा 14 मार्च को पैदल संसद मार्च करेंगे। गौ हमारी माता है, लेकिन उनके प्रति अमानवीय व्यवहार बंद नहीं हो रहा है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि, 75 वर्षों में दिल्ली में अनेक दलों की सरकार आई,

गाय को बनाएं राष्ट्रमाता

लेकिन गौ हत्या को रोकने के लिए कोई सख्त नियम नहीं बना पाई है। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले, इसलिए 10 मिनट के लिए भारत बंद रहेगा। शंकराचार्य ने कहा कि, यदि कोई सरकार गौ हत्या नहीं रोक पा रही है, फिर भी हम उसे वोट दे रहे हैं तो यह हमारे द्वारा किया जा रहा पाप है। उन्होंने सनातनी लोगों से गौ-हत्या रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में कौन सी पार्टी सत्ता में आएगी, यह अभी से नहीं कहा जा सकता।

ऐसे और इस स्थान से करेंगे प्रारंभ

उन्होंने बताया कि 14 मार्च को गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा करके दिल्ली के संसद भवन रवाना होंगे। हम संसद भवन के उसे कोने तक जाएंगे जहां सन 1966 में गौ भक्तों के ऊपर गोलीबारी की गई थी। उन्होंने कहा कि, इस यात्रा में हम उन सभी राजनीतिक पार्टियों को आमंत्रित करते हैं, जो गौ माता के शपथ पत्र को स्वीकार करते हैं।

दांत के डॉक्टर और उनकी दो बेटियों के शव घर से बरामद

हजारीबाग। हजारीबाग के विष्णुपुरी में एक डॉक्टर और उनकी दो बेटियों का शव उनके घर से बरामद किया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। जानकारी के अनुसार मृतक डॉक्टर का नाम डॉ राजकुमार साव (40) और उनकी दो बेटियों का नाम अनवी कुमारी (08) और अध्या कुमारी (05) है। तीनों का शव उनके विष्णुपुरी स्थित आवास से बरामद हुआ। मृतक डॉक्टर का हाथ कटा हुआ और खून से सना हुआ था। डॉक्टर सहित बच्चों का मौत रहस्यमय है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक डॉक्टर राजकुमार मूलतः जिले के कटकमसांडी चट्टी के रहने वाले थे। वे डेंटल डॉक्टर थे

और शहर के झील टॉवर में बैठते थे। इधर, इस घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग विधायक सह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और मृतक परिवार के सहयोग में जुटे रहें। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रंजन चौधरी ने इस घटना को संदेहास्पद बताते हुए हजारीबाग प्रशासन और पुलिस से इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने डेयरी प्लांट, योगीटांड़ का शिलान्यास किया

जन भावना एवं अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बना रही हमारी सरकार : चंपाई

नवप्रदेश संवाददाता

रांची/गिरिडीह। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि गिरिडीह जिला वासियों के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। आज गिरिडीह जिला अंतर्गत योगीटांड़ में 50 हजार लीटर दूध प्रति दिन क्षमता वाले डेयरी प्लांट का शिलान्यास हो रहा है। यह डेयरी प्लांट दो से ढाई वर्ष के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। गिरिडीह जिला के लिए आज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को गिरिडीह जिला स्थित योगीटांड़ में आयोजित ₹डेयरी प्लांट₹ के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह जिला के योगीटांड़ में कृषि विभाग द्वारा डेयरी प्लांट लगाया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच के अनुरूप आज हमारी सरकार योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार को जनादेश मिला था। हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। सरकार बनने के साथ ही देश और दुनिया में कोरोना संक्रमण का साया रहा। पूरे देश में संपूर्ण लॉकडाउन हुआ। सभी गतिविधियां बंद हुई। सरकार ने दो वर्ष तक कोरोना के कहर को झेला तथा बेहतर मैनेजमेंट करते हुए राज्यवासियों को कोरोना संक्रमण से बचाने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पशुधन योजना से जोड़ने का कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों में पशुधन रखने की परंपरा रही है। ग्रामीण लोगों के शहरीकरण होने के बावजूद भी यह परंपरा निरंतर चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड बना 24 साल पूरा होने को हैं फिर भी झारखंड के लोग अपेक्षा अनुरूप प्रगति नहीं कर सके। पूर्व की सरकारों ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर,गरीब की जरूरत को समझने का प्रयास नहीं किया। झारखंड निरंतर पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल रहा परंतु हमारी सरकार की सोच और कुशल नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए यहां की जन भावना एवं जन अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात सहित सभी क्षेत्रों में हो रहा है कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धनबाद, बोकारो तथा गिरिडीह जिला कोयला क्षेत्र में गिने जाते हैं, परंतु यहां के संसाधनों का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया है। यहां के लोगों को लाभ मिले, इस उद्देश्य से हमारी सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों तक के सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है।राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अनेकों महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहे हैं।

हर हाल में किसानों के खेतों तक पाइपलाइन से पहुंचाएंगे पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों राज्य के धनबाद जिला अंतर्गत सिंदरी में यूरिया कारखाना का उद्घाटन हुआ है। इस कारखाने में उत्पादन हो रहे यूरिया का लाभ झारखंड के किसान तभी ले पाएंगे जब उनके खेतों तक साल के 12 महीने पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हम यहां के किसान बंधुओ के खेतों तक हर हाल में पानी पहुंचाएं । साल में तीन बार किसान फसल का उत्पादन कर सके यह हमारा लक्ष्य है। हमारी सरकार यहां के किसानों की ऋण माफी तथा उन्हें सुखाड़ राहत का लाभ देने का कार्य भी कर किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए कृत संकल्पित है।

इस अवसर पर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक श्री जयप्रकाश वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

राज्य के 12 निकायों के पांच लाख लोगों को मिलेगा स्वच्छ पानी : अमित कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य शहरी विकास प्राधिकार के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि राज्य के सभी शहरी परिवार को निशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है। साथ ही सभी शहरी आवासों में प्रथम 5000 लीटर पानी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, ऐसा नियमावली में प्रावधान किया गया है।

अमित कुमार सोमवार को जुडको के सभागार में आयोजित बीडर कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के 12 शहरी निकायों के लगभग एक लाख आवास यानी पांच लाख लोगों को पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कुमार ने कहा कि बीडर कांफ्रेंस के आयोजन से दोनों पक्षों की बात सामने आती है। इससे कंपनियों की भागीदारी भी बढ़ती है। राज्य सरकार के सभी नगर निकायों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर विकास विभाग कार्य कर रहा है। यही नहीं पेयजल की उपलब्धता के लिए जल संसाधनों को भी विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एशिया विकास बैंक, विश्व बैंक और केंद्र की अमृत योजना की सहायता से शहरी निकायों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है। ऐसे बीडर कांफ्रेंस के आयोजन से देश की नामी गिरामी कंपनियों को उच्च तकनीकी के आधार पर काम करने का अवसर मिलता है।

जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपालजी ने कहा कि इस कांफ्रेंस में जो भी सवाल किये जा रहे हैं और शंकाएं उठाई गईं उनका समाधान हर हालत में किया जायेगा। उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र ने अमृत योजना और एशिया विकास बैंक की सहायता से चलने वाली तीन निकायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शिबू सोरेन परिवार की सच्चाई फिर एकबार उजागर हुई है : मरांडी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वोट के बदले रिश्वत मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस केस में शिकायतकर्ता में वे भी शामिल रहे हैं और आज के फैसले से शिबू सोरेन परिवार की सच्चाई फिर एकबार उजागर हुई है। बाबूलाल मरांडी सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए शिबू सोरेन परिवार पर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि यह फैसला कई मिथक को तोड़ने वाला है। चाहे सदन हो या कहीं और यदि मामला आपराधिक है तो आपराधिक ही माना जायेगा। कोई पैसा लेकर सवाल पूछे या वोट दे सभी अपराध हैं।

उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार ने इस मामले में इतिहास रचा है। एमएलए, एमपी बनकर शिबू सोरेन परिवार ने पैसा लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का राजनीतिक उद्देश्य है केवल पैसा कमाना और लूटना। इनकी राजनीति जनता के लिए नहीं बल्कि परिवार के स्वार्थ की पूर्ति के लिए है। उन्होंने कहा कि यह परिवार पहले पैसा, जमीन, खान खनिज लूटता है और फिर पकड़े जाने पर उसे वापस करने का नाटक करता है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने पहले मुख्यमंत्री रहते अपने नाम खदान आवंटित किया फिर उसे रद्द कर दिया। 8.5 एकड़ जमीन मामले में भी बातें जब उजागर हुईं तो आनन-फानन में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए जमीन की मूल रैयत को वापस करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ लोग चिल्ला कर कह रहे यह जमीन हेमंत सोरेन की है और मनी लॉन्ड्रिंग तो यही होता है जिसमें बेनामी संपत्ति अर्जित की जाती है। उन्होंने कहा कि चोरी जब पकड़ी जायेगी तभी सजा मिलती है। समय बीत जाने से अपराध कम नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार पहली दफा नहीं बल्कि कई बार राज्यसभा चुनाव में पैसे की वसूली का रिकॉर्ड बना चुका है।

एक नजर

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज गोड्डा जायेंगे

रांची। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मंगलवार को जिला के महगामा अनुमंडल मुख्यालय जायेंगे। महगामा के महुवारा में ईसीएल द्वारा बनाए जाने वाले 300 बेड के अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीसी जीशान कमर, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, राजमहल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक एएन नायक, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महगामा चंद्रशेखर आजाद के अलावा ईसीएल के पदाधिकारियों के द्वारा अस्पताल निर्माण स्थल कृषि केंद्र महुआरा का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त ने सभा स्थल और हेलीपैड के लिए राजेंद्र स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।

एचईसी के महाप्रबंधक दीपक दुबे ने दिया इस्तीफा

रांची। हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के महाप्रबंधक दीपक दुबे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जाता है कि प्रबंधन ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। हालांकि इस्तीफे के पीछे का कारण पता नहीं चल सका है।

समन की अवहेलना मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने लिया संज्ञान

रांची। रांची सीजेएम कोर्ट ने समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की शिकायतवाद पर संज्ञान ले लिया है। अब हेमंत सोरेन के खिलाफ इस मामले में मुकदमा चलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के समन की अवहेलना मामले में सीजेएम कोर्ट ने सोमवार को आईपीसी की धारा 174 के तहत संज्ञान लिया है। मामले में कोर्ट ने समन जारी करने का भी निर्देश दिया है। समन जारी होने के बाद अगली तिथि में हेमंत सोरेन को कोर्ट के समक्ष हाजिर होना होगा। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है। शिकायतवाद में ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामले में 10 बार समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है।

आदित्य रंजन राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के पद पर नियुक्त

रांची। झारखंड के पशुपालन निदेशक के पद पर पदस्थापित आदित्य रंजन को स्थानांतरित करते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ आदित्य रंजन अगले आदेश तक निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकार झारखंड तथा निदेशक झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची के पद पर अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया गया है। पूर्व निदेशक किरण कुमारी पासी को पशुपालन निदेशक रांची के पद पर नियुक्त किया गया है।

झारखंड हाई कोर्ट में सांसद निशिकांत दुबे की पीआईएल पर हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में देवघर स्थित एम्स अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हुई। अदालत ने उन्हें एफिडेविट के माध्यम से यह बताने का निर्देश दिया कि एम्स में बिजली, पानी और अग्निशामक वाहन की निर्बाध व्यवस्था के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। इस मामले में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा। एम्स की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालुका ने बहस की।

हाई कोर्ट से नक्सली भीखन गंझू को मिली बेल

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में भीखन गंझू की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। यह मामला हत्या, आर्म्स एक्ट और 17 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट (सीएलए) से जुड़ा हुआ है। रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था।इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। भीखन उग्रवादी समूह टीपीसी का कमांडर है। पिपरवार के अशोका, टंडवा के मगध-आम्रपाली परियोजना में टेरर फंडिंग के केस में भी भीखन गंझू आरोपित है, जिस मामले में अदालत ने भीखन को बेल दी है।

झारखंड हाई कोर्ट से ईडी अधिकारियों को बड़ी राहत

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई की। मामले में न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी। साथ ही मामले में हेमंत सोरेन को नोटिस जारी किया है। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरभ कुमार ने पैरवी की।

यह एफआईआर झारखंड पुलिस द्वारा एससी/एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी/एसटी पुलिस थाना में दर्ज की गई है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी द्वारा की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। ईडी की ओर से इस केस को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के

झारखंड हाई कोर्ट ने विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में लिया स्वतः संज्ञान

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने दुमका में विदेशी महिला टूरिस्ट से गैंगरेप मामले को गंभीरता से लिया है। दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिनों स्पेनिश बोलने वाली (ब्राजील निवासी) महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले को संज्ञान में लाया गया। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी एवं एसपी दुमका से रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई सात मार्च को होगी। इस मामले में पुलिस ने अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। महिला अपने पति के साथ दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित कुरुमाहाट पहुंची थी। दंपति पाकिस्तान से बांग्लादेश फिर बंगाल के रास्ते नेपाल जाने के क्रम में दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगाकर रुके थे। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया।

वैज्ञानिकों को अपने अनुसंधान व शोध को किसानों के बीच पहुंचाना चाहिए : राज्यपाल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित ह्यएग्रोटेक किसान मेला-2024' कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम राज्यपाल ने कहा कि वैज्ञानिकों को अपने अनुसंधान व शोध को किसानों के बीच पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा कृषि से गहरा संबंध रहा है। मैंने भी खेती की है और मेरे दादा जी एवं पिताजी भी खेती किए हैं, मेरा पूरा परिवार कृषि से जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि वे किसानों की समस्याओं व चुनौतियों को समझते हैं।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड राज्य सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि उन्हें स्मरण है कि विगत दिनों एक ह्लआम महोत्सवह्व में भाग लिया था, जिसमें एक साथ कई प्रजाति के आम थे। इतने प्रजाति के काम इससे पूर्व कभी नहीं देखे थे। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने समाचार पत्र में जापानी आम के बारे में पढ़ा, एक आम की कीमत 30 हजार बताई जाती है। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को ऐसे प्रजाति के आम विकसित करने चाहिए। यदि एक आम की कीमत 300 भी हो तो किसानों की आय तिगुनी तक हो जाएगी।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय बढ़ाने और उनके कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' और 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' देशभर के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। जब किसान विकसित होंगे तो देश उन्नत होगा। राज्यपाल ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग

पत्रांक– 303 हजारीबाग/दिनांक– 02/03/2024

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 273 दिनांक 28.02.2024 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/ HAZARIBAG /F2-32/2023-24 पी०आर०नं०–320601 Minor Irrigation (23-24)D द्वारा प्रकाशित निविदा में क्रमांक 03 पर अंकित ... का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड–... जिला–हजारीबाग को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

PR 321439 Minor Irrigation(23-24).D

हाई कोर्ट में विधायक सरयू राय की ओर से दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

रांची। सारंडा के जंगलों में हो रही अवैध माइनिंग को बंद करवाने और पर्यावरण को बचाने के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की ओर से दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सारंडा के जंगलों में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गई मगर अत्यधिक लौह-अयस्क को खुले में छोड़ दिया गया है, जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। सरकार इस मामले में टालमटोल कर रही है। पिछले एक साल से सरकार कोर्ट को गुमराह कर रही है।

विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत एलईडी रथों को किया रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के निमित्त विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत एलईडी रथ को रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा की झंडा दिखाकर प्रदेश कार्यालय से रवाना किया।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदेश के 14 लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर एलईडी रथों के माध्यम से जनता को जानकारी देगी कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने क्या-क्या जनकल्याणकारी कार्यक्रम किए देश को दिए है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा के लिए मोदी सरकार समर्पित रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो प्रयास हुए हैं वह ऐतिहासिक हैं। रथों के माध्यम से विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए प्रदेश भर से सुझाव भी लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में आमजन और विभिन्न प्रकार के संगठनों और संस्थाओं से सुझाव लेकर लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र तैयार हो रहा है। इसकी शुरूआत आज प्रदेश भाजपा मुख्यालय से एलईडी वाहनों को रवाना कर की जा रही है। 9090902024 नम्बर पर मिस कॉल करके, नमो एप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन और कार्यकर्ता अपने सुझाव दे सकते है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश मुख्यालय के बाद जिला मुख्यालयों पर एलईडी रथ यात्रा की शुरूआत की जायेगी। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एलईडी रथ गांव-गांव, शहर-शहर जाएंगे। पार्टी के अभियानों से लेकर बैठकों और जनसभाओं में सुझाव पेटिका रखी जाएगी। सभी वर्गों से सुझाव लिए जाएंगे। भाजपा के सभी कार्यकर्ता जिलों में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने के उद्देश्य से एलईडी रथों को रवाना किया जा रहा है।

कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

... 02.2024 ... RAS/Biofloc Tank/Biofloc Pond ... GIFT ... 11.03.2024 ...

1. ... GIFT ...
2. ... 1.80/– ...
4. ... GIFT ...
5. ...
6. ... (2020–21 से 2022–23) ...
7. ...
8. ... 20000/– ...
9. ... GST ...
10. ... GST Return ...

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

PR 321365 (Fish)23-24*D

निर्माणाधीन गोदाम की दीवार गिरने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: डोरंडा थाना अंतर्गत हिनू में निर्माणाधीन गोदाम की दीवार अचानक गिर जाने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह की है। मृतकों में एक बच्ची और एक बच्चा शामिल है। जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार होने वाले दोनों बच्चे निर्माण कार्य करनेवाले मजदूर के ही थे। दोनों बच्चे दीवार के पास ही खेल रहे थे। इसी दौरान दीवार उन पर गिर गई। वहीं, कुछ मजदूर भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक बच्चों में हर्षित (4 साल) और चाहत (4 साल) हैं। दोनों बच्चों के परिजनों ने बताया कि वह बिरसा चौक के पास रहते हैं और ठेकेदार के लिए काम करते हैं। सुबह नौ बजे जैसे ही काम शुरू हुआ, दीवार गिर गयी। उनके बच्चों और अन्य मजदूर उस दीवार के नीचे दब गए। आनन-फानन में बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि भवन का निर्माण हो रहा था। बच्चों की मां भी उसी में मजदूरी का काम कर रही थी। ये भी बताया जा रहा है कि बारिश के कारण दीवार पूरी तरह से भींग कर कमजोर हो गई थी। जिसके कारण ये हादसा हुआ।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गोदाम का निर्माण कार्य कराया जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा हुआ। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था, जिसे इलाके में घंटो यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। कंस्ट्रक्शन साइट की दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जुट आये। बच्चों का मासूम चेहरा देखकर कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं था, जिसके आंख से आंसू नहीं आये। पूरा माहौल गमगीन था। आक्रोशित लोगों ने सड़क को घंटो जाम कर दिया। दोनों बच्चे के मां की हालत और दयनीय थी। आंसू रूक ही नहीं रहे थे। लोगों के लोगों सांत्वना देने के बावजूद वे मानने को तैयार नहीं थे। बच्चे इसी मोहल्ले के रहने वाले थे। उनके घरों में कोहराम मचा था। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी राजकुमार मेहता, हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा, कोतवाली डीएसपी, प्रकाश सोय ,डोरंडा थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटे थे। सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने कहा घटना दुःखद है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी होंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को मुआवजा दिलवाने की बात कही है। सीटी एसपी सहित कोतवाली डीएसपी घटनास्थल पर मौजूद थे और मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे थे।

राज्य भर में चला मतदाता सूची में नाम जांचने का अभियान

नव प्रदेश संवाददाता



रांची: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, के रवि कुमार ने 'आई एम वेरिफाइड वोटर' अभियान का शुभारंभ राजधानी के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए जागरूक करना है। इसके तहत सभी जिलों के बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वे वोटर हेल्पलाईन ऐप, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखण्ड की वेबसाईट एवं भारत निर्वाचन आयोग के वोटर पोर्टल पर जाकर भी अपना नाम देखकर सत्यापित कर सकते हैं।

रांची में अभियान के शुभारंभ के अवसर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान करना हम सब का अधिकार और कर्तव्य है। मतदाता वोटर आईडी की अनुपलब्धता में 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी वोट कर सकते है। किंतु जो सबसे जरूरी अनिवार्यता है वह है मतदाता सूची में नाम होना। अगर वोटर लिस्ट में किसी का नाम नही है तो वह मत देने के अधिकार से वंचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है, लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक कर लें, अगर किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति है तो उसे दूर करवा लें ताकि मतदान के दिन कोई दिक्कत नहीं हो।

सभी जिलों में चलाया गया सोशल मीडिया अभियान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश के आलोक में राज्य के सभी जिलों में सोशल मीडिया अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची में देखकर सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की सूचना पोस्ट की कि उन्होंने अपने नाम का सत्यापन कर लिया है। रांची में मुख्य कार्यक्रम के अलावा जिलों में भी इस अभियान की देखरेख के लिए यहां से अधिकारियों को भेजा गया था। कोल्हान क्षेत्र में निरीक्षण हेतु संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी , सुबोध कुमार, पलामू क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय, संजय कुमार, खूंटी के लिए ओएसडी, गीता चौबे, कोडरमा के लिए अवर निर्वाचन पदाधिकारी, सुनील कुमार सिंह, संथाल क्षेत्र के लिए एस एन जमील को जिम्मेदारी दी गयी थी। रांची के कार्यक्रम में प्रशासक रांची नगर निगम अमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अवर सचिव देव दास दत्ता, उपसमाहर्ता भूमि सुधार मुकेश कुमार,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन सहित रांची जिला के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करें : उपायुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: 06 मार्च को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव, रांची में मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन (50-60 वर्ष) के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा सोमवार को उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा लिया गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल में चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुये संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच, वीआईपी लाउंज, लाभुकों के आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग, ब्रांडिंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव बारात संबंधी विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षात्मक बैठक

शिव बारात निकालने के दौरान जुलूस की चौड़ाई कम करने के निर्देश ताकि आम लोगों को ना हो कोई परेशानी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव बारात संबंधी विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर प्रशासक नगर निगम रांची, कमल कांत गुप्ता, अंचल अधिकारी (शहर) रांची, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची, सचिव, पहाड़ी मंदिर विकास समिति रांची, राकेश सिन्हा, सभी शिव बारात समिति के सदस्यगण एवं गणमान्य सामाजिक कार्यकर्त्ता, जय सिंह यादव, ललित ओझा एवं सम्बंधित शिव बारात से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा शिव बारात निकालने के दौरान जुलूस की चौड़ाई कम करने के निर्देश दिए ताकि इस दौरान आम लोगों को कोई परेशानी ना हो जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या नही होगी। इस दौरान आवागमन सुचारू रूप से चलता रहेगा। वहीं बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा कहा गया कि विधी-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार रहेगा ताकि कोई भी अप्रिय घटना नही घटे। जिला प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार ने शिव बारात समिति से आग्रह करते हुए कहा की आपसी प्रेम और सौहार्द से शिव बारात निकाले ताकि इस दौरान किसी भी समुदाय को कोई परेशानी ना हो। शिव बारात धूम-धाम से निकलें इसमें सबकी सहभागिता आवश्यक है। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा शिव बारात के दौरान शहर की साफ-सफाई जहाँ से शिव बारात निकलेगी वहां विशेष रूप से करने का निर्देश नगर निगम के पदाधिकारी को दिया गया एवं महिला पुरुष पुलिस कर्मी की भी इस दौरान तैनाती रहेगी ताकि कोई घटना नही घटे। इस दौरान डॉक्टर की टीम, एम्बुलेंस, मोबाइल शौचालय, पेयजल की व्यवस्था और अन्य और जरुरी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।

राष्ट्रीय एमडीए कार्यक्रम-2024 की सफलता हेतु जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक आयोजित

फाइलेरिया रोधी दवा खाऐंगे रांची जिला को फाइलेरिया मुक्त बनायेंगे

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में राष्ट्रीय एमडीए(फाईलेरिया) कार्यक्रम-2024 की सफलता हेतु जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ प्रभात कुमार , जिला भी. वी. डी. पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी रांची, प्रखंड समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पी.सी. आई. पिरामल फाउंडेशन, एफ. एल. ए. एवं जिला भी. वी. डी. सलाहकार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त रांची, द्वारा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की भूमिका एवं अब तक की उपलब्धि की समीक्षा कि गई। जिसमें सम्बंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की 75 प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन कराया गया है। उपायुक्त रांची द्वारा सम्बंधित सभी अधिकारी को शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम की विस्तार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । जिसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को निर्देश दिया गया कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह से छूटे हुए सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा का सेवन कराया जाना है। सम्बंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की 1685994 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा चुकी है।

उपयुक्त रांची द्वारा नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा गया कि शहरी क्षेत्र में आवंटित सभी अपार्टमेंट की सूची स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराया जाए, जिससे कि कार्यक्रम के दौरान दवा का सेवन कराया जा सके।

लोकसभा आम चुनाव, 2024 शहरी क्षेत्र में व्यापक मतदाता जागरूकता एवं चुनावी तैयारियों के संबंध में बैठक

रांची नगर निगम के सम्बंधित सभी अधिकारियों को अपने स्तर पर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची,राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में लोकसभा आम चुनाव, 2024 शहरी क्षेत्र में व्यापक मतदाता जागरूकता एवं चुनावी तैयारीयों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 62, खिजरी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता (नक्सल) रांची, सुदर्शन मुर्मू, 64, हटिया,निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, 65, कांके, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप- समाहर्ता, मुकेश कुमार, अपर नगर आयुक्त रांची, उप नगर आयुक्त रांची, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री बिवेक कुमार सुमन, सभी सिटी मैनेजर एवं सम्बंधित सभी अधिकारी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा यूएलबी के लिए कार्रवाई के बिंदु पर चर्चा करते हुए कई निर्देश दिए गए हैं। जिसमें पर्यवेक्षण के तहत प्रत्येक वार्ड में सिटी मैनेजर, सिटीमिशन मैनेजर, वार्ड पर्यवेक्षकों, सफाई मित्रों, यूएलबी के अन्य फील्ड स्टाफ, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के बीच साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित कराना, जीईएलएस 2024. के मतदान दिवस तक यूएलबी के प्रशासक की नियुक्ति, सिटी मैनेजर, सिटी मिशन मैनेजर, वार्ड पर्यवेक्षक, सफाई मित्र, यूएलबी के अन्य फील्ड कर्मचारी मतदाता सूचना पर्ची के वितरण और मतदाताओं की पहचान करके एएसडी सूची तैयार करने में बीएलओ की सहायता करना,सिटी मैनेजर, सिटी मिशन मैनेजर और वार्ड पर्यवेक्षक निवासी कल्याण संघों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक करने, स्वीप और मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों के लिए नगरपालिका होर्डिंग्स और विज्ञापन स्थानों का उपयोग करने ,मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने के उनके कर्तव्य के बारे में शिक्षित करने के लिए यूएलबी के माध्यम से जागरूक करने ,सभी बूथों पर एएमएफ/ईएमएफ सुनिश्चित करना और शहरों में फेस्टिवल मोड बनाने के लिए मीडिया कवरेज के साथ कम से कम 6 दिन से पहले सफाई और स्वच्छता गतिविधियों पर नजर रखने सभी बूथों के पास निःशुल्क वाहन पार्किंग क्षेत्र विकसित करना और मतदान केंद्रों के पास ऐसे पार्किंग क्षेत्र के अस्तित्व के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करना। भुगतान सुनिश्चित करने के लिए बड़ी कंपनियों, संगठनों, मॉल आदि की पहचान करने ,स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेसडरों को स्वीप गतिविधियों में शामिल करने,वैकल्पिक पहचान प्रमाणों के बारे में मतदाताओं के बीच जागरूक करने ,यूएलबी के उपयोगिता बिलों पर स्वीप संदेश देने , एनयूएलएम के तहत यूएलबी द्वारा प्रचारित एसएचजी के माध्यम से महिला मतदाताओं को एकजुट सुनिश्चित कराने ,मतदाता पहचान पत्र के अलावा मतदान के लिए 12 अन्य वैकल्पिक पहचान प्रमाण दस्तावेजों के संबंध में शहरी मतदाताओं के बीच जागरूकता चलाने ,निजी लेबल, दुकानों के बिलों के माध्यम से स्वीप संदेशों का प्रचार-प्रसार करने , मतदान के दिन मतदान केंद्र के निषिद्ध क्षेत्रों, विशेषकर पार्किंग क्षेत्रों के बाहर आइसक्रीम स्टॉल, पानीपुरी स्टॉल आदि स्थानीय विक्रेताओं को प्रोत्साहित करने ,मतदान के दिन सभी बूथों पर स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए सुविधाएं प्रदान करने ,चैंबर ऑफ कॉमर्स, आईएमए, बार एसोसिएशन, रोटरी क्लब, स्थानीय क्लब आदि के माध्यम से मतदाताओं में जागरूकता कार्यक्रम चलाने ,शहरी पीटीएम एवं बाल संसद के माध्यम से स्वीप संदेशों का प्रचार-प्रसार करने , शहरी क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की पोशाकों पर स्वीप नारे छपा कर प्रचार करने और एमसीसी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए चुनाव की घोषणा के दिन सभी सरकारी योजना/राजनीतिक दलों से संबंधित होर्डिंग्स/विज्ञापन हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एसडब्ल्यूएम वाहनों के माध्यम से मतदान दिवस के स्वीप संदेश मतदान के दिन थोक एसएमएस कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया एवं मतदान के दिन सोशल मीडिया अभियान, मतदान के दिन बूथों तक पहुंचने के लिए 80+ वरिष्ठ मतदाताओं और पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के लिए परिवहन आवश्यकताओं को सुनिश्चित कराने, मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर 18 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों, एनसीसी और एनएसएस कैडेटों को शामिल कराने, मतदाताओं और मतदान दलों के लिए शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के पास सामान्य दिनों के दौरान सशुल्क सेवाओं सहित मुफ्त पार्किंग क्षेत्र सेवाएं और मुफ्त शौचालय सेवाएं देने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की गेटेड कम्युनिटी को चुनाव में अपना मतदान आवश्यक रूप से करने के लिए अपने ओर आकर्षित करते हुए बड़े-बड़े सोसाइटी में चुनाव एक्टिविटी कराए। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक हो कर मतदान करें एवं रांची नगर निगम के कर्मी भी गली-गली मोहल्ले आदि में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। उपायुक्त रांची, द्वारा विशेष रूप से कहा गया की आपकी पहुंच शहर के हर जगह में है आप सभी की सहभागिता निभाते हुए सभी मतदाताओं को चुनाव के दिन बूथों में पहुंच कर अपना मतदान करने के लिए प्रेरित करें। अभी से इस महान लोकतंत्र के पर्व के बारें में लोगों को बताए ताकि कोई मतदाता मतदान से छूटे नही।

एक नजर

कृषक पाठशाला बुण्डू के कार्यकलापों की जाँच हेतु त्रिसदस्यीय जाँच कमिटि गठित करने का निर्देश

रांची: उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह-कृषक पाठशाला के जिला स्तरीय अनुश्रवण कमिटि (डीएलसी) को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी रांची, श्री रामशंकर सिंह एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त रांची,राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रिंस इलेक्ट्रॉनिक्स टीवी एंड कंप्यूटर इंस्टिच्यूट , रांची, भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची, व सुशीला फाउंडेशन फॉर एग्लिकल्चर एंड रूलर डेवलपमेंट,रांची द्वारा क्रमशः बेड़ो कृषि फार्म, तमाड़ एवं लापुंग के लिए डीपीआर तैयार किया गया। इसके साथ ही उपायुक्त रांची, द्वारा कृषक पाठशाला बुण्डू के कार्यकलापों की जाँच हेतु त्रिसदस्यीय जाँच कमिटि गठित करने का निर्देश दिया गया, ताकि योजना का क्रियान्वयन सूचारू एवं पारदर्शी रूप से किया जा सके।

नारी का सम्मान होने से समाज की सभी महिलाओं को बल मिलता है : कुमुद झा

रांची: दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आर्यभट्ट सभागार में दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन नारी सम्मान समारोह आयोजित हुआ । जिनमे मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ,विशिष्ट अतिथि चामी मुर्मू पद्मश्री, सांसद महुआ माझी, विशिष्ट अतिथि डॉ आशा लकड़ा निदेशक महानदी कोल्डफिल्डस लमिटेड ,अतिथि चंचला ठाकुर, ब्रजेश कुमार, परितोष झा, मिथलेश मिश्रा, अजय झा इत्यादि थे। इस कार्यक्रम में सभी जगहो की कुल 65 उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मनित होने वाली लवली चौबे कॉमनवेल्थ प्लेयर ,अपेक्षा , वसुधा झा, नीता नारायण, नीपा दास ,आशा तिर्की , अलीशा गौतम ,मीनाक्षी मुंडा, कंचनलता, जन्नत, कनिका, दिया इत्यादि को सम्मानित किया गया। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह आयोजित करती है, जिसमे विभिन्न क्षेत्रों की सम्मानित ,उत्कृष्ट पर्दशन करने वाली महिला,एफएसडब्लू और तृतीय लिंग को सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में स्पेशल कार्य करने वाले को सम्मानित करती है । यह संस्था समाज के सभी वर्गों के लिए काम करती हैं।इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र, राँची यूनिवर्सिटी की सहभागिता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। संस्था की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया महिलाओं को सम्मानित कर हमें गौरवान्वित महसुस होता है और समाज को प्रेरणा मिलती है। सांसद संजय सेठ ने कहा महिलाएं ही समाज गढ़ती है। डॉ आशा लकड़ा ने कहा यंत्र नारी पूज्यंते वही देवता का वास होता है।

श्री शिव हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निकली कलश शोभायात्रा

रांची: नव युवक संघ , शांतिनगर के तत्वावधान मे न्यू शांति नगर नगर,महुआ टोली (सुखदेवनगर थाना के पीछे) श्री शिव हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रथम दिन सोमवार को धूमधाम से कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या मे महिला व पुरुष शामिल हुए। कलश यात्रा बाजे गाजे,नाच गान के साथ मधुकम तालाब,चुना भट्ठा, खादगड़ा,पहाड़ी मंदिर,राणीसती मंदिर,रातु रोड,खडगड़ा भ्रमण करते हुए वापस श्री शिव हनुमान मंदिर पहुंचा जहां पुजारी प्रवीण पंडित, विनोद मिश्रा, मनोज मिश्रा एवं चितरंजन पाठक द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करायी गई। पूजन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस शोभा यात्रा मे विशिष्ठ अतिथि के रूप मे भाजपा नेता सह समाजसेवी अनिल कुमार गुप्ता, राहुल चौधरी, संजय जायसवाल, शिव किशोर शर्मा,पूर्व वार्ड पार्षद आशा देवी, विजय कुमार गुप्ता सहित अन्य शामिल थे। शोभायात्रा को सफल बनाने में मुख्यरूप से मुख्य संरक्षक रामदेव सिंह,संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता, बसंत कुमार चंद्रवंशी, अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष पदुम साव,सचिव अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष छत्रधारी साव, उप कोषाध्यक्ष रंजीत साव, बजरंगी शर्मा, विक्की गुप्ता, गोपाल कुमार,कामेश गुप्ता, सूरज साव, नीरज कुमार, कृष्णा घोष, लक्ष्मी साव, मोनू ठाकुर, सागर कुमार, छोटू कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। यह जानकारी समाज सेवी शिव किशोर शर्मा ने दी।

138 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारा का आयोजन

रांची: एम आर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिड्ट) दिल्ली शाखा राँची के सयुंक्त तत्वाधान मे पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे स्थित श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे 138 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के पवन पोद्दार अमन अग्रवाल, सरीता अग्रवाल,अनुभा खेतान धीर खेतान के द्वारा इस अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। इस अन्नपूर्णा भंडारे मे संस्था के द्वारा पुड़ी आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवं केसरीया खीर का वितरण किया,जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओ ने माता अन्नापूर्णा का प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुरणमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी,अमन अग्रवाल, धीर खेतान, विशाल जालान, कैलाश बाबु, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ), अंजनी अग्रवाल, आरव अग्रवाल, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु, प्रेम कुमार, महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, अनुभा खेतान,अमिता जालान, सुनीता अग्रवाल, शकुन्तला केजरीवाल,सुधा सुल्तानिया सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

देवघर के बाबा मंदिर में पारंपरिक और भव्य बारात निकलेगी, तैयारी जोर-शोर से शुरू

देवघर(हि.स.)। महाशिवरात्रि के अवसर पर आठ मार्च को बाबा मंदिर और शिव बारात समिति की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जिला प्रशासन ने भी इस दिन भीड़ की संभावनाओं को देखते हुए तैयारी कर दी है। बाबा मंदिर में चली आ रही परंपरा के अनुसार ही कार्यक्रम किये जायेंगे। शिव बारात समिति की ओर से नगर स्टेडियम से भव्य बारात निकाली जायेगी, वहीं बाबा मंदिर में पारंपरिक बारात निकलेगी।

महाशिवरात्रि की रात्रि की रात बाबा की शृंगार पूजा नहीं होगी। बाबा की चतुष्प्रहर पूजा के बाद जलार्पण शुरू हो जायेगा। जेल से आने वाला मुकुट बासुकिनाथ भेजा जायेगा। महाशिवरात्रि के दिन अहले सुबह तीन बजे पट खुलने के बाद पारंपरिक कांचा जल पूजा और सरदारी पूजा के बाद आम भक्तों के लिए कपाट खोल दिया जायेगा। जलार्पण रात के करीब साढ़े नौ बजे तक लगातार जारी रहेगा। इस दिन बाबा की शृंगार पूजा नहीं होगी। पौने दस बजे के करीब मंदिर के गर्भ को साफ कर पट बंद कर दिया जायेगा। उसके बाद बाबा मंदिर के प्रशासनिक भवन में मशाल जलाकर पारंपरिक बारात निकाली जायेगी। इस बारात में सरदार पंडा श्रीश्री गुलाब नंद ओझा की अगुवाई में चार प्रहर पूजा का सामान लेकर मंदिर के कर्मचारी उपचारक एवं आचार्य गुलाब पंडित निकास द्वार से गर्भगृह में प्रवेश करेंगे।

शिवरात्रि पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

शिवरात्रि पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। बाबा मंदिर सहित रूटलाइन व शिव बारात रूट में चप्पे-चप्पे पर पदाधिकारी सहित पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण कराया जा सके। साथ ही भय मुक्त होकर लोग शाम में शिव बारात का आनंद उठा सकें। इसके लिए मुख्यालय से अतिरिक्त पदाधिकारी सहित पुलिस फोर्स की मांग भी की गयी है। शिवरात्रि के दौरान देशभर के विभिन्न प्रांतों से लोग बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने व शिव बरात में शामिल होने पहुंचते हैं। इस वजह से शहर में भारी भीड़ होती है। ऐसे में शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को सुगम जलार्पण व पूजा- अर्चना कराना पुलिस प्रशासन की एक बड़ी जिम्मेवारी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त पदाधिकारी सहित पुलिस बलों की मांग मुख्यालय से की गयी है।

जानकारी के अनुसार, इसके लिए जैप व आइआरबी की विभिन्न इकाइयों सहित राज्य के दूसरे अन्य जिलों के जिला बल, बीडीडीएस, एटीएस, क्यूआरटी, श्वान दस्ता, महिला लाठी बल के साथ लगभग दो हजार से अधिक पुलिस फोर्स की मांग की गयी है. इनके अलावा जिले के भी पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे। बाबा मंदिर समेत रूट लाइन व शिव बारात रूट में पर्याप्त ऑफिसर व पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

200 पदाधिकारी सहित पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था लगाया जायेगा

शिवरात्रि मेले में शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर हो। इसके लिए करीब 200 पदाधिकारी सहित पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था में लगाये जाने की योजना है। शहर में शिवरात्रि के दिन भारी वाहनों की इंट्री बंद रहेगी। इसके लिए कुछ चिह्नित मार्गों पर रूट डायवर्ट कर दिया जायेगा, ताकि शहर के बाहर से ही गाड़ियां चलती रहे। साथ ही बाहरी गाड़ियों के लिए शहर के बाहर बाघमारा अंतरराज्यीय बस अड्डे में अतिरिक्त पड़ाव बनाया जायेगा। यातायात पुलिस द्वारा शिव बारात रूट का भ्रमण कर योजना तैयार की जा रही है।

हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा- गर्मी में रांची में पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए क्या है प्लान?

रांची(हि.स.)। रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रांची नगर निगम से मौखिक पूछा कि गर्मी में रांची में लोगों को पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए क्या प्लान है? कोर्ट ने कहा कि अवैध डीप बोरिंग पर नियंत्रण किया जाये, ऐसा करते पकड़े जाने वालों पर जुमार्ना भी लगाया जाए। अवैध डीप बोरिंग करने वाले वाहन को भी जब्त करें।

कोर्ट ने पूछा कि गर्मी में बोरवेल सूख जा रहे हैं, इसे दुरुस्त रखने के लिए रांची नगर निगम की क्या प्लानिंग है, अपार्टमेंट एवं भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग पर अबतक क्या कदम उठाए गये? अवैध बोरिंग रोकने के लिए रांची नगर निगम की क्या योजना है? मामले की सुनवाई अगले सोमवार को निर्धारित करते हुए इन बिंदुओं पर रांची नगर निगम से स्पष्ट जवाब मांगा है।

कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि राजधानी के जल स्रोतों जैसे कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम के कैचमेंट इलाके में जो अतिक्रमण है उसे हटाने के लिए क्या किया गया? इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार की ओर से फंड दिया गया है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से कैचमेंट एरिया के आसपास अतिक्रमण की जानकारी ली जायेगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसा करने में तीन से चार माह का समय लग जायेगा तब तक गर्मी खत्म हो जायेगी। कोर्ट ने कि कहा कि गर्मी में पानी की समस्या पर कोर्ट लगातार मॉनिटरिंग करेगा।

रांची के जल स्रोतों यथा कांके डैम, हटिया डैम एवं रुक्का डैम की जमीन का अतिक्रमण किये जाने के मामले में भी कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कई सुनवाइयों में कोर्ट ने राज्य सरकार को कई दिशा निर्देश दिये थे।

काम हम करे और वोट किसी और को इस बात का ध्यान रखिएगा : नवीन जयसवाल

रातू प्रतिनिधि। पथ निर्माण विभाग द्वारा रिंग रोड दलादिली से इक्फाई युनिवर्सिटी तक 1.10 किमी पथ मजबूतीकरण व पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने सोमवार को नारियल फोड़ कर किया। मौके पर उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार विकास का बाधक है। क्षेत्र में विकास के लिए समय पर काम नहीं करती है। वह केवल अपने सता को बचाने का काम कर रही है। क्षेत्र की जनता त्रस्त है अब जनता निराश हो चुकी है। उन्होने आगामी चुनाव में डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। नवीन जयसवाल ने कहा कि काम आपका विधायक कर रहा है तो वोट भी कमल को मिलना चाहिए आगे भी विकास और सडक का निर्माण हम ही करेगें ताकि क्षेत्र को मॉडल क्षेत्र बनाया जा सके।नवीन जयसवाल ने बताया कि सड़क की प्राक्कलित राशि 1.98 करोड़ है। उन्होने ग्रामीणों से इसके गुणवता की निगरानी करने की अपील की। मौके पर अमित गोप, मुकेश भगत,मिथलेश कुमार, कार्तिक उरांव,चुमानी उराईन सहित अन्य महिला-पुरुष उपस्थित थे।

प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का एक दिवसीय धरना

अबुआ आवास बनेगा कैसे जब बालु ही ना मिले :नवीन जयसवाल

रातू प्रतिनिधि। भाजपा रातू मंडल के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार का पोल खोलने के लिए एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार चुनावी वायदे पूरे नहीं कर रही है। बेरोजगार युवाओं को नौकरी का वादा देने वाली जेएमएम सरकार युवाओ को बेरोजगारी भत्ता तक नही दे रही। सरकार पर पारा शिक्षको की नियमितीकरण में मंशा साफ नहीं होने, कृषि ऋण माफ करने की बात कह किसानों के साथ धोखा तथा अबुआ आवास को लूट का अड्डा बताया। नवीन जयसवाल ने कहा कि अबुआ आवास बनेगी कैसे जब लाभुको को बालु ही ना मिले।जो बालु भाजपा सरकार में फ्री थी आज उस बालु में टैक्स लग गया है।विधायक ने कार्यकत्ताओं से भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में रातू बीडीओ को आठ सूत्री मांग सौंपा गया। मौके पर अमित गोप,मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, राजेंद्र पांडेय, मुकेश भगत,अजय तिवारी,अमित तिवारी, रोहित नायक, रविंद्र सिंह, ईश्वर गोप,मुकेश साहु,मुरारी गुप्ता,प्रदीप टोप्पो, प्रवीण सिंह,राजेश सिंह सहित सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

लोहरदगा। लोहरदगा में अकाशी गांव के पास सोमवार सुबह ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रांची से लोहरदगा आ रही रांची-लोहरदगा मेमू ट्रेन की चपेट में आने से अकाशी गांव निवासी स्व. लक्ष्मी राय के 42 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र राय की मौत हो गई। सुरेंद्र सोमवार सुबह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने खेत देखने जा रहा था। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से सुरेंद्र की मौत हो गई।

हाई कोर्ट ने जेजे बोर्ड और सीडब्ल्यूसी में 184 पद रिक्त मामले में सरकार से मांगा जवाब

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में अभी तक 152 पद ही भरे जा सकते हैं। 184 पद अभी भी रिक्त है। सुप्रीम कोर्ट के संपूर्ण बेहुरा केस में राज्य सरकारों को कुछ गाइडलाइन दिया गया है जिसका इन्हें पालन करना है। संपूर्ण बेहुरा केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत जेजे बोर्ड की मॉनिटरिंग राज्य सरकार एवं हाई कोर्ट को करनी है। वही, सीडब्ल्यूसी और जेजे बोर्ड का सोशल ऑडिट भी किया जाना है। न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए शपथ पत्र की आलोक में राज्य सरकार को प्रति उत्तर देने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 21 मार्च निर्धारित की है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने ओरमांझी प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है,जनता त्रस्त है, और सरकार मस्त है: पूर्व विधायक रामकुमार पाहन

नवप्रदेश संवाददाता

ओरमांझी: भाजपा कार्यकर्ता ने सोमवार को ओरमांझी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकताओं ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, गिरती कानून व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी आदि के लिए जिम्मेवार झारखंड सरकार के खिलाफ में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। साथ ही भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार की जमकर आलोचना किया। धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने अंचल अधिकारी नितिन शिवम गुप्ता को मांग पत्र भी सौंपा। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष और संचालन सुनील महतो ने की। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता त्रस्त है,और सरकार मस्त है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के जन विरोधी नीति के चलते लोग परेशान है प्रखंड कार्यालय में चक्कर काटते काटते लोगों का गुस्सा भी चरम पर है। वहीं प्रखण्ड प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि सेना की जमीन घोटाला की जल्द से जल्द जांच हो एवं दोषियों पर कार्रवाई हो,अवैध खनन खनिज संपदा की लूट बंद कराया जाए। जमीन दाखिल खारिज में घूसखोरी बंद करें। महिलाओं पर अत्याचार बलात्कार की घटना बंद हो, बालू का टेंडर जल्द से कर जनता के लिए उपलब्ध कराया जाए।एवं सभी बिंदुओं पर बात कर चेताया कि यदि इस प्रदर्शन के बाद भी काम नहीं हुआ तो भारतीय जनता पार्टी अंचल कार्यालय में ताला बंद करने को बाध्य होंगे। जबकि धरना प्रदर्शन में मौके पर उपस्थित प्रभारी सदैव मुंडा, मंडल अध्यक्ष,प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी,बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, महामंत्री अलखनाथ महतो,सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, प्रकाश महतो,रोहित साहू,राजकिशोर साहू,मीनेश महतो, विकी कुमार,आफताब आलम, विकास सिंह गुप्ता, सुरेंद्र प्रजापति,मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौधरी,आनंद महतो, सुरेंद्र प्रजापति, गणेश महतो,सिकंदर महतो, भोला महतो, राम लखन महतो, उमाशंकर साहू, सुनील महतो,नीलमोहन पाहन, राज धाम साहू, राज किशोर साहू, कामेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

झारखंड में पेसा अधिनियम को मजबूत करने पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन शुरू

पेसा अधिनियम से सामाजिक बुराइयों को कम करने का मार्ग प्रशस्त होगा : विवेक भारद्वाज

रांची(हि.स.)। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने सोमवार को 'पंचायत एक्सटेंशन ओवर शिड्यूल्ड एरियाज एक्ट, 1996' (पेसा अधिनियम) को मजबूत करने पर दूसरे दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। विवेक भारद्वाज ने सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने, विवादों को सुलझाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और स्थायी तरीके से आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों को बढ़ावा देने में पेसा अधिनियम से सशक्त ग्राम सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पेसा अधिनियम के कुशल कार्यान्वयन से पारंपरिक जीवनशैली को मजबूत करने और सामाजिक बुराइयों को कम करने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारद्वाज ने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय ने पेसा अधिनियम की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ बैठक करने और सहयोग करने की पहल की है।

विवेक भारद्वाज ने प्रतिभागियों को एक सहयोगी माहौल को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान अपने विचार, अनुभव और सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां विविध दृष्टिकोणों पर विचार किया जा सके, जिससे अधिक व्यापक और प्रभावी रणनीतियां बन सकें। पेसा पर आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य सर्वसम्मत सहमति के आधार पर पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित और तेज करने के लिए पुणे और रांची में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलनों के दो संस्करणों से प्राप्त इनपुट्स को शामिल करना है। मंत्रालय का व्यापक उद्देश्य पेसा अधिनियम के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना और अधिनियम में कल्पना के अनुसार जनजातीय समुदायों तक लाभ पहुंचाना है।

भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य पेसा अधिनियम के सिद्धांतों और समावेशी शासन के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप विभिन्न प्रयासों और पहलों के माध्यम से आदिवासी समुदायों को उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और सामाजिक-आर्थिक विकास प्राप्त करने में सहायता करना है।

राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजीव अरुण एक्का ने सामाजिक शांति बनाए रखने में पारंपरिक प्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्राम सभाओं को मजबूत करने के माध्यम से विकास और प्रगति की संभावना को रेखांकित किया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आदिवासी समुदायों के लिए लाभ सुनिश्चित करने, पेसा अधिनियम को तुरंत और समर्पित रूप से लागू करने के लिए झारखंड की प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त किया।

पंचायती राज मंत्रालय की संयुक्त सचिव ममता वर्मा ने पेसा नियमों के अनुपालन पर एक ओवरव्यू देते हुए एक प्रस्तुति दी और प्रभावी योजना के लिए ग्राम मंच जैसे उपकरणों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों द्वारा पेसा नियमों के चल रहे निर्माण पर बहुमूल्य सुझाव प्रदान किए। उन्होंने पेसा-निर्दिष्ट क्षेत्रों में कुशल योजना की सुविधा के लिए ग्राम मंचित्र जैसे उपकरणों के महत्व पर जोर दिया।

पेसा क्षेत्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पेसा अधिनियम को लागू करने में राज्यों द्वारा की गई प्रगति का आकलन करना और जमीनी स्तर पर इसके प्रभाव पर एक आम दृष्टिकोण विकसित करना है। सम्मेलन का उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के सतत विकास के लिए पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन को बढ़ाने पर भाग लेने वाले राज्यों के बीच सहयोग और चर्चा को बढ़ावा देना है।

एक नजर

बीसा में जेबीकेएसएस की बैठक

अनगड़ा। वीसा पंचायत सचिवालय परिसर में झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक जेबीकेएसएस सदस्य मोहन बड़ाईक की अध्यक्षता में किया गया। बतौर अतिथि संगठन के केन्द्रीय सचिव सुमित कुमार महतो, केन्द्रीय मंत्री फलिन्द्र करमाली व मंजू महतो उपस्थित थे। सुमित महतो ने कहा कि हक-अधिकार नीति-नियम के लिए सभी झारखंडी को एकजुट होना होगा। बैठक में आगामी लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की गई। तय हुआ कि प्रखंड के वीसा पंचायत सहित सभी पंचायत में घर-घर जाकर टाईगर जयराम महतो की विचारधारा से सभी को अवगत कराते हुए चुनाव में साथ देने की अपील की जाएगी। मौके पर पंचायत के सक्रिय सदस्य मनोज महतो, ललदेव लोहरा, अमित महतो, जयनाथ महतो, नारायण बड़ाईक, शिवचरमुंडा, बलदेव लोहरा, सुखदेव लोहरा, शालिग्राम बड़ाईक, संजय लोहरा, बिरसा लोहरा, भदय लोहरा, शिबू लोहरा, शिबू मुंडा, बादल लोहरा आदि उपस्थित थे।

अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

अनगड़ा। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार को अनगड़ा मंडल व सिकिदिरी भाजपा मंडल की ओर से अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर विशिष्ट अतिथि रांची जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो व प्रभुदयाल बड़ाईक थे। विरोध प्रदर्शन के बाद मांगों से संबंधित ज्ञापन अंचल पदाधिकारी अनगड़ा को सौंपा गया। इस अवसर पर अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, अजय महतो, अजय भोगता, सोहरैया बेदिया, कामेश्वर महतो, घनेनाथ महतो, राजेन्द्र महतो, पंचम भोगता, संजय नायक, नंदलाल राम, ओमप्रकाश, बुधराम बेदिया, नरेश साहू, सुनील महतो, मानेश्वर मुण्डा, बन्नू बेदिया, हरिहर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

बेड़ो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

बेड़ो: बेड़ो व नरकोपी मंडल के संयुक्त तत्वधान में सोमवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड मुख्यालय बेड़ो में किया गया। जिसमें राज्य सरकार की जनविरोधी नीति, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं पर अत्याचार, बढ़ते बिजली बिल व पेपर लीक आदि मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा कार्यकताओं में क्रमशः हर्षवर्धन पांडे, राजीव रंजन अधिकारी, आलोक मिश्रा,सुखदेव कच्छप, धनंजय राय,तेजू दास, गणेश महथा, आनंद साहु, कमलेश महतो, मोती प्रसाद गुप्ता, चंद्रकिशोर उरांव, रंथा उरांव, सेवंती देवी,गीता देवी, बबिता देवी, नारायण महली, आलोक खन्ना,कमलेश लाल, नीरज शाही, अरुण साहु,पिंटू महतो, मनोज सिंह, विजय तिर्की, संदीप ठाकुर,खेदुवा उरांव, रूपन देवी व मंजू देवी आदि नू सराहनीय योगदान दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बलराम सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश साहू ने किया।

एसएसबी सिक्योरिटी एजेंसी द्वारा लाखों रुपए गरीबों बेरोजगारों ठगी करने का मामला आया सामने

गुमला : जिला के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना आप बीती और ठगी होने के बारे में एक आवेदन मजदूर संघ सीएफटीयूआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान के कार्यालय रजा कॉलोनी गुमला में आकर आवेदन दिया ज्ञात हो कि 2023 ईस्वी में झारखंड और छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक युवक युवकों द्वारा जांच के नाम पर लाखों रुपया एजेंसी में जमा कराया गया इन लोगों ने जो आवेदन मजदूर संघ को दिया है उसमें बताया गया है कि प्रति व्यक्ति 15,15, हजार रुपए के हिसाब से लगभग 750000 रुपया जमा लिया गया था बेरोजगार युवा बहुत ही गरीब किसान और मजदूर वर्ग से आते हैं इनके द्वारा झारखंड के कई थानों में ठगी होने का शिकार और ठगी करने वाले के बारे में सूचना दिया गया परंतु 2 वर्ष होने के बावजूद भी कुछ कार्रवाई न होता देखकर यह लोग मजदूर संघ का रुख किया है बड़ी आशा रूम उम्मीद लगाकर इन लोगों ने मदद की उम्मीद लगाई है इस संबंध में मजदूर नेता जुम्मन खान ने बताया है कि ठगी करने वाला जितेंद्र मिश्रा पिता मनमोहन मिश्रा ग्राम तिरा पोस्ट मुरकुंडा थाना पालकोट जिला गुमला है जिसका फोन नंबर,8252586007.-9013477312. है इन्हीं नंबरों पर ऑनलाइन पेमेंट कराया गया था जुम्मन खान ने कहा कि मामला हमारे संज्ञान में आया है मेरी पूरी कोशिश होगी मैं अपने प्रदेश पदाधिकारी से विचार विमर्श कर ठगी करने वाले पर उचित कार्रवाई जिला प्रशासन से मिलकर कराया जाएगा श्रीखंड ने कहा कि मैं आम जनता से अपील करता हूं कहीं भी किसी को बगैर जाने बुझे किसी को 1 रूपये ना दे।

विदाई समारोह का हुआ आयोजन

रांची। हटिया रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में ट्रेन मैनेजर के विदाई समारोह का अयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में ट्रेन मैनेजर से सेवानिवृत हुए कर्मी डी पी गगराई, महेंद्र महतो, यु एन सिंह ने अपना अनुभव सांझा किया। विदाई समारोह, समिती के पदाधिकारी बीरजु कुमार, एम के शाह और कृष्ण कुमार के द्वारा किया गया।

विदेशी महिला से दुष्कर्म मामला: पीड़िता को दस लाख की मुआवजा राशि दी

दुमका। दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस बीच सोमवार को दुमका डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने पीड़ित मुआवजा योजना के तहत 10 लाख रुपये की राशि पीड़िता के बैंक खाते में उपलब्ध कराई है। इस मामले की जांच के लिए झारखंड पुलिस ने एक एसआईटी का गठन किया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के मकसद से रांची से एफएसएल की टीम भी पहुंची थी और वहां से पीड़िता की घड़ी बरामद की गई थी। एसआईटी के साथ सीआईडी की टीम भी इस केस की जांच में जुटी है। इस सामूहिक दुष्कर्म मामले में कुल सात लोग शामिल थे, जिसमें तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष चार आरोपितों की पहचान कर ली गई है।

नीतीश कुमार ने बिहार जलवायु सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ज्ञान भवन में बिहार जलवायु सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने 108 करोड़ 33 लाख रुपये लागत की पार्क, ईको टूरिज्म, भू-जल संरक्षण एवं आधारभूत संरचना विकास की 26 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पूर्णिया और भागलपुर में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन तथा "बिहार की जलवायु अनुकूल एवं न्यून कार्बन प्रारूप" रणनीति का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लोगों को वायु की गुणवत्ता की जानकारी देने के लिए डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जलवायु कार्य हेतु बिहार घोषणा पत्र जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है और जलवायु परिवर्तन के कारण विगत कुछ दशकों से बाढ़, सुखाड़, आकाशीय विद्युत जैसी आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है। इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन शमन एवं अनुकूलन की दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं जिनमें "जल-जीवन-हरियाली अभियान" एवं जलवायु अनुकूल कृषि कार्य प्रमुख हैं। बिहार, देश का पहला राज्य है जहाँ जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी, 2020 को राज्य में 18 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी मानव श्रृंखला बनी जिसमें 5 करोड़ 16 लाख से अधिक लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण के संरक्षण और नशामुक्ति के समर्थन में एवं बाल विवाह और दहेज प्रथा मिटाने के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 24 सितम्बर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र के उच्चस्तरीय जलवायु परिवर्तन राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में कई देशों के प्रधानमंत्री एवं प्रमुख नेताओं के समक्ष अपनी बात रखने का मौका मिला था जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान को दुनिया के लिए बेहतरीन उदाहरण बताया था। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित परिवहन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, तकनीकी संस्थान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं डब्ल्यूआरआई इंडिया, यूएनईपी, शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन जैसे सहयोगी संस्थानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान "बिहार राज्य की जलवायु अनुकूल एवं न्यून-कार्बन प्रारूप रणनीति के प्रभावी क्रियान्वयन" के ड्राफ्ट प्रति का मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया।

पुल से जा टकराई अनियंत्रित कार, एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर रूप से घायल

नवप्रदेश प्रतिनिधि पूर्वी चंपारण। मोतिहारी में भीषण सड़क हादसा हुआ। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बैरिया देवी माई स्थान के पास की है, जहां इनोवा कार सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल है, जबकि एक अन्य का कुछ पता नहीं चल रहा। मिली जानकारी के अनुसार कार में पांच लोग सवार होकर पटना जा रहे थे, इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से जा टकराई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, वहीं उनके ड्राइवर का कुछ अता-पता नहीं चला है। बताया जाता है कि सिर्फ ड्राइवर के सामने वाला एयर बैग ही खुला है, जिससे आशंका जाहिर की जा रही है कि ड्राइवर सुरक्षित हो और फरार हो गया हो। मिली जानकारी के अनुसार रक्सौल थाना क्षेत्र के 11 नंबर वार्ड मारवाड़ी गली के रहने वाले गणेश शंकर मस्करा, जो कि पेशे से एक पत्रकार हैं, अपने परिवार के साथ इनोवा गाड़ी से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। गाड़ी में गणेश के अलावा उनके पिता श्रवण मस्करा, उनकी मां प्रेमा मस्करा और पत्नी प्रेमा मस्करा समेत ड्राइवर शंभू सवार थे। गणेश को माता पिता के इलाज के लिए पटना से फ्लाइट पकड़ना था। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची और तीनों शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। वहीं घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए आरसी मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली थी।

एमडीए के मॉप अप राउंड में छूटे हुए लोगों को खिलाई जा रही फाइलेरिया रोधी दवा

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोहनिया। फाइलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए सरकार द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत कैमूर जिले में आयोजित (एमडीए) सर्वजन दवा सेवन अभियान का मॉप अप राउंड चलाया जा रहा है। इस दौरान छूटे हुए लोगों एवं दवा खाने से इंकार करने वाले लोगों को समझा कर दवा सेवन करवाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को मोहनिया प्रखंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के शाखा प्रबंधक समेत बैंक कर्मियों एवं बैंक में मौजूद अन्य लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। इसके पूर्व पीसीआई के डीएमसी मोहम्मद शादाब आलम ने हाथीपांव के करण और इसके लक्षण के बारे में बताते हुए दवा की उपयोगिता के बारे में बताया। फाइलेरिया बीमारी की गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जानकारी के बाद बैंक कर्मियों ने स्वेक्षा से दवा का सेवन किया। बैंक प्रबंधक संतोष कुमार ने सबसे पहले दवा का सेवन कर बैंक कर्मियों के साथ साथ अन्य लोगों को सकारात्मक संदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आई आशा फूल कुमारी ने सभी कर्मियों को दवा का सेवन करवाया। इस अवसर पर पीसीआई के डीएमसी मोहम्मद शादाब आलम के अलावा, एसएमसी पीसीआई के धनंजय कुमार, मीर जलालुद्दीन मौजूद रहे।

फाइलेरिया रोकथाम में दवा कारगर

पीसीआई इंडिया के डीएमसी मोहम्मद शादाब आलम ने बताया कि फाईरिया की रोकथाम के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है और इस अभियान के तहत खिलाई जाने वाली फलेरिया की दवा काफी कारगर है। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की गोली खिलाई जा रही है जो फाइलेरिया के परजीवियो को नष्ट करने में अहम भूमिका निभाता है। मोहम्मद शादाब आलम ने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक वर्ष 5 साल तक इस दवा का सेवन कर लिया जाए तो फाइलेरिया होने का खतरा काफी हद तक समाप्त हो जाता है। इसलिए अभियान के दौरान दवा का सेवन जरूर करना चाहिए।

14 लाख से अधिक लोगों ने किया दवा का सेवन

एमडीए अभियान को लेकर कैमूर जिले में पहले ही तैयारी की गई थी। जिले में 17 लाख के आसपास लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुसार जिले में 80 प्रतिशत के आसपास लोगों को दवा खिलाया जा चुका हैं। वही 6 मार्च तक चलने वाले मॉपअप राउंड में छूटे हुए लोगों एवं दवा खाने से इंकार करने वाले लोगों को समझा कर दवा खिलाई जा रही है।

चुनाव में अगर आपने अपनी जाति के नेता, मुर्गा-भात और शराब के लालच में वोट दिया तो आपको और आपके परिवार को ही भोगना पड़ेगा : प्रशांत किशोर

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपनी दुर्दशा देखिए, शायद ही ऐसा कोई घर है, जहां से आपका जवान बेटा, पति, भाई, भतीजा नौकरी करने के लिए दूसरे राज्यों में न गए हो? मैंने 17 महीनों से अपना घर छोड़ा है, लेकिन आपके बच्चे तो सालों साल से आपको छोड़कर चले गए हैं। एक बार जो मजदूरी करने के लिए गए वो साल में एक बार छठ में, ईद में घर आते हैं तब आप उनका मुंह देख पाते हैं। साल भर वो आदमी वहां गुलामी कर रहा है, 10 घंटे मेहनत करते हैं, पेट काटते हैं ताकि घर में 6-8 हजार रुपए भेज सकें। लेकिन, यहां के लोगों से पूछिए कि उन्होंने वोट क्यों दिया था? तो वो बताते हैं कि अपनी जाति का नेता खड़ा था इसलिए दे दिए, गांव में मुर्गा-भात खाकर, पाउच पीकर वोट दे दिए, तो आपके परिजन नहीं भोगेंगे, तो भला और कौन भोगेगा दूसरे राज्यों में कमा रहा आपका बच्चा बीमार पड़ जाए तो आप उसे देख नहीं सकिएगा, सिर्फ छटपटा कर रह जाइएगा।

वोट जिसे भी देना है दो, लेकिन वोट अपने बच्चों की शिक्षा-रोजगार के लिए दीजिए

प्रशांत किशोर ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आप दल बनाइए, बिहार में विकल्प नहीं था। आप आगे-आगे चलिए हम पीछे-पीछे चलेंगे। हमें आपका साथ नहीं चाहिए। भला आप हमारा साथ क्या दीजिएगा। आप तो वो लोग हैं जिन्होंने अपने बच्चों का साथ नहीं दिया। हम 17 महीने नहीं 17 साल चल लें फिर भी आप नहीं सुधरिएगा। नेताओं ने आपकी नसों में जाति और धर्म इतना घुसा दिया है कि आपको अपने बच्चों का दर्द भी नहीं दिख रहा है। इसलिए आपको एक रास्ता बता रहे हैं, वोट जिसे देना है दीजिए लेकिन अगली बार वोट देते समय स्वार्थी बनिए। अपना और अपने बच्चों का स्वार्थ देखिए। नेता आएंगे और कहेंगे देश के लिए वोट दो, कोई कहेगा अपनी जाति वाले को जीताना है इसलिए वोट दो, वोट जिसे भी देना है दो, जीवन में एक बार संकल्प लीजिए कि वोट अपने बच्चों के लिए दीजिए। जाति के लिए, नेताओं के लिए नहीं, किसी विचारधारा के लिए नहीं सिर्फ अपने बच्चों के लिए वोट दीजिए। बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट दीजिए।

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चारदिवारी का सांसद ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चारदीवारी का सांसद निधि मद से निर्माण के बाद सोमवार को ऑनलाइन उद्घाटन स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के द्वारा किया गया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ अनंत कुमार ने बताया कि चार दिवारी का निर्माण स्थानीय सांसद निधि मद की राशि 12 लाख 88 हजार की लागत से निर्माण कार्य पूरा किया गया। जिससे अस्पताल में पीछे से आवारा जानवरों एवं आसामाजिक तत्वों के आने से रोक के साथ सुरक्षा मिला। वहीं युवा भाजपा के विकास कुशवाहा ने बताया कि अभी बाकी बचे चारदीवारी का कार्य अगली राशि से पूर्ण किया जाएगा। मौके पर ज्ञान विकास फाउंडेशन के योगेंद्र पांडे उर्फ सुदामा पांडे, भारत पासवान, विकास कुशवाहा, मनोज वर्मा, प्रदीप कुशवाहा, बाबुआन पांडे, सुनील चंद्रवंशी, संजय पांडे, रंजन पांडे के साथ ही भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

केजीविभी के बालिकाओं का स्वास्थ्य जाँच कर ऑन द स्पॉट दवा दी गयी

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। राज्य बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सोमवार को रुटीन चेकअप के तहत नामांकित सभी बालिकाओं का स्वास्थ्य जांच कर मौके पर इलाज कर उचित परामर्श के साथ दवा भी दी गई। विद्यालय के वार्डेन रीता कुमारी ने बताया कि राज्य बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक डॉ वीरेश कुमार की टीम के द्वारा विद्यालय में नामांकित कल 62 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच कर 31 छात्राओं को ऑन द स्पॉट उचित परामर्श के साथ मुफ्त दवा भी दी गई. वहीं दो छात्राओं को कान से संबंधित बीमारी के कारण उन्हें स्थानीय पीएससी में रेफर किया गया। मौके पर फार्मासिस्ट मो शमीम, एएनएम कुमारी रंभा रश्मि, अंशकालिक शिक्षिका मालती कुमारी, समसा खातून, सोनी कुमारी, कुमारी उपासना, लेखपाल चंदन कुमार, इंदुलेश कुमार, आरती कुमारी,इ गुड़िया कुमारी, मीना कुमारी, सीमा कुमारी के साथ ही सभी शिक्षिका एवं कर्मी उपस्थित थे।

रेलवे सुरक्षा बल ने यात्री का खोया बैग यात्री को वापस लौटाया

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। महिला यात्री रिंकू कुमारी पिता -राजेश्वर सिंह, ग्रामझबरबाडीह थाना वारुण, जिलाझ औरंगाबाद का ब्लू रंग का बैग यात्रा के दौरान गाड़ी संख्या 12176 डाउन चंबल एक्सप्रेस से डेहरी आन सोन स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 04 पर छूट गया था।डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात अधिकारी उप निरीक्षक मनोज कुमार द्वारा उक्त छूटे हुए बैग को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन पर रखा गया था। आज दिनांक 04.03.24 को उक्त महिला यात्री अपने पिता राजेश्वर सिंह के साथ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन पर उपस्थित हुई, जिन्हें उचित पहचान, सत्यापन एवम फोटोग्राफी के पश्चात उक्त बैग को सही-सही हालत में सुपुर्दगीनामा तैयार कर सुपुर्द किया गया। उक्त महिला यात्री गाड़ी संख्या 12176 डाउन चंबल एक्सप्रेस से महोबा से डेहरी ऑन सोन के लिए पीएनआर संख्या 2905719367 के अनुसार यात्रा पर थी।उक्त बैग में उनके उपयोग के कपड़े थे जिसकी अनुमानित कीमत 5000/-आंकी गई है। इस कार्य के लिए उन्होंने आरपीएफ को धन्यवाद दिये ।

सक्षमता परीक्षा के आवेदन की जांच में खुलासा: शिक्षक भी फर्जी, एक ही सर्टिफिकेट नंबर व नाम पर कई जिलों में पढ़ा रहे

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। अभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा के लिए सक्षमता परीक्षा ली जा रही है। इस परीक्षा में शामिल होने के पहले ही फर्जी तरीके से बहाल गुरुजी शिक्षा विभाग के बिछाए जाल में फंसने लगे हैं। मोतिहारी में अब तक 13 तो नवादा जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थापित 86 ऐसे शिक्षकों के सर्टिफिकेट डुप्लीकेट पाए गए हैं, जिनके नाम पर नवादा के अलावा राज्य के 25 जिलों में 89 गुरुजी बने हैं। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि नवादा में पदस्थापित शिक्षक का बीटेट सर्टिफिकेट फर्जी है या फिर दूसरे जिले में कार्यरत शिक्षक सर्टिफिकेट के आधार पर गुरुजी बन गए हैं।दरअसल, सक्षमता परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन मांगे गए थे। पहला और दूसरे चरण में बहाल नियोजित शिक्षकों का दक्षता प्रमाण पत्र जबकि तीसरे से छठे चरण तक बहाल शिक्षकों का बी टेट और सीटेट सर्टिफिकेट भी अपलोड करवाया गया था। मोतिहारी में सक्षमता परीक्षा को लेकर जिले के 8579 नियोजित शिक्षकों ने आवेदन किया है। इन आवेदनों की जांच के क्रम में कई गड़बड़ियां मिली है जिसमें एक ही टीईटी, एसटीईटी व बीटेट के नंबर पर कई जिलों में शिक्षक कार्यरत हैं अर्थात एक नंबर पर कई शिक्षक अलग-अलग जिलों में काम कर रहे हैं।पूर्वी चंपारण जिले में सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले 13 नियोजित शिक्षकों में गड़बड़ी मिली है जिसके बाद विभागीय निर्देश के आलोक में इन नियोजित शिक्षकों के एडमिट कार्ड को रोक दिया गया है। कार्रवाई के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक से मार्गदर्शन मांगी गई है। साथ ही शिक्षकों के सर्टिफिकेट की फिर से जांच की जा रही है। जिससे फर्जी शिक्षकों में हड़कंप की स्थिति है।शिक्षा विभाग के आंकड़ों की माने तो जिले के 8579 नियोजित शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन किया है। जिसमें डीपीओ स्थापना के स्तर से 8571 आवेदन को एप्रूव्ड कर दिया गया है। जबकि आठ आवेदन को रिजेक्ट किया गया है। जिसमें 5097 शिक्षकों का एडमिट कार्ड डाउनलोड हो गया है। जबकि 3454 नियोजित शिक्षकों का एडमिट कार्ड अबतक डाउनलोड नहीं हुआ है। डीपीओ स्थापना, पूर्वी चंपारण साहेब आलम ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में 13 नियोजित शिक्षकों के एडमिट कार्ड को रोक दिया गया है। इन शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक को लिखा गया है। वहां से निर्देश मिलने के बाद सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

1914 शिक्षकों का फोल्डर निगरानी को नहीं मिला

मोतिहारी में फर्जी नियोजित शिक्षकों पर कार्रवाई करने के लिए निगरानी विभाग काम कर रही है। इसको लेकर शिक्षकों के प्रमाणपत्रों का फोल्डर निगरानी विभाग को शिक्षा विभाग के स्तर से सौंपा गया है। बताया जाता है कि जिले के 15662 नियोजित शिक्षकों के फोल्डर को निगरानी को सौंपना था। जिसमें 13748 हार्ड कॉपी फोल्डर निगरानी को मिल गया है। जबकि 1914 फोल्डर अभी भी निगरानी विभाग को हस्तगत नही कराया गया है। जिसके कारण निगरानी को जांच में परेशानी हो रही है।

एक नजर

मोदी बेहतर परंतु उनके नुमाइंदे सिर्फ उनके नाम पर चुनाव जीतते हैं पुण्य देव

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जहां 6 मार्च भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेतिया में आगमन है और इसकी तैयारी जिला प्रशासन के साथ एनडीए कार्यकर्ता और पदाधिकारी शुरू भी कर दिया है और आम जनता में माननीय प्रधानमंत्री को सुनने और देखने के लिए ललाईत है इसी क्रम में नौतन प्रखंड क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं क्रांतिकारी विचारधारा के वरिष्ठ नेता अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश में नरेंद्र मोदी बेहतर काम कर रहे हैं जिसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती लेकिन उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि उनके नाम पर जीते जनप्रतिनिधि आम जनता के साथ विकास के नाम पर सिर्फ छलावा किये है 5 वर्ष के भीतर यह जीते हुए जनप्रतिनिधि कभी भी जनता का सुख-दुख का हाल जानने कि कोशिश नहीं किये है तथा आम जनता की समस्याओं को बराबर नजरअंदाज करते हुए चलें आ रहे हैं और चुनाव के समय भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री का नाम भुना कर चुनाव जीतते आ रहे अगर चुनाव जीते प्रतिनिधि आम जनता की समस्याओं सुनते और उसे पर अमल करते तो शायद माननीय प्रधानमंत्री के नाम कि उन्हें आवश्यकता ही नहीं पड़ती जहां नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं ऐसी हालत में उनके नुमाइंदे सिर्फ मोदी मोदी जप कर अपना उल्लू साधने में लगे रहते हैं कि एक बार पुनः उन्हें पाटी अपना उम्मीदवार बनाये ऐसे लोगो को उम्मीदवार बनाने से पहले पार्टी को भी चाहिए उनके बारे में जनता कि क्या सोच है आखिरकार जनता क्या चाहती है आखिर कब तक ऐ लोगो मोदी के नाम का सहारा लेंगे जब क्षेत्र में काम करेंगे जनता के साथ कदम कदम मिलाकर चलेंगे तो इसका परिणाम और बेहतर ही होगा पर ऐसे लोगों में यह विचार धारा ही नहीं मौके पर जगदीश राम, जितेंद्र प्रसाद, ध्रुव प्रसाद कुशवाहा, अमरेन्द्र सिंह, शिवकुमार द्विवेदी, विभूति नारायण राय, जयप्रकाश सिंह कुशवाहा, प्रभात श्रीवास्तव, दीपू कुमार यादव, इंजीनियर धर्मेश कुमार, ओंकार सिंह, डा एके मौर्य, डॉक्टर उमाशंकर प्रसाद, डॉ वीरेंद्र कुमार, इकबाल सिंह, नन्द प्रसाद कुशवाहा, शिवकुमार द्विवेदी, मुन्ना महतो, महेंद्र पटेल, प्रोफेसर कुलेश्वर यादव, उपेंद्र पासवान, केशव कुमार तिवारी, मनजीत वर्णवाल, मो कलाम, विनोद कुशवाहा, गोपाल जी प्रसाद कुशवाहा, जगदीश प्रसाद कुशवाहा, उद्धव सिंह आदि मौजूद रहे।

कुख्यात अपराधी को पुलिस ने बैंगलोर में पकड़ा

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। सोमवार को दिन मोतीहारी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी जहां हरसिद्धि पुलिस ने हरसिद्धि ब्लॉक आरटीआई कार्यकर्ता विपिन अग्रवाल के हत्याकांड में संलिप्त पप्पू बिल्ला को बंगलोर में गिरफ्तार कर लिया है बताते चले की उक्त अपराधी ने विगत महीना हरसिद्धि ब्लॉक के आरटीआई कार्यकर्ता विपिन अग्रवाल को दिनदहाड़े गोलीबार मार कर हत्या कर दी थी जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस तलाश कर रही थी और गुप्त सूचना के आधार पर उक्त अपराधी को बैंगलोर में छिपे होने की सूचना प्राप्त हुई फिर क्या एस पी निदेश एक टीम का गठन हुआ और टीम ने बेंगलुरु में उसे गिरफ्तार कर लिया उक्त जानकारी अरेराज डीएसपी रंजन कुमार कुमार ने दी पकड़ा अपराधी सुगौली थाना क्षेत्र के भाटहा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।

हसनबाजार स्टेशन हाल्ट पर पटना भभुआ इंटरसिटी के ठहराव की मांग

नवप्रदेश प्रतिनिधि पीरो। आरा व सासाराम जिला मुख्यालयों के ठीक बीचोंबीच अवस्थित हसनबाजार स्टेशन हाल्ट पर पटना-भभुआ इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को लेकर स्थानीय लोग केन्द्रीय मंत्री सह क क्षेत्रीय सांसद राजकुमार सिंह से लगातार संपर्क साध रहे हैं। इसके पहले कातर पंचायत की मुखिया सीमा देवी, समाजसेवी कन्हैया सिंह, आनंद गुप्ता, जिला पार्षद आशा देवी, दीपक कुमार, पैक्स अध्यक्ष अर्जुन सिंह व यशवंत सिंह सहित दर्जनों मानिंद लोगों ने सांसद को पत्र लिखकर हसनबाजार स्टेशन हाल्ट पर पटना-भभुआ इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव सुनिश्चित करने के लिए अनुरोध किया था। जिसपर सांसद ने तत्काल पहल करने का भरोसा दिलाया था। इधर लंबे अरसे बाद भी मांग पूरी न होते देख स्थानीय लोगों का सब्र का बांध टूटने लगा है। व्यवसायी सह समाजसेवी आनंद गुप्ता कहते हैं कि इस स्टेशन हाल्ट से पचास हजार की आबादी जुडी है। इस स्टेशन हाल्ट से रेलवे को अच्छा खासा राजस्व प्राप्त होता है। बावजूद इसके स्थानीय लोगों की मांग की रेलवे द्वारा अनदेखी हैरत भरी है। हसनबाजार कस्बा व्यवसायिक दृष्टिकोण से काफी समृद्ध है। यहां से बड़ी संख्या में लोगों का पटना, सासाराम, वाराणसी सहित अन्य शहरों में आना जाना होता है पर हसनबाजार स्टेशन हाल्ट से एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा नहीं होने से लोगों को 12 किलोमीटर दूरी तय कर बिक्रमगंज या पीरो जाकर ट्रेन पकडना पडता है। ऐसे स्थानीय लोग यहां पटना-भभुआ इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव चाहते हैं।

नेहरू युवा केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआंव। नेहरू युवा केंद्र भोजपुर,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में फ्रेंड्स यूनाइटेड क्लब वरुना के द्वारा मतदान जागरूकता के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पप्पू कुमार प्रधानाध्यापक एवं सचिव सुजीत कुमार ने किया। इस कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को अपने मतदान अधिकार का से संबंधित जानकारी दी गई। दिलीप कुमार उद्घाटन करता विकास कुमार कंप्यूटर टीचर विशिष्ट अतिथि संगीता कुमारी शिक्षक सोनू कुमार शिक्षक ओम प्रकाश सिंह शिक्षक सिकंदर कुमार रॉकी भाई एवं लक्ष्मीकांत कुमार प्रथम पुरस्कार कल्याणी कुमारी एवं द्वितीय पुरस्कार जूही प्रिया तृतीय पुरस्कार रितिका कुमारी एवं नेहा कुमारी खुशी कुमारी सृष्टि कुमारी आदि शामिल रहे। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हरिश चन्द्र पासवान के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

वीर बाबा चौहरमल धाम पूरे देश मे नाम रौशन करेगा : चन्दन पासवान

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। दुसाध जागृति सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान के अध्यक्षता में एनीकट मे बने भव्य मंदिर बाबा चौहरमल धाम मे राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे जहां, उन्होंने बाबा के मंदिर में माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। दुसाध जागृति सांस्कृतिक मंच के संरक्षक राजाराम पासवान के नेतृत्व मे उनको अंगवस्त्र और फूलो का माला देकर स्वागत किया गया। इस मौके उन्होंने मंदिर निर्माण को ले दुसाध जागृति सांस्कृतिक चेतना मंच के लोगों को बधाई दी। बाबा चौहरमल मंदिर में हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। मंच के कोषाध्यक्ष चन्दन पासवान ने नव प्रदेश को बताया कि बहुत खुशी की बात है कि आज हमारे बाबा के दरबार में पूर्व मंत्री आकर अपना माथा टेका। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में हर जगह से सहयोग मिल रहा है साथ ही अध्यक्ष के निर्देश पर संरक्षक के नेतृत्व में बाबा के दरबार में चढ़ाया हुआ अंग वस्त्र ले जाकर जगह-जगह हम लोग सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं, आने वाले भविष्य में वीर बाबा चौहरमल धाम जिला ही नहीं प्रदेश नहीं पूरे देश में नाम रोशन करेगा। इस मौके पर रालोजद के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा मंच के प्रवक्ता अनुज पासवान कृष्णा जी कश्मीर पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

सुविचार

यदि कोई आप पर व्यंग्य करता है तो बुरा मत मानिए क्योंकि व्यंग्य ताकतवर लोगों के खिलाफ कमज़ोर लोगों का हथियार होता है। - अज्ञात

संपादकीय

परिवारवाद पर कड़ा प्रहार

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ती जा रही हैं। एक ओर तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में घूम घूम कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को भेदने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर कांग्रेस को मुकाबले में लाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। अन्य विपक्षी नेता भी अपने- अपने स्तर पर चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। बिहार में महागठबंधन ने एक रैली की। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के अलावा वामपंथी दलों के नेताओं ने शिरकत की और सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमले किए। इस रैली में शामिल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो बड़ा बोल बालते हुए यहां तक कह दिया कि उत्तरप्रदेश और बिहार की सभी 120 सीटें भाजपा हारने जा रही है। यहां तक तो ठीक है। हर पार्टी अपनी जीत का दावा करती ही है। लेकिन इसी रैली में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर व्यक्तिगत हमला कर दिया। उन्होंने पीएम मोदी के बयानों को लेकर अपनी खीज यह कहकर निकाली कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तो खुद कोई परिवार नहीं है और न ही वे हिंदू हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी जनसभा में परिवारवादी पार्टियों पर जमकर निशाना साधते आ रहे हैं। इसी से चिढ़कर लालू प्रसाद यादव ने इस तरह का विवादास्पद बयान देकर आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर ली। लालू यादव का नाम लिए बगैर पीएम मोदी ने तेलंगाना में आयोजित एक जनसभा में उन्हें करारा जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वो लोग कहते हैं कि मेरा कोई परिवार नहीं है। जबकि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि इस देश की 140 करोड़ जनता मेरा परिवार है और मैं अपने इसी परिवार की भलाई के लिए दिन रात काम करता रहता हूं। मेरा अपना कोई सपना नहीं है। मै सिर्फ देशवासियों के लिए बेहतर करने की कोशिश करता हूं। इसके बाद उन्होंने जनसमुदाय से यह नारे भी लगवाए कि मेरा परिवार मोदी का परिवार है। यह तो वहीं बात हुई जब पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चोर चौकीदार कहकर उनकी खिल्ली उड़ाई थी। इसके बाद से पूरे देश में भी चौकीदार का अभियान छिड़ गया था। अब वही गलती लालू प्रसाद यादव ने कर दी है। जाहिर है विपक्षी नेताओं के पास पीएम मोदी के खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए वे इस तरह के उलजुलूल बयान देते रहते हैं। यहां तक की गाली गलौज करने से भी बाज नहीं आते। ऐसा करके वे भले ही अपनी भड़ास निकाल लेते हैं। लेकिन इससे पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता पर कोई असर नहीं पड़ता। पीएम मोदी का तो यह भी कहना है कि विपक्षी नेता उन्हें चाहे जितनी गालियां दें वे इन गालियों को गहना बना लेते हैं। यह बात वाकई सही है। पीएम मोदी को जितनी गालियां दी जाती हैं। वे उतने ही ज्यादा ताकतवर बनकर उभरते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार को प्रमुख चुनावी मुद्दा बना रखा है और पीएम मोदी लगातार परिवारवाद पर कड़े प्रहार कर रहे हैं। इसी से बौखलाकर परिवारवादी पार्टियों के नेता जो सिर से पैर तक भ्रष्टाचार में डूबे रहे हैं। वे पीएम मोदी को निशाना बना रहे हैं और अनर्गल प्रलाप करके अपनी बची खुची प्रतिष्ठा भी गवां रहे हैं। बेहतर होगा कि चुनावी सभाओं में विपक्षी नेता व्यक्तिगत हमले करने से परहेज करें। वरना उन्हें इसका लाभ नहीं होगा उल्टे नुकसान उठाना पड़ेगा।

अतिआत्मविश्वास से बचने की नसीहत

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने लोकसभा की सभी 11 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने के साथ ही चुनावी तैयारी भी जोरशोर से शुरू कर दी है। जबकि कांग्रेस पार्टी में अभी तक प्रत्याशियों का चयन नहीं हो पाया है। भाजपा में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के सभी 17 प्रकोष्ठों का एक सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और पवन साय तथा उपमुख्यमंत्री अरूण साव जैसे वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी तैयार में जुट जाने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी नसीहत दी है कि भाजपा कार्यकर्ता अतिआत्मविश्वास में न रहें। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाने के लिए और 51 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल करने के लिए सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को बताएं। यह सही है कि कई बार अतिआत्मविश्वास के कारण पार्टी को नुकसान उठाना पड़ता है। चाहे कोई भी पार्टी हो यदि उसके कार्यकर्ता अतिआत्मविश्वास में आ जाते हैं और आत्ममुग्धता का शिकार हो जाते हैं तो पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ जाता है। और कई बार जीती हुई बाजी भी हार जाना पड़ता है। भाजपा नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं को इसी वजह से यह नसीहत दी है। अब देखना होगा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता इस नसीहत को कितनी गंभीरता से लेते हैं?

लैंगिक समानता का मूल चिंतन



डॉ नीलम महेंद्र

इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिग भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। । लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान,हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परमसौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम,त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है।

देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरूष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानीयां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पढ़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं।

धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल समाजसेवा हो या राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तसवीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते।

लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं।

जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं। और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं। क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है।

हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं। इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिग भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान,हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

आज का इतिहास

1851 में 5 मार्च के दिन ही भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना की गई थी। 1918 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने पेट्रोग्राड को हटाकर मॉस्को को रूस की राजधानी बनाया था। 1931 में 5 मार्च के दिन ही महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन खत्म किया था। 1949 में आज ही के दिन भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना हुई थी। 1962 में 5 मार्च को ही कनाडा में आयकर नियमों में बदलाव किया गया था। 1968 में आज ही के दिन मार्टिन लूथर किंग की हत्या की गई थी। 1982 में 5 मार्च के दिन ही रूसी उपग्रह वेनेरा 14 बुध की कक्षा में पहुंचा था। 1990 में आज ही के दिन सरकार ने 1984 के भोपाल गैस त्रासदी के पांच लाख पीड़ितों के लिए INR 360 करोड़ की अंतरिम राहत की घोषणा की थी। 1997 में 5 मार्च के दिन ही उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच 25 साल में पहली बार शांति वार्ता हुई थी। 2002 में आज ही के दिन राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ था। 2002 में आज ही के दिन राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उन दिनों जलते हुए



उन दिनों जलते हुए दिपक से खेलता था जब संध्या में घर पर जलता था दिपक जाहिर है आग जलाता है पर उन दिनो उसकी असली प्रवृति से अनभिज्ञ था, आज भी जलने का दुःख स्मृति गगन में सुरझित है , अक्सर ही एक विचार उठता है कि सबको इस दुःख से मुक्त रखें

बलदाऊ गोस्वामी

चार चरण में है लिखी



चार चरण में है लिखी, अपने मन की बात! इसी भाँति जाहिर करूँ,मै अपने जज्बात!! बातें जो अच्छी लगी,रखा उन्हीं का ख्याल । दोहों के आकार में, दिया उन्हें फिर ढाल ।। दोहे का प्रारूप यह, कहा किसी ने छन्द। लेने वाले ले रहे,....जिसे बाँच आनन्द ।। कह पाऊँ वो ही नही, ...कहनी है जो बात । फिर तो करना व्यर्थ है,जग जाहिर जज्बात।।

रमेश शर्मा

.ख़ास पाती.

वफ़ा-ओ-फ़िक्र की रस्मों को तोड़

वफ़ा-ओ-फ़िक्र की रस्मों को तोड़ कौन गया अकेला इश्क़ की राहों में छोड़ कौन गया मेरे ख़िलाफ़ ही चलती है जंग क्यूँ मुझमें, जो रब्त ज़ेह्नो -जिगर में था तोड़ कौन गया असर है सब्र का बारिश है रेग्ज़ारों में, हमारी आँखों से आँसू निचोड़ कौन गया वो हादिसा था कि कोई हसद की हरक़त थी मेरे वजूद को गोया झिंझोड़ कौन गया मेरे तो साथ थे केवल हवाओं के झोंके, हमारी राह तो सीधी थी मोड़ कौन गयातेरे नसीब से मेरे नसीब का मिलना, बग़ैर मशविरा बाहम ये जोड़ कौन गया तुझे फ़सील में यादों की क़ैद कर 'रूपम' तमाम दर्द के अहसास छोड़ कौन गया।

निरुपमा चतुर्वेदी 'रूपम'

जनाब जंग के चाहे जो भी मसलसल



जनाब जंग के चाहे जो भी मसलसल हल निकले हमें उससे कोई गुरेज़ नहीं बस हम तो यह चाहिते है के जंग के बाद जो भी कबाड़ लोहा लखुंडा बचे उसे आप हमारे सुपुर्द कर दे ताकि पूरी विश्व बिरादरी के साथ ही हम अपनी अवाम को बता सके कि जंग में हमने भी लोहा लिया था।

राजीव वर्मा

हर लहर को गुमाँ है



'हर लहर को गुमाँ है कि में समंदर हूँ यह समंदर को नागवार गुजरी वह रेत पर बनाती अपने कदमों के निशाँ ..जब हवा बहा ले गई वह पहचान तब..लहर छोड़ आई समंदर किनारे अभिमान अपना ...

सीमा नागर तुली

सुनो देव लफ्ज़ो की खामोशियां

सुनो देव लफ्ज़ो की खामोशियां ना हो तबदील मायुसी में रख देती हूँ कुछ पल संभाल कर अपने सिरहाने तले जानती हूँ वहाँ वह थोडा कसमसाएंगे, थोडा अंतरनान्द करेंगे फिर पल भर को सोचेंगे वह मेरे सिरहाने तले हौले हौले शांत होंगे वें फिर सुबह की सुनहरी धूप में खिलखिलाएंगे, फिर रचेंगे एक नया चित्र मेरे आँचल तले पुनः उकेरेंगे कई कहानियाँ कुछ ग़ज़ल और नई कविताएं महकेंगे वही लफ़्ज़ फिर मेरे सिरहाने तलें

सुरेखा अग्रवाल

याद नश्तर सी है मत चुभाया करो



याद नश्तर सी है मत चुभाया करो यूँ तसव्वुर में मेरे न आया करो। मेरी सूरत में देखे तुझे आइना रूह में इस कदर तुम समाया करो। होती कदमों तले जिसके जन्नत सदा माँ के सज़दे में सर को झुकाया करो। मिल गई जो नज़र बस ग़ज़ल हो गई इश्क़ है क़ाफ़िया गुन गुनाया करो। मजहबी रहनुमा यूँ खुदा बांट कर नाम मज़हब के घर मत जलाया करो। जीतना हो दिलों को तनुज गर तुम्हें जंग अपनों से हो हार जाया करो।

सतीश मैथिल तनुज

सागर की लहरें उठी,जैसे बारम्बार



सागर की लहरें उठी, जैसे बारम्बार । मेरे मन की पीर भी , द्वंद करे हर बार।। द्वंद करे हर बार, कहूँ क्या दिल की बातें। अद्भुत था वो प्यार, साथ गुजरी जो रातें।। विधना का यह खेल, लगे बदले नटनागर। कहे अर्चना सत्य , बने हैं नैना सागर। ।

अर्चना लाल

प्रेरक प्रसंग

नेता नहीं, मैं तो खिदमतगार हूँ

श्री रफी अहमद किदवई के पास कुछ सज्जन अपने किसी कार्यवश पहुँचे। सामान्य शिष्टाचार के पश्चात् उन्होंने पूछा- कहिए, मैं क्या सेवा कर सकता हूँ आपकी ?

आगंतुक बोले, देखिए हमारा सम्मेलन निकट ही है और हमें अभी तक टेलीफोन नहीं मिला है, इससे बड़ी असुविधा है और हाँ, आने वाले की संख्या बहुत अधिक है। सो यदि आप ट्रेन में एक विशेष बोगी और लगवा दें, तो बहुत सुविधा हो जाएगी और आप भी सम्मेलन में आने की अवश्य कृपा करेंगे। टेलीफोन लग गया। नियत समय पर ट्रेन में विशेष बोगी की सुविधा भी मिल गई, किंतु तीसरी बात के उत्तर में उन्होंने कहा, सम्मेलन वगैरह से तो मैं दूर ही रहता हूँ। मैं नेता नहीं हूँ। खिदमतगार हूँ। मुझे तो इसी काम के लिए रहने दीजिए।

QUIZ TIME

1) बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास शांति प्रयास ढ्ढ्ढ कहाँ आयोजित किया गया हैं?

2) नए संसद भवन को बनने में लगभग कितने रुपए खर्च आया है?

3) जनवरी 2024 में मोह-जुज भैंस लड़ाई की किस राज्य में वापसी हुई?

4) दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में किसने कार्य किया?

5) किसने दुबई में एक कॉन्सर्ट में 100 से अधिक भाषाओं में गाना गाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) काठमांडू (2) 1200 करोड़ रुपये (3) असम (4) गुलजारीलाल नंदा (5) सुचेता सतीश

शब्द सागर

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। पूराना निवेश आज आपके बहुत काम सकता है। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं।

वृष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन फेवरेबल है। आपको शिक्षकों से पढ़ाई में पूरी तरह मदद भी मिलेगी।

मिथुन राशि-आज आपको थोड़ा मानसिक तनाव हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकिर चिंतित रहेंगे। आपका अपने रोज के कामों में भी मन नहीं लगेगा। आप थोड़े सुस्त हो सकते हैं।

कर्क राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। संतान पक्ष से आज आपको खुशखबरी मिल सकती है। जिससे अपका मन खुश हो जाएगा। कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहद ही शुभ है।

सिंह राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से एक्स्ट्रा भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अजनबी व्यक्ति की वजह से आपका मूड थोड़ा खराब हो सकता है।

कन्या राशि-आज आपका दिन फेबरेबल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। आपके पास कुछ नई जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे। पहले किए गए अच्छे कामों का आज आपको फायदा मिल सकता है। आप करियर में आगे बढ़ेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा होने के असार हैं। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता कर सकती है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना लगा रहेगा। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपके तरक्की में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में काफी इजाफा होगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा।

मीन राशि-आज आप अपनी ऊर्जा अच्छे कामों में लगा सकते हैं। सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। लेकिन छात्रों के लिए समय थोडा अनुकूल रहेगा।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न

दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिले में पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त कोडरमा ने कोडरमा जिला में महोत्सव मनाने के लिए अनुशंसा विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। चंदवारा प्रखंड अंतर्गत झील रेस्टुरेंट के समीप भूमि उपलब्ध हो और यहां पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु बच्चों का पार्क, बंबु हॅट, वॉकिंग लेन आदि की व्यवस्था करने की बात कही। कोडरमा प्रखंड अंतर्गत डुमरडीहा पंचायत के कुंडा तालाब और उत्तरवाहिनी धाम को पर्यटक रूप में अधिसूचित करने के लिए विभाग को अनुशंसा भेजने का निर्देश दिया गया। जिले के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा हेतु शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, बैठने की सुविधा इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पर्यटक स्थलों के रखरखाव एवं सुरक्षा के लिए सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मी सह सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति करने के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। सभी पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु सोलर लाइट अधिष्ठापन हेतु प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेजने का निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

बैंको की जिला स्तरीय प्रमर्शदात्री समिति दिसम्बर 2023 तिमाही के बैठक सम्पन्न

नवप्रदेश, संवाददाता

कोडरमा। उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय प्रमर्शदात्री समिति दिसम्बर 2023 तिमाही के बैठक सम्पन्न हुई। अग्रणी जिला प्रबन्धक निवास कुमार ने बैंको द्वारा दिसम्बर तिमाही वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही का वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उपायुक्त द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देश दिया गया की प्रखण्ड स्तर पर सरकार केन्द्रित योजनाओं विशेषकर सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के नवीनीकरण एवं इसके फायदे के लिए जागरूकता कैंप लगाएंगे। वार्षिक जमा ऋण अनुपात में बैंको द्वारा 40.73% की उपलब्धि प्राप्त की गई। प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना में जिले का अनुपात बेहतर रहा है। विदित है कि वर्ष 2022- 23 के कोडरमा जिले कि जिला ऋण योजना के तहत प्राथमिक क्षेत्र में रु 828.92 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि रु 677.33 करोड़ रही जो 81.71% थी। कृषि ऋण कि लक्ष्य प्राप्ति आशानुकूल नहीं है इसपर अध्यक्ष महोदया द्वारा सभी बैंको को प्रगति में वृद्धि एक लक्ष्य को मार्च महीने मे ही पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदया द्वारा rseti डाइरेक्टर को निर्देश दिया गया की वे मतस्य पालन पदाधिकारी के साथ समन्वय कर मछली पालन का नया बैच शुरू करें। बैठक में कोडरमा सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि आरबीआई सहायक महाप्रबंधक सन्नि कुमार, डीडीएम नाबार्ड मोजाम्मिल हुसैन, अग्रणी जिला प्रबन्धक निवास कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कोडरमा से राजीव सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला मतस्य पालन पदाधिकारी विजय सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविंद सिन्हा, आरसेटी निदेशक मनोहर लाल निराला, कोडरमा के सभी बैंको के जिला समन्वयक एवं अन्य पदाधिकारी समल्लित हुए।

राज इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित

नवप्रदेश, कोडरमा। मैं नारी हूं है गर्व मुझे, ना चाहिए कोई पर्व मुझे। संकल्प करो कुछ ऐसा कि अब सम्मान मिले हर नारी को, बंदिश और जुल्म से मुक्त हो अपनी वो खुद अधिकारी हो। कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक संपा सिंह को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में दिव्याम ड्रीम फाउंडेशन के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मनित किया गया। इसके साथ-साथ राज इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर ने ना सिर्फ विद्यालय का बल्कि पूरे जिले का नाम रौशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म चामी मुर्मू , संजय सेठ, राँची के सांसद मिथलेश मिश्रा संयुक्त सचिव विधान सभा, आशा लकड़ा पूर्व मेयर आदि थे। सम्मान पाकर राज इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के बराबरी नहीं, बल्कि उनसे दो कदम आगे आना चाहिए। महिलाओं की प्रगति में उनके पति और परिवार की भी अहम भूमिका रहती है।

विकास का कार्य यूं ही बदस्तूर लगातार जारी रहेगी : डॉ नीरा यादव

विधायक डॉ नीरा यादव ने चेक डैम एवं नाली निर्माण का किया शिलान्यास

नवप्रदेश संवाददाता

कोडरमा। लघु सिंचाई प्रमंडल कोडरमा के द्वारा दिन सोमवार को कार्यान्वित एवं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव द्वारा अनुशंसित दो योजनाओं का शिलान्यास हुआ। कोडरमा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बलरोटांड मन्दिर के निकट उन्नीस लाख तेरासी हजार दो सौ रुपए की एकरारित लागत से लोकाई चौक आरसीडी रोड से रेलवे पुल तक ढक्कन सहित आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के कर कमलों द्वारा विधि विधान से पूजा करते हुए एवं नारियल फोड़कर संपन्न हुआ। इसके बाद कोडरमा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बसधरवा में पैंतीस लाख तेरह हजार की एकरारित लागत से बसधरवा नाला पर चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने सोमवार को ही किया। कार्यक्रम में नीरा यादव ने कहा इसी तरह विकास का कार्य लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा इसी मन्दिर के पास विगत वर्ष ग्रामीणों ने नाली निर्माण की मांग किया था आज उस जनहित कार्य का शिलान्यास आज इसी मन्दिर के पास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि नाली की मांग किए थे उसे विधायक महोदया ने आज पूरा कर दिए इसके लिए उन्हें कोटि कोटि आभार। मौके पर विभाग के सहायक अभियंता सतीश कुमार कनीय अभियंता शैलेश कुमार, चंद्रप्रकाश कुमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव कुमार, मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, रवींद्र यादव, गोपाल यादव, बिरेंद्र यादव, देव नारायण प्रसाद, भगवान दास, मनोहर मोदी आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

जुमार्ना राशि नहीं देने पर 4 महीना अतिरिक्त सजा

महिला के साथ छेड़छाड़ व हमला के आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास 8000 जुमार्ना

नवप्रदेश संवाददाता

कोडरमा। एक महिला के घर में घुसकर गलत नीयत से छेड़छाड़ करने, दुष्कर्म करने का प्रयास करने, असफल रहने पर मारकर घायल करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने आरोपी बद्री राणा पिता कार्तिक राना 55 वर्ष निवासी आदर्श मोहल्ला कोडरमा को 326 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही ?8000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 4 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने 341 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 1 वर्ष कारावास की सजा सुनाई एव जुमार्ना लगाया। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2020 का है। इसे लेकर कोडरमा- थाना कांड संख्या 72/2020 एवं एस टी 48/2021 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी श्रीमती एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा तय कीया और जुमार्ना लगाया। इसे लेकर मुक्तभोगी महिला ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर बद्री राणा पर घर में घुसकर उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ करने, जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास करने एवं उसके विरोध के बाद दुष्कर्म करने में असफल रहने पर, मार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था और न्याय दिलाने की गुहार लगाई थी।

गरीबों के खाने का नेवाला कुड़ा मे जिम्मेवार कौन : रूचिर तिवारी

मेदिनीनगर पलामू। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने नगर निगम क्षेत्र के भ्रमण के दौरान देखा कि नगर निगम के क्षेत्र के गाड़ी के पार्किंग इलाका सरकारी बस डिपो के बगल में गरीबों के खाने वाला राशन सैकड़ो बोड़ा जमीन पर बीगा हुआ है उन्होंने इस संदर्भ में वहां के कर्मियों से पूछताछ भी किया तो उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में मुझे कोई जानकारी नहीं है जिला सचिव श्री तिवारी ने सवालिया लफ्जों में कहा कि गरीबों के खाने वाला निवाला यह कहां से आया यह अनाज कब का है और कैसे खराब हो गया यह बहुत बड़ा प्रश्न है जिसका जवाब खाद आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किसको ही दे सकती है मौके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने सदर मो एवं खाद आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी के पास भी टेलिफोनिक फोन करके जानकारी प्राप्त किया परंतु किसी भी पदाधिकारी को यह मालूम नहीं है कि वह अनाज किसका है और कहां से आया है ऐसी स्थिति में कैसे होगा आम आदमी का विकास कैसे मिटेगी लोगों की भूख लोगों को खाने वाला अनाज कूड़ा करकट में फेंका गया है और इसकी जानकारी किसी भी पदाधिकारी को नहीं है यह दुर्भाग्य की बात है अगर यह अनाज खराब हो गया था तो यह अनाज कहां का था इसको जमीन के अंदर क्यों नहीं गड़ा गया यह अभी जांच का विषय है पलामू उपायुक्त अभिलंब इसकी जांच करें ताकि पता चले कि आम जनता के टैक्स के पैसा से मिलने वाला गरीबों का मुफ्त राशन आखिर कूड़ा करकट में क्यों फेंका गया और यह राशन किसका है जांच टीम में जिला सचिव श्री तिवारी के अलावा नसीम राइन,अभय कुमार भूइंया, सरवन चौधरी आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले का होगा निस्तारण

पीडीजे उपभोक्ता फोरम से जुड़े वाद पर होगा बिशेष फोकस

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर पलामू। झालसा के दिशा निर्देश पर 9 मार्च शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के पहले राषटीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य है ।उन्होंने बताया लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गई है । उन्होंने बताया कि बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार 500 मामले का निस्तारण किया गया था। इस बार 25 हजार से भी अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है ।इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ब्यवहार न्यायालय परिसर में 10:30 बजे से किया जाएगा। जो कोर्ट कार्य अवधि तक चलेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 14 पीठ बनाए गए है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत मर चेक बाउंस से संबंधित मामले, सुलहनीय बाद ,सभी तरह के दीवानी मामले, विधुत अधिनियम के बाद, विवाहोतर प्रताड़ना के वाद,राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित वाद, श्रम वाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले, छोटे आपराधिक वाद, बैंक ऋण,बी एस एन एल, विधुत विभाग से सम्बंधित, भूमि अधिग्रहण के मामले, एम सर्विस से सम्बंधित, एम ए सी टी, पारिवारिक विवाद, उपभोक्ता फोरम, आदि से जुड़े मामले का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक कर सभी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 11 मार्च से फैमिली मेटर को ले स्पेशल ड्राइव चलाया जाएगा। इसलिए राषटीय लोक अदालत में फैमिली मेटर को ले बिशेष फोकस रहेगा। साथ ही अधिक से अधिक लोग लोक अदालत में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाए। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्टम अमरेश कुमार, सी जे एम आनंद सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार अमित गुप्ता, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार, प्रतीक राज आदि लोग उपस्थित थे।

डीसी, डीएफओ, डीडीसी व एसडीओ द्वारा शेल्फी लेकर Verified Voter अभियान का किया गया शुरूआत

मतदाता अपने पहचान पत्र का करें सत्यापन : उपायुक्त

नवप्रदेश, संवाददाता

कोडरमा। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सोशल मीडिया अभियान कें Verified Voter का शुभारंभ हुआ। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज व अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा शेल्फी लेकर Verified Voter अभियान का शुरूआत किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मतदाता अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन (Voter Helplife App Voters Service Portl (https:voters.eci.gov.i) के माध्यम से जांच कर लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करें। साथ ही उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर अंतिम प्रकाशित मतदाता की प्रति एवं प्रपत्र 8, 7 एवं 8 के साथ रहें, ताकि आम नागरिकों को उक्त अभियान के बारे में बता सके एवं आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु आम नागरिकों से भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त कर सकें। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील किये कि अगले तीन हफ्तों तक चलायें जाने वाले केंVerified Voter अभियान में शामिल हों और अपना मतदाता पहचान पत्र का सत्यापन करें।

मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति किया गया जागरूक

जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रंगोली, प्रभात फेरी, रैली व अन्य कार्यक्रमों को आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही मतदाताओं ने नैतिक मतदान की शपथ ली। मतदाताओं ने हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। की शपथ ली।

एनटीपीसी में अवैध बालू भंडारण पर नहीं लगी रोक, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

टंडवा। अवैध बालू भंडारण का सिलसिला टंडवा एनटीपीसी के अधीन कंपनियों में थमने का नाम नहीं ले रहा है। आसपास के विभिन्न नदियों से अवैध बालू की निकासी कर एनटीपीसी के अधीन कंपनियों के साइड में डंप किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन व खनन विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। बताया गया बालू माफिया एवं खनन अधिकारियों की मिली भगत से बालू का अवैध उठाव हो रहा है। यह सिलसिला पिछले कई सप्ताह से चल रहा है। प्रखंड के नईपारम ददुआ उतराठी टंडवा नदी घाट से बालू का उठाव करने के लिए बालू माफियाओं सक्रिय है। खनन अधिकारियों ने इसे रोकने के लिए अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है।

एक नजर

मेदिनीनगर प्रखंड परिसर में राज्य सरकार के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया



मेदिनीनगर पलामू। भारतीय जनता पार्टी नगरमंडल ग्रामीणमंडल एवं पोलपोलमंडल के संयुक्त तत्वाधान में सदर प्रखंड मेदिनीनगर परिसर में राज्य सरकार के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेदिनीनगर अध्यक्ष छोटू उर्फ अविनाश सिन्हा ने एवं संचालन राजू सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि 2024 प्रारंभ होते ही राज्य की भ्रष्ट महाठगबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है मा०पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई भ्रष्ट अधिकारी जमीन एवं खनन घोटाले में जेल पहुंच गए हैं और जैसे-जैसे घोटालो की जांच आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे भ्रष्ट मंत्रियों अधिकारियों-पदाधिकारी की नींद हराम होने लगी है। 5 लाख नौकरी देने का वादा कर सत्ता पर काबिज होने वाली हेम्मत सरकार ने सब्जबाग दिखाकर सिर्फ युवाओं को ठगने का काम किया है। जेएसएससी परीक्षा में हुए कदाचार एवं पेपर लिक का मामला अत्यंत गंभीर एवं शर्मनाक है इससे झारखंड राज्य की बदनामी पूरे देश में हो रही है। वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा ने कहा कि राज्य में लगातार गिरती कानून व्यवस्था से लोग हैरान एवं परेशान है न महिलाएं सुरक्षित है न व्यवसायी सुरक्षित है न आमजन। राजनीतिक संरक्षण मिलने से अपराधी बेखौप-बेलगाम है। राज्य सरकार के कार्यकलाप से गरीब किसान महिला युवा सभी में हताशा है लोग समय का इंतजार कर रहे हैं इस निकम्मी,भ्रष्ट ठगबंधन सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्गा जौहरी, प्रदीप सिंन्हा, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, पोलपोल मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिंन्हा, गुड्डू खान, ओमप्रकाश पप्पू सहित कई नेताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त कर राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के बीच उजागर किया। धरना कार्यक्रम में अभिमन्यु तिवारी नंदलाल गुप्ता किशन मुखडिया सरवन गुप्ता संजय कुमार बृजेश गुप्ता शुभक तिवारी मनीष भीमानिया रिंकू रंजन निवेदन अग्रवाल इम्तियाज खान श्वेतांग गर्ग अनिमेष कुमार रीना किशोर सीटू गुप्ता मंजू गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदान प्रतिज्ञा, मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग के सभी प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

मेदिनीनगर। शिवाजी मैदान में उपस्थित सभी लोगों को मतदान प्रतिज्ञा दिलाया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने मैदान में उपस्थित सभी लोगों से विशेष रूप से बच्चों से इलेक्शन से जुड़े कई सवाल किये व सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी तरह रंगोली, पेंटिंग व बेहतर मेहंदी लगाये बच्चियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे नुक्कड़ नाटक से भी लोगों को मतदान के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला गया साथ ही मतदाता जागरूकता लिखे पम्पलेट को गुब्बारे के साथ हवा में उड़ाकर भी मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे समेत आमजन उपस्थित रहे।

अवैध गिट्टी लदा चार हाईवा व एक ट्रक जब्त

डोमचांच (कोडरमा)। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार अंचल क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित महेशपुर चौक के समीप से रविवार देर रात्रि अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पाण्डेय ने ओवरलोडेड व बिना माइनिंग चालान के परिवहन कर रहे 4 हाईवा एवं 01 ट्रक वाहन को जब्त किया गया है. जिसका नंबर (1) बीआर 53 ए 7680, (2) जे एच 12 एम 6235, (3) जेएच 02 बी के 0519, (4) जे एच 12एम 7739 (5) जे एच 10 बीएल 6717 है। इन वाहनों के चालकों के द्वारा गिट्टी से सम्बंधित किसी प्रकार की कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद पांचो वाहनों को जब्त करते हुए अग्रसर कार्रवाई हेतु डोमचांच प्रखंड परिसर में सुरक्षित रखा गया है। एवं खनन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है।

डोमचांच प्रखंड मुख्यालय परिसर मे भाजपा का एकदिवसीय धरना

डोमचांच (कोडरमा)। झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार एंव जेएसएससी नियुक्ति घोटाले के विरुद्ध मे डोमचांच प्रखंड के भाजपा कार्यकताओं द्वारा एक दिवसीय धरना डोमचांच प्रखंड मुख्यालय परिसर मे दिन सोमवार को दिया गया। इस धरना में झारखंड सरकार के विरुद्ध नारे लगाये गये. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश राम ने किया. जबकि संचालन परिजात सिंह ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता महेन्द्र प्रसाद वर्मा, भाजपा युवा नेता संजय मेहता, भाजपा नेता वीरेंद्र कराटे, डोमचांच नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील मेहता, डोमचांच महामंत्री कुलदीप राम, रामनाथ सिंह, सुनील सिंहा, परमेश्वर यादव, महेन्द्र यादव, सुनील भारती, महादेव साव, कारु सिंह, राम किशुन सुंडी, भागवत खटीक, परिजात सिंह, नीमेश सिंह, निक्कू सिंह, सुरेश गोस्वामी, प्रदीप यादव, आदि मौजूद अन्य लोग मौजूद थे।

भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों को लेकर सतगावां भाजपा ने प्रखंड मुख्यालय में दिया एकदिवसीय धरना

नवप्रदेश, सतगांवा। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अभिलंब रोक लगाने को लेकर भाजपा प्रखंड इकाई ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना कार्यक्रम में जिला महामंत्री सह प्रखंड प्रभारी राजकुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकताओं ने विभिन्न माँगो को लेकर धरना दिया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास के निर्माण के लिए बालू उठाव पर रोक हटाने, जेएसएससी नियुक्ति में हुए घोटाले तथा प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि मांग शामिल हैं। वहीं भाजपा का एक शिष्यमंडल ने राज्यपाल के नाम बीडियो को ज्ञापन सौंपा। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने किया। जबकि संचालन बालमुकुंद सिंह ने की। धरना कार्यक्रम में राजेश प्रसाद, प्रखंड महामंत्री प्रदीप यादव, रंजीत सिंह, अशोक कुमार शशि, सुबोध कुमार सिन्हा, तुलसी प्रसाद अग्रवाल, राजेश भगत आदि शामिल थे।

अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान आयोजित

नवप्रदेश, कोडरमा। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह की अगुवाई में अनुमंडल कार्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता के लिए हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हस्ताक्षर अभियान में मतदाता जागरुकता के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह व अनुमंडल कार्यालय के कर्मी व आमजनों ने अपने-अपने संदेश देते हुए हस्ताक्षर किया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के जरिए अनुमंडल पदाधिकारी ने कोडरमा जिला के सभी मतदाताओं को मतदान करने एवं मतदान के महत्व के बारे में बताया।

लोस चुनाव बनेगा महिला, युवा, दिव्यांग और यूनिक मतदान केंद्र : डीसी

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक हुई

रामगढ़। लोकसभा चुनाव की तैयारी जिला प्रशासन ने अभी ही पूरी कर ली है। उम्मीद जताई जा रही है कि 10 मार्च के बाद कभी भी अधिसूचना जारी हो सकती है। लेकिन इस बीच शत प्रतिशत मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी ताकत के साथ अभियान चला रहा है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने अधिकारियों में कोऑर्डिनेशन के साथ काम हो इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के बीच एक संयुक्त बैठक की। इस बैठक में एसपी डॉक्टर विमल कुमार भी शामिल हुए। हर वर्ग के लिए विशेष थीम पर मतदान केंद्र भी बनाए जाएंगे। यह तय किया है कि जिले में यूनिक मतदान केंद्रों, महिला मतदान केंद्रों, दिव्यांग मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्र आदि बनाए जाएंगे।

80 वर्ष से अधिक और दिव्यांगों के लिए होगी विशेष सुविधा

शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाए, इसके लिए अभियान चल रहा है। अभियान की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर विशेष सुविधा मुहैया करने का निर्देश दिया।

स्ट्रांग रूम और वेब कास्टिंग रूम के लिए निर्देश जारी

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूम, वेब कास्टिंग आदि को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए है। रामगढ़ जिले में इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी निर्देशों को अच्छी तरह से समझ लें। किसी तरह की कोई दुविधा होने पर त्वरित उसे दूर कर लें।

चुनाव तैयारी की प्रखंडवार की गई समीक्षा

बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रखंडवार संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। सभी अधिकारियों को नियमित रूप से अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान के लिए केंद्र को पूरी तरह से तैयार रखने का निर्देश दिया। इस सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने सेक्टर दंडाधिकारियों के रूट चार्ट, सेक्टर दंडाधिकारियों द्वारा भरे जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों, एफएसटी एवं एसएसटी दल द्वारा किए जाने वाले कार्यों आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की जनता पर जताया भरोसा, कहा-एक बार फिर भाजपा उम्मीदवार की होगी जीत

रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी ने हजारीबाग लोकसभा सीट से सदर विधायक मनीष जायसवाल को उम्मीदवार घोषित किया है। इस बार नए उम्मीदवार पर पार्टी ने बड़ी उम्मीद जताई है। इस सीट से दो बार सांसद रहे जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ने का ऐलान किया था। जिसके बाद भाजपा ने मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया। उम्मीदवार बनाए जाने पर मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के शीर्ष नेताओं और राज्य कमेटी के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि हजारीबाग की जनता एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने के लिए उसके उम्मीदवार को जिताएगी। हजारीबाग में भाजपा कार्यकताओं की बदौलत पिछले कई वर्षों से इसी पार्टी के सांसद रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन विकसित भारत बनाना है। इसी विजन को पूरा करना हर सांसद का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। अब विकास की इस लकीर को और आगे बढ़ाना है। पूरे देश की जनता इस बार 400 से ज्यादा सीटें एनडीए की झोली में डालेगी।

रेल नेटवर्क बढ़ाने और विस्थापितों को हक दिलाना उनकी प्राथमिकता

मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में रेल नेटवर्क को बढ़ाना है। हजारीबाग क्षेत्र कोयलांचल का क्षेत्र है और यहां विस्थापन एक बड़ा मुद्दा है। विस्थापितों को सम्मान के साथ उनका अधिकार दिलाना भी हमारा उद्देश्य है। प्रधानमंत्री यह चाहते हैं कि देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। इन एजेंडों को लेकर हम लोग चलेंगे और इसमें युवा, महिला सभी को समाहित करेंगे।

जनता में है उत्साह

हजारीबाग की जनता में मनीष जायसवाल को लेकर बड़ा उत्साह है। जब वह क्षेत्र में घूम रहे थे, तो लोगों ने उनका स्वागत इस तरह किया जैसे उनकी जीत अभी ही सुनिश्चित हो गई है। हजारीबाग के हर इलाके में उम्मीदवार बनने के बाद मनीष जायसवाल घूम चुके हैं। हर जगह कार्यकताओं और जनता का हुजूम उमड़ पड़ा था।

आयुष फाउंडेशन धनबाद और लाडो रानी के तत्वाधान मे ब्रेस्ट कैंसर पर निःशुल्क जागरूकता सेमिनार का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। आयुष फाउंडेशन धनबाद और लाडो रानी के तत्वाधान मे धनबाद कोचिंग एसोसिएशन से संबंधित लुबी सर्कुलर रोड स्थित विद्या मंदिर में ब्रेस्ट कैंसर पर निःशुल्क जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में करीब 45 नवयुतियों ने भाग लिया। समाज सेवी मुख्य अतिथि थी। मुख्य वक्ता डॉक्टर साधना थीं। डॉक्टर साधना ने बताया ब्रेस्ट कैंसर आज सबसे ज्यादा पाए जाने वाला कैंसर है। महिलाएं ही नहीं पुरुष भी इस बीमारि के शिकार होते है। देर से शादी होना, स्तनपान नही करना, कुछ जेनेटिक भी होते है, आदि मुख्य कारण होते है। ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन से बीमारी से बचा जा सकता है। अगर सही समय पर बीमारी पकड़ आ जाए तो इलाज सम्भव हैं। डॉक्टर साधना ने बताया अगर कोई सेमिनार के 1 हफ्ते में ब्रेस्ट रिलेटेड किसी भी बीमार संबद्ध कोई चेक अप करना चाहता है तो साधना हॉस्पिटल में निःशुल्क चेक अप होगा। तस्वीरों के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। विद्या भारती के संचालक और धनबाद कोचिंग एएसोसिएशन अध्यक्ष मनोज सर ने कहा इस अभिनयन की हमारे समाज को जरूरत है, महिलाएं शर्म से अपनी बीमारी छुपा लेती है अगर पुरुष आगे आकर बात करें तो महिलाएं खुल कर बात कर सकती है। प्रियंका ने कहा ऐसे और कार्यक्रमों की जरूरत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों मैं है। मौके पर सचिव अर्पिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, उपसचिव कुमार प्रशांत, गीता दास, तनिषा, नीलम चौरसिया, रूबी शाही, आदि मौजूद थे।

पहला कदम में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। विश्व श्रवण दिवस सम्पूर्ण विश्व मे 3 मार्च को मनाया जाता है । 2024 कि थीम है बदलती मानसिकता- आइए कान और सुनने की देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाये। इस थीम का मुख्य उद्देश्य हमे सुनने के समर्थन और देखभाल के प्रति अपनी मानसिकता को बदलने के लिए प्रेरित करना है। सुनने की क्षमता में कमी या बहरापन ऐसी स्थिति है जिसमे व्यक्ति अपनी सुनने की क्षमता को खो देता है। अधिकांश लोग सुनने की समस्या को गम्भीरता से नही लेते है और इसे अनदेखा कर देते है इस कारण यह समस्या सही समय पर सही इलाज न होने से गम्भीर रूप धारण कर लेती है। पहला कदम स्कूल में भी विश्व श्रवण दिवस पर सुनने की समस्याओं को समझाने और इसके समाधान के लिए स्पेशलिस्ट द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। और बताया गया कि सुनने की समस्या के समाधान और सहायता के लिए जरूरी है कि हम अपनी मानसिकता बदले और इसे प्राथमिकता बनाये और और इनसे पीड़ित को हीन भावना में ग्रस्त न होने दे और सामान्य जन की तरह ट्रीट करें।

ज्योतिष बंगाल प्रांत की सोहनी फेम प्रीमियर राइजिंग अवार्ड 2024 से सम्मानित

दो मर्तबा राष्ट्रपति अवार्ड से हो चुकी है सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता



धनबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दो मर्तबा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात ज्योतिष बंगाल प्रांत की डॉ. सोहनी शास्त्री को फेम प्रीमियर राइजिंग अवार्ड 2024 से विभूषित किया गया। इस अवसर पर देश की चंद नामचीन महिलाओं को भी सम्मानित किया गया जबकि बंगाल प्रांत से केवल डॉ. सोनी शास्त्री ने सम्मान पाया। डॉ. सोनी शास्त्री प्रख्यात ज्योतिष होने के साथ ही लाइफ कोच मोटिवेशनल स्पीकर तथा लोकोपकारक के रूप में भी अपनी विशिष्ट उपलब्धियां के कारण राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित है। धैर्य के साथ अनवरत कर्म, धर्म और ईश्वर पर अटूट आस्था से सभी लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं राष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रबुद्ध महिलाओं ने उनके मार्गदर्शन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

सुनील कुमार सिंह ने जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, धनबाद के रुप में पदभार किया ग्रहण

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। सुनील कुमार सिंह ने जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, धनबाद के रूप में पदभार ग्रहण किया। सुनील सिंह झारखण्ड सूचना सेवा के चतुर्थ बैच के अधिकारी हैं। इससे पहले वो सरायकेला खरसावां में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थें। उन्होंने कहा कि जिला में पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सूचना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान जिला जनसम्पर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

मानदेय मामले को ले पूर्व विधायक के नेतृत्व में सहिया गण मिलने पहुंचे सिविल सर्जन से

2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार स्वीकृत कर दी है पर बढ़ा हुआ मानदेय सहियाओं को अभी तक नहीं मिला

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। बढ़ा हुआ मानदेय भुगतान की मांग को ले धनबाद जिले के सहिया एवं सहिया साथी पूर्व विधायक अरुप चटर्जी के नेतृत्व में धनबाद सिविल सर्जन से मिलने उनके कार्यालय पहुंची। सहिया ममता दास ने बताया कि सरकार ने मानदेय राशि 2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार स्वीकृत कर दी है पर बढ़ा हुआ मानदेय सहियाओं को अभी तक नही मिला है। साथ ही कॉविड-19 का प्रोत्साहन राशि भी बकाया है. उन्होंने कहा 2 हजार के मानदेय में घर चलाना बहुत मुश्किल है। सहिया के काम के कारण ही आज कॉविड-19 पर विजय प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य संबंधी अनेक कामों में सहियाओं का योगदान रहता है। अरुप चटर्जी ने भी सहियाओं की मांग को जायज ठहराया। उन्होंने कहा महज दो हजार के मानदेय पर घर चलाना मुश्किल है। सरकार द्वारा स्वीकृत बढ़ा हुआ मानदेय इन्हे शीघ्र मिले।

पलामू में छत्तीसगढ़ की आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपित गिरफ्तार

पलामू। झारखंड के दुमका जिले में एक मार्च की रात स्पेनिश महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ कि पलामू में छत्तीसगढ़ की आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आया है।

बताया जाता है कि घटना जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र की है।

महिला नर्तकी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसके बयान के बाद सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीन आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। दो को गिरफ्तार किया गया है। एक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में 29 वर्षीय अजय कुमार रवि उर्फ अजय कुमार उर्फ छक्का पिता लखन राम, ग्राम कुलिया, थाना पांडु एवं 26 दीवाना उर्फ बिंदेश्वरी कुमार, पिता मुंद्रिका राम, ग्राम उर्सला, थाना-रेहला शामिल हैं। पीड़िता को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसकी मेडिकल जांच करा दी गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिश्रामपुर के गोलू नामक युवक ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की रहने वाली महिला आर्केस्ट्रा कलाकार की बुकिंग शनिवार रात के लिए हैदरनगर इलाके के लिए की थी। हैदरनगर में कार्यक्रम नहीं होने पर महिला डांसर और उसकी बहन को लेकर गोलू रविवार की अहले सुबह विश्रामपुर अपने घर ले आया था। यहां दोनों बहनों को अलग-अलग कमरों में रखा। इसी क्रम में 21 वर्षीय महिला आर्केस्ट्रा कलाकार को कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दिया। महिला कलाकार का आरोप है कि कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिला हुआ था। हालांकि कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद भी वह होश में थी। इसी क्रम में गोलू और उसके साथ दो अन्य सार्थियों ने उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया। सुबह करीब 7 बजे उसने अपने पुरुष साथी (सिंगर) को घटना की जानकारी दी और उसे विश्रामपुर बुलाया। इसके बाद वह अचेत पड़ गई। उसके पुरुष साथी ने उसकी बहन की मदद से महिला डांसर को अचेत अवस्था में लेकर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया। यहां होश में आने के बाद महिला कलाकार ने घटना की पूरी जानकारी दी। चर्चा है कि आरोपी गोलू दुष्कर्म करने के बाद महिला कलाकार से मामले में कंप्रोमाइज करने के लिए एमआरएमसीएच पहुंचा था। महिला डांसर के अनुसार वह पिछले दो वर्ष से आर्केस्ट्रा में डांस करते आ रही है। उसका घर छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर इलाके में है, लेकिन वह पिछले एक वर्ष से डालटनगंज के जीएलए कॉलेज इलाके में किराये के मकान में रहती है और बुकिंग होने पर आर्केस्ट्रा में डांस करने जाया करती है। गोलू के लिए वह काम करती थी। गोलू आर्केस्ट्रा की बुकिंग लेता था और उसके बताए पते पर जाकर वह डांस किया करती थी। अचानक उसने इस घटना को अंजाम दिया। दोनों में भाई-बहन का रिश्ता बन गया था। इधर जानकारी मिली है कि दुष्कर्म की घटना की जानकारी गोलू की पत्नी को भी उसी समय लग गई थी। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच काफी विवाद भी हुआ। मारपीट की भी नौबत बन गई। संभावना है कि इसके बाद गोलू मामले में समझौता करने के लिए अस्पताल तक पहुंचा था।

युवाओं को रोजगार देने में झारखंड सरकार विफल : आशीष कुमार सोनी

गुमला। घाघरा व आदर मंडल के भाजपाइयों ने सोमवार को झारखंड सरकार के विफलताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान सैकड़ो की संख्या में भाजपाई पार्टी कार्यालय के समक्ष एकजुट हुवे. जिसके बाद हाथों में तख्तियां लेकर झारखंड सरकार, हेमंत सोरेन व चंपई सोरेन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल ब्लॉक परिसर पहुंचे. जहां राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया. इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक ने कहा जिस राज्य के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हो उस राज्य का क्या हाल होगा. ऐसी सरकार से राज्य की जनता क्या उम्मीद कर सकती है. राज्य के युवा का भविष्य अंधेरे में है समय से वैकेंसी नहीं आ रही है।

एक नजर

मारपीट के पुराने मामले में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो हुए कोर्ट में पेस

चिटाही घाम मामले में खुद को बतलाया पाकसाफ कहा गंदी राजनीति करने वालों के द्वारा रची जा रही है साजिस

धनबाद। मारपीट के पुराने मामले में आज बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो एमपी एम एल ए की विशेष अदालत में पेश होने पहुंचे थे। वहीं मिडिया द्वारा पुछे जाने पर पूर्व एस एस पी के द्वारा झूठे मुकदमा कर परेशान करने की बात कही साथ ही चिटाही घाम के आठ पीड़ीत परिवार के सवाल पर कहा की प्रशासन है सरकार है जांच कर करवाई करे दूध का दूध और पानी पानी हो जाएगा। मंदिर परिसर की जमीन मंदिर कमेटी ही जानती है। इससे उनका कोई लेना देना नही है। कुछ लोग के द्वारा गन्दी राजनीति की जा रही है। उनका काम हमेशा गरीबों की मदद करना है। वहीं जलेश्वर महतो के द्वारा दिये गए ब्यान पर उन्होंने कहा मैं स्क्रीट आदमी से बात नही करता हूँ। उन्होंने कहा कि धरने पर बैठे रैयत के मामले में कोई भी जांच कर ले अगर मै दोषी पाया तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

चिटाही ग्रामीणों को पुनः दुकान लगाने की अनुमति मिले व उनका जमीन वापस किया जाए : पूर्व मंत्री

धनबाद। रणधीर वर्मा चौक स्थित धरनास्थल पर विगत 7 दिनों से चिटाही ग्रामीण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं जिनसे मिलने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों से मिलने पहुंचे जहा उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि चिटाही ग्रामीणों को पुनः दुकान लगाने की अनुमति मिले एवं उनका जमीन उन्हे वापस किया जाए। कांग्रेस पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने विधायक ढुल्लू महतो पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके द्वारा ग्रामीणों को शोषित एवं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है उनके रोजी-रोटी के लिए चल रहे दुकानों को बंद किया गया है जो कि सरासर गलत है उन दुकानों को पुनः खोला जाए जिससे वह के ग्रामीणों की आजीविका चलती रहे। पीड़िता सुनिधि कुमारी ने बताया कि बीते दिन सीओ साहब आए थे जिन्होंने हमें बर्गलाने का काम किया है और समझौता करने की बात कह रहे हैं। मैं बस जिला प्रशासन से इंसाफ चाहती हूं जहां यदि हमारी मांगे गलत है तो भी हमें स्वीकार है और यदि हमारी मांगे सही हैं तो हमें हमारा अधिकार मिलना चाहिए।

उदय शर्मा चौथी बार राजद के प्रदेश महासचिव बने



धनबाद। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने केन्दुआ बाजार निवासी राजद नेता उदय शर्मा को पार्टी का प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त कि है कि नव मनोनीत महासचिव पूरी लगन एंव निष्ठा के साथ अपने पद कि गरिमा को अक्षुण बनाये रखेंगे। इनके मनोनयन पर राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक सदस्य सह पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव सुनील सिंह पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पूर्व महानगर अध्यक्ष मंसूर आलम अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मो. गुलाम समदानी महिला प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष अनवरी खातुन, रंजन शर्मा, हसन खान, राजीव रंजन, रविन्द्र वर्मा आदि ने हार्दिक बधाई दी है। उदय शर्मा पार्टी में चौथी बार प्रदेश महासचिव बने, इससे पूर्व, पूर्व मंत्री सह तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष गिरीनाथ सिंह अन्नपूर्णा देवी एवं अभय कुमार सिंह की कमिटी में कार्य कर चुके हैं। पार्टी के संस्थापक सदस्य सुनील सिंह ने कहा कि इनके मनोनयन से संगठन सशक्त होगा एवं इनके अनुभव का पार्टी को लाभ मिलेगा।

जन समस्याओं को लेकर बसपा करेगा 7 को धरना प्रदर्शन

धनबाद। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तमाम राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) भी जन समस्याओं को लेकर आगामी 7 मार्च को रणधीर वर्मा चौक के समक्ष धरना प्रदर्शन आयोजित करेगा। यह निर्णय सोमवार को लक्ष्मी कलवारी अंबेडकर चौक के पास पार्टी की हुई एक बैठक में दिया गया। बैठक की अध्यक्षता विनोद पासवान ने की जबकि संचालन गणेश भारती ने की।मौके पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शुभम दास लोकसभा प्रभारी दो रामप्रवेश पासवान भी उपस्थित थे। बैठक में जन समस्याओं को लेकर विस्तार से न केवल चर्चा हुई बल्कि इसके समाधान के लिए रणनीति भी तैयार की गई। बैठक में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर उदासीन जनप्रतिनिधियों की जोरदार आलोचना की गई तथा इसके लिए आंदोलनात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

सुबह होने से पहले ही बैंक के सीढ़ीयों में बैठकर बैंक खुलने का इंतजार करते हैं घाघरा के खाता धारक

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने लोगों द्वारा लगातार मोबाइल के जरिए बैंक ऑफ इंडिया में पैसे की निकासी व केवाईसी इत्यादि कामों में हो रही परेशानी से अवगत कराए जाने के बाद श्री सिंह ने बैंक ऑफ इंडिया घाघरा पहुंचकर लोगों से बात की तथा बैंक प्रबंधक से मिलकर अविलंब टोकन सिस्टम तथा बैंक का काम में बदलाव लाते हुए खाताधारकों को राहत देने की बात कही है। इस पर बैंक प्रबंधक ने कहा कि जल्द खाताधारकों की परेशानी दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाई जाएगी। विदित हो कि घाघरा में राष्ट्रीयकृत बैंक की कमी होने से और बैंक ऑफ इंडिया में भारी भीड़ होने के कारण खाताधारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खाताधारक सूर्योदय के पूर्व बैंक के सीढ़ी में आकर बैठ जाते हैं और बैंक खुलने का इंतजार करते हैं। क्योंकि जल्दी नहीं आने से दो-तीन दिनों में भी बैंक का काम नहीं हो पाती है। खाताधारकों का परेशानी दूर हो इसके लिए क्षेत्र के सांसद व विधायक को तथा राष्ट्रीय पार्टियों को कोई चिंता नहीं है। इस मौके पर श्री सिंह के साथ प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, जीवन भगत, विमल भगत तथा सैकड़ो खाताधारक उपस्थित थे।

सांता पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने कराया स्कूली बच्चों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

गुमला। प्रकृति से प्यार और सेव द वाटर बिषय पर बच्चों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सांता पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के तहत जिला मुख्यालय से 100 किमी दूर महुआडांड़ स्थित लोध फॉल शैक्षणिक भ्रमण कराया और बच्चों को प्राकृतिक संसाधनों के साथ साथ अन्य शिक्षा मुलक जानकारी दी गई। शैक्षणिक भ्रमण को स्कूल के संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया, व एंथोनी लकड़ा, ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर स्कूल के संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया ने कहा की शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में बुद्धि का विकास होता है। बच्चों का मन बहुत चंचल होता है। अभी ही सीखने की उम्र है। सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सराहनीय है। घर से बाहर निकलने से कुछ ना कुछ नई चीज सीखने का मौका मिलता है। इसलिए एजुकेशन टूर जरूरी है। एजुकेशन टूर से मन में हरियाली आ जाती है। एजुकेशन टूर से बच्चे कई प्रकार की बातें सीख पाते हैं।वहीं पूर्व वनपाल एंथोनी लकड़ा ने कहा सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास काफी सरहानीय है, बच्चे एजुकेशन टूर में नई-नई जगह जाते हैं और कई प्रकार की नई बात सिखते हैं, इस तरह से हमेशा से बच्चों को बस में एक बार जरूर पर्यटन स्थल, टूरिस्ट स्थल में जरूर घूमाना चाहिए। बच्चे ही देश की भविष्य है, एजुकेशन टूर में बच्चे सीखते भी है और उन्हें शुद्ध वातावरण मिलती है। साथ ही प्रकृति के खूबसूरती को नजदीक से देख व समझ पाते हैं। मोके पर स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा सांता पब्लिक स्कूल अपने स्कूली बच्चों को प्रत्येक वर्ष एजुकेशन टूर में ले जाती है। एक जगह रहने से कई बार मन ऊब जाती है, और जब टूर में बच्चे निकलते हैं उनका बौद्धिक विकास होता है।

भाजपा के लिए आसनसोल सीट बनी नाक का सवाल

पवन सिंह ने क्यों लौटाया टिकट

पश्चिम बंगाल में आसनसोल लोकसभा क्षेत्र में लगभग आधे मतदाता पड़ोसी राज्य झारखंड और बिहार मूल के हैं। यह सीट वामपंथियों का गढ़ रही है। तृणमूल कांग्रेस केवल एक चुनाव ही जीती है जबकि भाजपा ने 2014 और 2019 में आसनसोल में जीत दर्ज की थी।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी हुई तो उसमें चार भोजपुरी सितारों के नाम भी सामने आये। इसी में एक नाम आया 'पावर स्टार' कहे जाने वाले पवन सिंह का। उन्हें पश्चिम बंगाल में आसनसोल सीट से टिकट दिया गया है। यहां से 'बिहारी बाबू' शत्रुघ्न सिन्हा टीएमसी के मौजूदा सांसद हैं। महज 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि पवन ने बतौर प्रत्याशी अपना नाम वापस ले लिया। हालांकि, इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने पवन सिंह की कुछ पुरानी फिल्मों के दृश्य साझा किए और इन्हें बंगाली अस्मिता के खिलाफ बताया। आइये जानते हैं कि पवन सिंह को आसनसोल से क्यों प्रत्याशी बनाया गया था? उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद क्या हुआ? पवन सिंह ने अपनी उम्मीदवारी क्यों वापस ली?

टीएमसी के पास है आसनसोल सीट

भाजपा ने 2 मार्च को 195 उम्मीदवारों वाली पहली सूची जारी कर दी। जहां भाजपा की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से फिर से उम्मीदवार बनाए गए हैं। इस सूची में भोजपुरी सिनेमा से भी चार सितारों को मौका मिला। पहली सूची में पश्चिम बंगाल की 26 सीटों के उम्मीदवारों की भी घोषणा की गई। राज्य की आसनसोल सीट से भोजपुरी स्टार पवन सिंह को टिकट दिया गया था। यहां से अभिनेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा टीएमसी के सांसद हैं। 2019 में यहां से गायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो भाजपा के टिकट पर जीते थे। सुप्रियो ने बाद में सांसदी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह टीएमसी में शामिल हो गये। ममता बनर्जी ने उन्हें विधानसभा चुनाव में उतारा जबकि, आसनसोल से भाजपा के ही पूर्व नेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा था। जब पार्टी ने पवन के नाम का एलान किया था तो उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि पार्टी ने उन पर भरोसा किया है तो वे पूरी ईमानदारी से आसनसोल की धरती पर जनता की सेवा करेंगे।



आसनसोल से पवन ही उम्मीदवार क्यों?

पवन सिंह की उम्मीदवारी को समझने से पहले हमें आसनसोल को समझना होगा। दरअसल, आसनसोल पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में स्थित एक शहर है। यह कोलकाता के बाद राज्य का सबसे बड़ा शहर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, शहर में 12 लाख से अधिक लोग रहते हैं। झारखंड से सटी पश्चिमी सीमा पर स्थित यह शहर खनिज संपदा से संपन्न है। इसके अलावा आसनसोल पश्चिम बंगाल की सीमा के करीब बहुत पुराना रेलवे जंक्शन है।

आसनसोल लोकसभा सीट में सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसमें करीब 15 लाख पात्र मतदाता हैं। ये मतदाता कोयला खदान श्रमिक, कारखाने के श्रमिक, स्क्रैप डीलर और अल्पसंख्यक हैं। लगभग आधे मतदाता हिंदी भाषी हैं, जो मूलतः पड़ोसी राज्य झारखंड और बिहार के हैं।

वामपंथियों का गढ़ रहा है आसनसोल

श्रमिक मतदाताओं की बहुलता वाली यह सीट वामपंथियों का गढ़ रही है। यहां हुए 16 में से नौ चुनाव माकपा को जीत मिली है। 2022 में हुए उप-चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की। 2014 के लोकसभा चुनावों में दार्जिलिंग के साथ आसनसोल उन दो सीटों में से एक थी जो भाजपा ने पश्चिम बंगाल में जीती थी। 2019 में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन को बेहतर किया और आसनसोल सहित राज्य की 18 सीटें जीतने में सफल रही। इसके बाद 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को आसनसोल में सात विधानसभा क्षेत्रों में से दो में जीत मिली।

बाबुल सुप्रियो के भाजपा छोड़ने के बाद आसनसोल भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन चुकी है। यही कारण है कि बिहार और झारखंड के प्रवासियों के प्रभाव वाली सीट पर पार्टी ने इस बार पवन सिंह को उतारा। पवन सिंह बिहार के आरा के रहने वाले हैं और बीते कई दिनों से चर्चा थी कि पवन सिंह को पार्टी आसनसोल से टिकट दे सकती है। उम्मीदवारी मिलने के बाद क्या हुआ? टिकट मिलने के अगले ही दिन भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।'

...तो क्या पवन सिंह की फिल्में बनी नाम वापस लेने की वजह?

भाजपा ने पवन सिंह को आसनसोल सीट से उम्मीदवार बनाने का जैसे ही एलान किया, वैसे ही विपक्षी नेताओं ने पवन सिंह के कुछ पुराने गानों को लेकर आपत्ति जताई। पवन के एक गाने के बोल को लेकर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'भाजपा ने आसनसोल लोकसभा सीट पर जिस उम्मीदवार को उतारा है, उसके द्वारा बनाए गए कंटेंट को देखकर मेरा सिर शर्म से झुक गया। लोकतंत्र का अंत नजदीक ही है।' राज्य की सत्तारूढ़ टीएमसी ने भी पवन सिंह के अपने गानों में बंगाल की महिलाओं के चित्रण को लेकर आपत्ति जताई। पार्टी के नेता साकेत गोखले ने लिखा कि पवन सिंह महिलाओं को लेकर अश्लील वीडियो बनाते हैं। टीएमसी ने महिला अस्मिता को मुद्दा बनाने की कोशिश की। ऐसे में माना जा रहा है कि पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव न लड़ने का एलान किया।

पवन ने इस मुद्दे पर क्या प्रतिक्रिया दी है?

सोमवार को भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर उनसे मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा कि आगे जो भी होगा अच्छा होगा। जब पवन से पूछा गया कि वह चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने जवाब दिया, 'अब ये समय बताएगा। जो भी होगा वो आप से (मीडिया) साझा करेंगे।'

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 05 मार्च, 2024

मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-३-६-९

वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-४-७-९

मिथुन : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-४-६-८

कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-१-५-७

सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-१-३-५

कन्या : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-४-६-८

तुला : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-२-४-६

वृश्चिक : अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-४-६-८

धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-३-५-६

मकर : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-३-४-६

कुंभ : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-३-५-६

मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-३-५-६





सियासत की डगर पर पवन को 'हिचक' कैसी

कोलकाता\नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से जारी पहली सूची में भोजपुरी के चार सुपर स्टार अभिनेताओं के नाम शामिल थे। इनमें से एक पावर स्टार पवन सिंह ने आसनसोल सीट से चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। एक दिन पहले बीजेपी की तरफ से उम्मीदवारों की नाम वाली सूची में अपना नाम होने के बाद वह खूब उत्साहित थे। लेकिन 24 घंटे के भीतर ही पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से मना कर दिया। वैसे पवन सिंह पर बीजेपी ने क्यों दांव लगाया, इसके पीछे की वजह भी खास है। पवन सिंह को भोजपुरी का पावर स्टार कहा जाता है। हिंदी सिनेमा में जितनी दखल सलमान खान रखते हैं, भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के बीच वही दखल पवन सिंह रखते हैं। उनके चाहने वालों की संख्या करोड़ों में है।

पवन की बंगाल में भी फैन फॉलोइंग

पवन सिंह के गाने इतने पॉपुलर रहे हैं कि भोजपुरी के अलावा देश के अन्य भाषा को समझने वालों की तो छोड़ दीजिए, उनके गानों को विदेशों के पब और डिस्को में बजते और इस पर लोगों को थिरकते देखा जा सकता है। पवन सिंह बिहार के भले ही हों लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग बंगाल में भी है। पवन सिंह बिहार के आरा के रहने वाले हैं लेकिन, उनका जन्म बंगाल में हुआ था। शायद पार्टी इसी वजह से पवन सिंह को वहां से चुनाव मैदान में उतारना चाह रही थी।

पवन सिंह का विवादों से भी नाता

पवन सिंह को भोजपुरी सिनेमा में उनके अभिनय की वजह से जितनी पहचान मिली उससे ज्यादा उन्हें उनकी आवाज की वजह से लोगों का प्यार मिला। पवन सिंह की आवाज के दीवाने आज भी दुनिया में करोड़ों की संख्या में हैं। लेकिन, ज्यों-ज्यों पवन सिंह को सफलता मिलती गई विवादों से भी उनका नाता गहराता गया।

पवन को सच्चा प्यार कभी नसीब नहीं हुआ

पवन सिंह की जिंदगी में उन्हें सच्चा प्यार कभी नसीब नहीं हुआ। पहली पत्नी ने आत्महत्या कर ली। दूसरी पत्नी के साथ उनका तलाक का केस अदालत में चल रहा है। भोजपुरी की मशहूर अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ उनके संबंधों को दोनों ने मंच से स्वीकार किया था, लेकिन यह साथ भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाया।

'लॉलीपॉप लागेलू' की वजह से मिली प्रसिद्धि

पवन सिंह को भोजपुरी गाना 'लॉलीपॉप लागेलू' की वजह से काफी प्रसिद्धि मिली। इस गाने ने पवन सिंह को भोजपुरी का सुपरस्टार बना दिया। वह लोगों के दिलों पर राज करने लगे।

कहां पैदा हुए पवन

बिहार के आरा जिले के एक गांव जोकहरी में 5 जनवरी 1986 को पवन सिंह का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूलिंग एचएनके हाई स्कूल से पूरी की, जबकि आगे की पढ़ाई महाराजा कॉलेज बिहार से की। पवन सिंह को गाने का शौक तो बचपन से था। उन्हें पढ़ाई लिखाई में ज्यादा दिलचस्पी नहीं थी। ऐसे में पवन सिंह ने चाचा अजीत सिंह से गाना सीखना शुरू किया और बेहद कम उम्र में गाने लगे।

पवन को चाचा ने गाना सीखाना शुरू किया

पढ़ाई से उनका लगाव कितना था इसका अंदाजा इस बात से लगाइए कि 7-8 साल की उम्र तक पवन सिंह को पढ़ना भी नहीं आता था। वह गाना भी सुनकर सीखते थे। चाचा ने उन्हें गाना सीखाना शुरू किया और फिर साइकिल पर साथ लेकर वह उसे शो में भी ले जाने लगे।

साइकिल से ही स्टेज शो के लिए जाते थे पवन

पवन बड़े होने के बाद भी लंबे समय तक संघर्ष के दिनों में अपने स्टेज शो के लिए साइकिल से ही जाते थे। भोजपुरी इंडस्ट्री में आने के बाद भी पवन सिंह सालों तक सिर्फ गायकी ही करते रहे। लेकिन गायकी में सफलता के बाद पवन सिंह ने एक्टिंग में भी अपना हाथ आजमाया।

'रंगली चुनरिया तोहरे नाम' से फिल्म में इंट्री

भोजपुरी फिल्म 'रंगली चुनरिया तोहरे नाम' से उन्होंने 2007 में अभिनय के क्षेत्र में एंट्री की। वह अभी तक 100 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में अभिनय करने के साथ हजारों की संख्या में भोजपुरी गानों को अपनी आवाज से सजा चुके हैं। उनके सिंगल गानों की लिस्ट बहुत लंबी है।

पहला भोजपुरी एल्बम 'ओढ़निया वाली'

पवन सिंह का पहला भोजपुरी एल्बम 'ओढ़निया वाली' था जो साल 1997 में आया था। तब पवन सिंह महज 11 साल के थे। उस समय पवन को उतनी सफलता नहीं मिली लेकिन, साल 2008 में रिलीज हुए उनके गाने 'लॉलीपॉप लागेलू' ने पवन सिंह को भोजपुरी का पावर स्टार बना दिया। इस गाने की वजह से पवन सिंह की किस्मत बदल गई।

भोजपुरी के सबसे अमीर कलाकार हैं पवन सिंह

पवन सिंह आज भोजपुरी इंडस्ट्री के सबसे अमीर कलाकार हैं। वह इस इंडस्ट्री के सबसे महंगा एक्टर और सिंगर हैं। उनके पास बिहार और मुंबई दोनों जगह करोड़ों का घर है।

सोना साढ़े 63 हजार पहुंचा चांदी भी 70 हजार के पार

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दामों में 4 मार्च को तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 657 रुपए महंगा होकर 63,473 रुपए पर पहुंच गया है। 4 दिसंबर को सोने ने 63,805 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

वहीं चांदी में भी आज मामूली बढ़त देखने को मिल रही है। ये 620 रुपए महंगी होकर 70,518 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 69,898 रुपए पर थी। चांदी ने भी बीते साल 4 दिसंबर को ही ऑलटाइम हाई बनाया था। चांदी 77 हजार के पार पहुंच गई थी। फरवरी में सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली थी। महीने की शुरुआत यानी 1 फरवरी को सोना 62,775 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 29 फरवरी को 62,241 रुपए पर आ गया था। यानी बीते महीने में इसकी कीमत में 534 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई। वहीं चांदी भी 71,153 रुपए प्रति किलोग्राम से गिरकर 69,312 रुपए पर आ गई थी।

अल्फान्यूमेरिक हॉल मार्किंग वाला सोना ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है। 24 कैरेट सोने का दाम 60 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम है। यानी एक ग्राम सोने की कीमत हुई 6000 रुपए। ऐसे में 1 कैरेट शुद्धता वाले 1 ग्राम सोने की कीमत हुई 6000/24 यानी 250 रुपए। आपकी ज्वेलरी 18 कैरेट शुद्ध सोने से बनी है तो 18×250 यानी इसकी कीमत 4,500 रुपए प्रति ग्राम हुई। अब आपकी ज्वेलरी जितने भी ग्राम की है उसमें 4,500 रुपए का गुणा करके सोने की सही कीमत निकाली जा सकती है। सोना खरीदते वक्त कैश पेमेंट बड़ी गलती साबित हो सकती है। और डिजिटल बैंकिंग के जरिए पेमेंट करना अच्छा रहता है। आप चाहें तो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं।

प्ले स्टोर से हटाए गए भारतीय ऐप्स की बहाली नहीं

नई दिल्ली। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने कहा कि गूगल ने प्ले स्टोर से हटाए गए ज्यादातर ऐप्स की फिर से वापसी नहीं की है।

एसोसिएशन ने इस पर चिंता जताई। एसोसिएशन का कहना है कि वह ऐसे कठोर कदमों को अनुचित और अनुपातहीन मानता है, भले ही कानूनी प्रक्रियाएं अभी भी जारी हैं।गूगल ने मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम समेत प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के 12 से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से डीलिस्टेड कर दिया था। गूगल ने 10 डेवलपर्स के खिलाफ यह कार्रवाई तब की, जब उन्होंने अन्य ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों का पालन करने के बावजूद इसकी भुगतान नीति का पालन करने से इनकार कर दिया।गूगल ने प्ले स्टोर से स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ऑल्ट, स्टेज और अहा; डेटिंग ऐप ट्रूली मैडली और क्वैक क्वैक; ऑडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म कुकू एफएम; सोशल नेटवर्किंग ऐप एफआरएनडी जैसे ऐप्स को हटा दिया था।रिपोर्ट के अनुसार, आलोचना का सामना करने के बाद टेक दिग्गज ने कुछ ऐप्स जैसे शादी.कॉम, इंफो एज की नौकरी डॉट कॉम, 99एकड़ और नौकरी गल्फ और अन्य को बहाल कर दिया है, लेकिन कई अन्य अभी भी डिलिस्टेड हैं।उद्योग संस्था ने कहा, ऐसे उपाय गूगल द्वारा अन्य देशों में अपनाई जाने वाली पद्धति के विपरीत और भेदभावपूर्ण हैं। उन देशों में उसने ऐप्स डेवलपर्स के साथ नरम रुख अपनाया है।उद्योग संस्था ने आगे कहा, यह कहने की जरूरत नहीं कि भारतीय तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने और अनुकूल शर्तें प्रदान करने की जरूरत है, जो भारतीय बाजार की गतिशीलता के अनुरूप हों और देश में एक खुले इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र की वृद्धि और विकास का समर्थन करें।केंद्रीय आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा था, उन्होंने गूगल को अगले सप्ताह एक बैठक के लिए बुलाया है।उन्होंने कहा था, मुझे उम्मीद है कि गूगल अपने दृष्टिकोण में उचित होगी। हमारे पास एक बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और उनके हितों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। हम अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। मुझे भरोसा है कि गूगल इस मामले पर उचित तरीके से विचार करेगा।

अल्ट्राटेक यूनिट वंचित महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में कर रही है मदद

बैकुंठ सीमेंट वर्क्स 95 महिलाओं को दे रहा प्लेसमेंट की गारंटी के साथ ट्रेनिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट की इंटीग्रेटेड सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई स्थानीय महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के माध्यम से आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद की है। इन महिलाओं के स्वालम्बी बने रहने हेतु आस पास के छेत्र में अवसर तथा, स्थिर आय के साधन बहोत ही सिमित हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए यूनिट ने महिलाओं को इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन संचालन में प्रशिक्षित करने के लिए भारत के सबसे बड़े परिधान निर्माताओं और रेडीमेड कपड़ों के निर्यातकों में से एक, शाही एक्सपोर्ट्स के साथ पार्टनरशिप की, जिससे उन्हें रोजगार सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। कोलाब्रेशन के रूप में ही, शाही एक्सपोर्ट्स ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों में प्रशिक्षित महिलाओं को रोजगार की गारंटी दी। प्रशिक्षण देने के लिए बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के परिसर में एक ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया गया। बैकुंठ सीमेंट वर्क्स की सीएसआर टीम ने यूनिट के आस-पास के गांवों में रहने वाले लोगों को घर-घर जाकर परामर्श, परिवारों के साथ व्यक्तिगत बातचीत और स्थानीय पंचायत एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी के माध्यम से एकजुट किया। 20 गांवों से 120 से अधिक महिलाओं को उनकी उम्र, बेरोजगारी की स्थिति, और नौकरी के लिए स्थानांतरित होने की इच्छा के आधार पर प्रशिक्षण के लिए चुना गया।

अब तक 95 महिलाएं प्रशिक्षण पूरा कर चुकी हैं। परिवारों के साथ जुड़ने में हमारी सीएसआर टीम के प्रयासों के कारण, इनमें से 40 महिलाएं बेंगलुरु और हैदराबाद में शाही एक्सपोर्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में नौकरियां लेने में सक्षम हो गई हैं। इसके अलावा, तीस महिलाएं, जो पारिवारिक और अन्य व्यक्तिगत कारणों से स्थानांतरित नहीं हो सकीं, उन्होंने अपने गांवों में सिलाई सेवाएं प्रदान करके स्वरोजगार अपनाया है।

एयर इंडिया, इटली की आईटीए ने इजरायल के लिए उड़ानें की शुरू

यरुशलेम। एयर इंडिया और इटली की इटालिया ट्रैस्पोर्टो एरियो (आईटीए) ने इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दी है। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि एयर इंडिया ने दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे के बीच मार्ग पर अपनी उड़ानें आंशिक रूप से फिर से शुरू कर दीं। इसके अलावा, इटालियन एयरलाइन ने रोम के फिमिसिनो हवाई अड्डे और तेल अवीव के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानों के साथ इजरायल में अपना परिचालन फिर से शुरू किया। आईटीए ने एक बयान में बताया कि इतालवी और इजरायली अधिकारियों के सहयोग से ही तेल अवीव तथा रोम के बीच उड़ानें फिर से शुरू कर सके।हाल ही में, तीन अन्य प्रमुख एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, स्पेन की इबेरिया और डच एयरलाइन केएलएम ने एक अप्रैल को इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की है। गौरतलब है कि, पिछले साल अक्टूबर में इजरायल-हमास संघर्ष के फैलने के बाद उड़ानें निलंबित कर दी गयी थी।

ओपन एआई मुकदमा : एक्स पर उलझे मस्क और निवेशक विनोद

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और वेंचर कैपिटलिस्ट विनोद खोसला एक्स पर सार्वजनिक विवाद में उलझ गए। मस्क ने एआई से संबंधित मूल संविदात्मक समझौतों के कथित उल्लंघन को लेकर ओपनएआई और इसके सीईओ सैम ऑल्टमैन पर केस किया।

खोसला ने एक्स के मालिक पर ओपनएआई पर मुकदमा करके खट्टे अंगूर व्यवहार का प्रदर्शन करने का आरोप लगाया, तो अरबपति ने जवाब दिया कि भारतीय मूल के निवेशक को इस मुद्दे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। खोसला ने एक्स पर पोस्ट किया, एलन मस्क के साथ, ओपनएआई पर मुकदमा करना थोड़ा अंगूर खट्टा जैसा लगता है। मस्क ने जवाब दिया, विनोद को नहीं पता कि वह यहां किस बारे में बात कर रहे हैं।खोसला के अनुसार, मस्क ने एआई के आसपास साझा उद्देश्यों तक पहुंचने की दिशा में ओपनएआई के साथ मिलकर काम किया होगा। मस्क 2018 तक ओपनएआई के मूल बोर्ड सदस्य थे, जबकि खोसला ने 2019 में ओपनएआई में लगभग 50 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। खोसला ने मस्क पर आगे हमला करते हुए कहा कि अरबपति जल्दी शामिल हो गए और जल्दी ही निकल गए, जब ऐसा लग रहा था कि आगे बढ़ना कठिन है और मिशन को जारी रखने के लिए व समाज को कोई लाभ पहुंचाने के लिए वास्तविक पैमाने पर धन की आवश्यकता है।

मस्क की ओर से अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में दायर मुकदमा, ओपनएआई के नवीनतम प्राकृतिक भाषा मॉडल जीपीटी -4 के इर्द-गिर्द घूमता है। मस्क ने आरोप लगाया कि ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट (जिसने सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी में अरबों डॉलर का निवेश किया है) ने इस बात पर सहमति व्यक्त करने के बावजूद कि कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता (एजीआई) क्षमताएं गैर-लाभकारी और मानवता के लिए समर्पित रहेंगी के बावजूद अनुचित तरीके से जीपीटी -4 को लाइसेंस दिया है। खोसला ने कहा कि ये मुकदमे एजीआई तक पहुंचने के लक्ष्यों और इसके लाभों से ध्यान भटकाने वाले हैं।

5वां टेस्ट खेलेंगे बुमराह, धर्मशाला में 3 पेसर उतार सकता है भारत

पाटीदार या पड्डीकल में कोई एक ही खेलेगा

धर्मशाला। इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में टीम इंडिया प्लेइंग-11 में 2 बदलाव के साथ उतर सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए उनका खेलना भी कन्फर्म ही है। दूसरी ओर आउट ऑफ फॉर्म रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डीकल डेब्यू कर सकते हैं।

धर्मशाला के स्टेडियम में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा। यहां स्पिन के मुकाबले पेस को ज्यादा मदद मिलती है, इसलिए टीम इंडिया 3 पेसर्स के साथ खेलने उतर सकती है। आगे जानते हैं 5वें टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या होगी। धर्मशाला के स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। यहां अब तक हुए 20 इंटरनेशनल मैचों में 61.69% विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। स्पिनर्स को 248 में से 95 विकेट ही मिले, यानी दोनों ही टीमें एक्स्ट्रा पेसर को मैदान में उतारने के बारे में सोच सकती है। टीम इंडिया के पास पेस बॉलिंग ऑप्शन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और मुकेश कुमार हैं। आकाश और सिराज ने पिछला टेस्ट खेला था, वहीं बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं। आकाश दीप ने अच्छा किया, इसलिए उन्हें बुमराह और सिराज के साथ मौका मिल सकता है। तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच को देखते हुए टीम इंडिया 3 पेसर्स को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है। लेकिन इसके लिए पिछले मैच की प्लेइंग-11 में शामिल 3 में से किसी एक स्पिनर को बाहर बैठना पड़ सकता है। रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव पिछला मैच खेले थे। अश्विन और जडेजा अपनी बॉलिंग से ही किसी भी वर्ल्ड क्लास टीम की प्लेइंग-11 में शामिल हो सकते हैं। इनकी बैटिंग भी बहुत शानदार है। दूसरी ओर कुलदीप ने पूरी सीरीज में इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया। उनकी बैटिंग भी अच्छी रही, लेकिन अश्विन और जडेजा का अनुभव ज्यादा है इसलिए कुलदीप को ही बुमराह के लिए जगह खाली करनी पड़ सकती है। बुमराह ने सीरीज के 3 मैचों में 17 विकेट लिए हैं। इसके बावजूद अगर कुलदीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला तो फिर आकाश दीप को बाहर बैठाया जाएगा। ऐसे में अगर पहले गेंदबाजी आई तो टीम इंडिया के लिए 3 स्पिनर्स को प्लेइंग-11 में रखना रिस्की ऑप्शन हो जाएगा।

अनिल पांडेय कृत फिरोज हसन रिज़्वी निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'भूख मया के' 15 मार्च से

रायपुर। निर्माता बादल गगन पाण्डे ऐ मोर बांटा के अपार सफलता के बाद अनिल पांडे कृत एवं लेखक निर्देशक फ़िरोज हसन रिजवी , ममता फिल्म क्रियेशन्स नागपुर के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म ÷भूख मया के÷ विगत दिनों पोस्टर एवं गाने को लॉन्च किया गया था जिसका पब्लिक रिसपॉन्स जबर्दस्त मिल रहा है दर्शको द्वारा गाने भरपूर मया दुलार दे रहे है आगामी 15 मार्च से महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक साथ फ़िल्म के प्रदर्शन की जोर शोर से तैयारी की जा रही

फ़िल्म के निर्माता अनिल पांडेय एवं निर्देशक फ़िरोज हसन रिजवी जी ने बताया की ÷भूख मया के÷पारिवारिक कॉमेडी फ़िल्म है। आज के दौर में भी लोगों में जाति, सामाजिक भेदभाव अंधविश्वास और नारी वर्ग के लिये हीन भावना एवं सामाजिक कुरीतियों को फ़िल्म में एक अबला नारी के जीवन के उतार चढ़ाव के संघर्ष की कहानी लेकर इस फ़िल्म का निर्माण किया गया है और फ़िल्म के माध्यम से सामाजिक,पारिवारिक, धार्मिक सौहार्द का सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है। फ़िल्म को आगामी 15 मार्च को 25 सिनेमाघरों के साथ प्रदर्शन किया जायेगा। फ़िल्म के गाने सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर दर्शको की पहली पसंद बने हुए है ।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में हिस्सा लेंगे पीटरसन और बेल

13 जुलाई से शुरू होगी लीग, इंग्लैंड में खेली जाएगी

स्पोर्ट्स डेस्क। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन और इयान बेल वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 (WCL) में इंग्लैंड चैंपियंस टीम का हिस्सा होंगे। यह घोषणा दुबई के ताज डाउनटाउन में एक सेरेमनी में हुई। इस सेरेमनी में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयान बेल और खेल जगत के कई नाम शामिल हुए। इस इवेंट में मेटियोरा डेवलपर्स ने बॉलीवुड आइकन जैकलीन फर्नांडीज के साथ पार्टनरशिप में इंग्लैंड चैंपियंस क्रिकेट टीम के अधिग्रहण की आधिकारिक घोषणा की। इवेंट के दौरान टीम की जर्सी भी लॉन्च की गई। पूर्व क्रिकेटर इयान बेल ने कहा, WCL में इंग्लैंड चैंपियंस का हिस्सा बनना एक शानदार अवसर है। लीग का इंग्लैंड में खेला जाना, इसे और रोमांचित बनाता है। मैं अपनी टीम की सफलता में योगदान देने और अपने फैंस को एंटरटेन करने के लिए उत्सुक हूं। लीग 3 जुलाई से 13 जुलाई 2024 तक इंग्लैंड के एजबेस्टन स्टेडियम में खेली जाएगी। इसके लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। छह टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी शिरकत करेंगी। लीग में इन छह देशों के रिटायर्ड और नॉन-कॉन्ट्रेक्टेड प्लेयर्स हिस्सा लेंगे।

सनराइजर्स के नए कप्तान बने पैट कमिंस

स्पोर्ट्स डेस्क। सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को IPL में अपनी टीम का नया कप्तान बनाया है। टीम ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। कमिंस साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम की जगह लेंगे। मार्करम की कप्तानी में पिछले सीजन टीम 10वें नंबर पर रही थी। सनराइजर्स ने इससे पहले अपने कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया था। साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह अब न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रैंकलिन बॉलिंग कोच की भूमिका निभाएंगे। पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 2 ICC खिताब जीते। टीम ने नवंबर में भारत को हराकर वनडे वर्ल्ड कप जीता। उससे पहले जून में टीम इंडिया को ही हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर भी कब्जा किया। कमिंस की कप्तानी स्किल को देखते हुए ही सनराइजर्स ने उन्हें नया कप्तान बनाया। साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम ने पिछले सीजन IPL में SRH की कप्तानी की थी। टीम 14 में से 4 ही मैच जीतकर 8 पॉइंट्स के साथ 10वें नंबर पर रही। इससे पहले 2022 के सीजन में भी टीम 9वें नंबर पर रहकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

आर्टिकल 370 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 60 करोड़

अच्छी वर्ड-ऑफ-माउथ के साथ यामी गौतम की आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. 23 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी लोगों को बेहद पसंद आ रही है. वहीं शनिवार को फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है. तो आइए जानते हैं कि फिल्म ने 9वें दिन पर कितने करोड़ रुपये की कमाई की है...

कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के मुद्दे पर आधारित इस फिल्म में यामी गौतम की एक्टिंग को खूब सराहा गया. हालांकि, बीच में कमाई का ग्राफ थोड़ा डगमगाता हुआ दिखा लेकिन अब फिल्म ने दोबारा से रफ्तार पकड़ ली है. वहीं अब सेकंड शनिवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के 9वें दिन 5.75 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसके बाद 'आर्टिकल 370' का आठ दिनों का कुल कलेक्शन 44.35 करोड़ रुपये हो गया है.

आर्टिकल 370 की कमाई दोगुनी है. महज 20 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म जल्द ही 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी. फिल्म में यामी गौतम एक इंटेलिजेंस ऑफिसर के किरदार में हैं. तो वहीं अरुण गोविल पीएम मोदी की भूमिका में खूब जंच रहे हैं. वहीं सिर्फ भारत नहीं, बल्कि दुनिया भर से यामी की इस फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म 8 दिनों के अंदर 57.14 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है।

न्यूज गैलरी

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। धरमनगर टिकरापारा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर लोहे के स्टीक से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार साहू 34 वर्ष धरमनगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी साहिल यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। बाजार चौक देवरी में दो युवकों ने मामूली बात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी करण साहू 27 वर्ष ग्राम देवरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल गांव के बाजार चौक के पास खड़ी बाइक पर हाथ रख दिया था। जिससे आरोपी तुकाराम साहू व अजय साहू ने क्यों बाइक पर हाथ रखा है कहते हुए विवाद कर प्रार्थी के कुल्हे के पास चाकू मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस के हत्थे चढ़े तीन जुआरी

रायपुर/नवप्रदेश। कोतवाली पुलिस ने सेंट स्कूल के पास जुआ खेलते तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2240 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल रात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सेंट पाल स्कूल के परिसर में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अमरदीप 20 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2240 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 85 पाव देशी शराब एवं एक दोपहिया वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने ग्राम तिवरैया मोड़ के पास टीवीएस एक्सल से अवैध शराब लेकर जाते आरोपी अशोक साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने अवतार बघेल 24 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने भरोसा यादव के पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 160 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

आचार संहिता के पूर्व होगा अलंकरण समारोह : टंकराम वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। खेल अलंकरण को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि आचार संहिता के पहले खिलाड़ियों को अलंकरण मिलेगा. हम लोग अलंकरण की तैयारी कर लिए हैं. सीएम की व्यस्तता के कारण निर्धारित नहीं हो रहा है. हम लोग उत्साहित हैं. हम लोग देख रहे हैं कि कितना जल्दी ये आयोजन करें. आचार संहिता के पहले हो जाएगा इसका प्रयास है. वहीं आरआई भर्ती परीक्षा की पटवारीयों द्वारा उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर मंत्री ने कहा कि अभी तक हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है. शिकायत आएगी, लगेगा जांच करना है तो जांच कराएंगे. कोई दिक्कत नहीं है. बता दें कि भर्ती परीक्षा को लेकर पटवारी संघ ने आपत्ति जताई है. पटवारी संघ ने की ऋद्ध भर्ती परीक्षा की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. इसके लिए संघ ने सीएम को पत्र लिख गड़बड़ी की आशंका जताई है।

बैंक आफिसर्स ने की रामनवमीं पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। 17 अप्रैल को रामनवमीं के पावन अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग करते हुए ऑल इंडिया बैंक आफिसर्स कॉन्फिडेरेशन छत्तीसगढ़ शाखा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम ने दण्डकारण्यमें अधिकांश समय बीताया था। इसीलिए रामनवमीं पर्व राज्य का एक प्रमुख पर्व है औरर यहां की जनता बड़े हर्षोल्लास के साथ इसे मनाती है। देश के 20 राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में अपने विशेश अधिकार का उपयोग कर एनआई एक्ट के तहत अने राज्यों में पहले ही अवकाश घोषित किया है। अतः 17 अप्रैल को रामनवमीं के अवसर पर निगेशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के तहत छत्तीसगढ़ में भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

चरित्र संदेह के चलते पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने भी लगाई फांसी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में चरित्र संदेह पर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति भरत साहू ने भी खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना कबीर नगर थाना क्षेत्र के सोंनडोंगरी की है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पति अपनी पत्नी से आए दिन मारपीट करता था। शनिवार रात पति पत्नी के बीच चरित्र पर शक के चलते विवाद हुआ था।

राजिम कुंभ में विराट सनातन संस्कृति के होते हैं दर्शन : शंकराचार्य

- संतों की वाणी से लोगों को सदाचार की मिलती है शिक्षा - शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद
- विराट संत समागम का हुआ उद्घाटन, देशभर के साधु-संत हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। राजिम कुम्भ कल्प में विराट संत समागम का शुभारंभ हुआ। संत समागम में अनंत श्री विभूषित ज्योतिष मठ द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं अनंत श्री विभूषित ज्योतिष मठ बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज सहित देशभर के साधु-संत शामिल हो रहे हैं। संत समागम के प्रारंभ में दोनों शंकराचार्यों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। मुख्य मंच पर दोनों शंकराचार्यों की विधि-विधान से अगुवानी खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजिम विधायक श्री रोहित साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की।

संत समागम में द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि धर्म रूपी कल्पवृक्ष का बीज प्रभु श्रीराम हैं। श्रीराम ने मनुष्य बनकर वो दिखाया, जो मनुष्य को करना चाहिए। हमारे वेदों का ज्ञान संतों से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ में विराट सनातन संस्कृति के दर्शन होते हैं। ऐसे आयोजनों से संस्कृति की रक्षा होती है। धर्म की रक्षा करनी है तो धर्म का पालन करें। धर्म की स्वयं रक्षा हो जाएगी। धर्म मार्ग पर चलने की शिक्षा हमें कुंभ से मिलती है। बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि संतों की वाणी से लोगों को सदाचार व्यवहार की शिक्षा मिलती है। राजिम का त्रिवेणी संगम, आचार्य का समागम, अध्यात्मिक लाभ से पवित्र स्थल बन चुका है। कुंभ कल्प का मतलब कुंभ जैसा होना है। कुंभ कल्प बोलने से मान घटता नहीं है बल्कि और बढ़ जाता है।

इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि राजिम कुंभ कल्प में दोनों शंकराचार्य का दर्शन लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है। उन्होंने जगतगुरूओं से छत्तीसगढ़ और सभी लोगों के सुख और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र राजिम के विधायक रोहित साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री साय ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी तथा शारदा पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती जी के किए दर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचकर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी तथा शारदा पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। स्वामी जी राजिम कुंभ के संत समागम में भाग लेने छत्तीसगढ़ पहुंचे हुए हैं। इसके अलावा वे प्रदेश में होने वाले अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी को राजिम कुंभ आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार राजिम कुंभ कल्प का आयोजन बहुत भव्य तरीके से किया जा रहा है। देश भर से यहां संत समागम हुआ है। छत्तीसगढ़ के लोग बड़े भाग्यशाली हैं कि उन्हें आपका आशीर्वाद इस मौके पर मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी से कहा कि राजिम कुंभ के माध्यम से संत समागम का उद्देश्य पूरा हो रहा है जिससे सनातन परंपरा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी।

शंकराचार्य जी ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए जिस तरह से राजिम कुंभ में तैयारी की गई है और संत समागम हुआ है उससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में आध्यात्मिक वातावरण और उन्नत होगा। भगवान श्री राजीव लोचन जी और कुलेश्वर महादेव जी की पुण्य भूमि संगम नगरी राजिम में यह सुंदर आयोजन हो रहा है इससे निश्चित रूप से श्रद्धालुओं के लिए उत्साहपूर्ण वातावरण बना है। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे।

संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प में सनातन गुरूओं से की भेंट

- संत समागम क्षेत्र, दंडी स्वामी आवास, वीआईपी भोजनालय, महानदी आरती स्थल, लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी किया अवलोकन

रायपुर/नवप्रदेश। धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार की देर रात्रि राजिम कुंभ मेला स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आज जानकी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के राजिम आगमन के संबंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी जगहों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री श्री अग्रवाल ने मेला स्थल में निर्मित संत समागम क्षेत्र, दंडी स्वामी आवास, वीआईपी भोजनालय, महानदी आरती स्थल एवं लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने दंडी स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्य मंच से लेजर एवं लाइट शो का अवलोकन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य मंच एवं गंगा आरती स्थल में जानकी जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के सुचारू संचालन की जरूरी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू, मेला सुरक्षा अधिकारी आईपीएस श्री भोजराम पटेल, उप संचालक पर्यटन विभाग श्री प्रताप पारख एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर टंकराम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट अब तक जारी नहीं होने लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंन कहा है कि कांग्रेस के पास कोई प्रत्याशी नहीं है. कोई लड़ने के लिए तैयार ही नहीं है. धर पकड़ के प्रत्याशियों को लाया जा रहा है. रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया है. कोई लड़ने वाला तैयार नहीं है. भारतीय जनता पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत है कि इस बार 400 का आंकड़ा पार होगा. लोगों में उत्साह है. कार्यकर्ताओं में उत्साह है. हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन विश्व के लोकप्रिय नेता हैं. आज पूरा देश उनके तरफ निगाहें करके बैठा है. इस बार रायपुर लोकसभा रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेंगे.

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पहले अपने आप को जोड़ लें. भारत भूमि से अपने आप को जोड़ लें. उसके बाद फिर वह देश को जोड़ें. जो अपने आप को जोड़ नहीं पाए वो देश को क्या जोड़ेंगे. महंगाई की क्या बात करेंगे. हमारी सरकार आते ही बेरोजगारो के लिए कितनी सरकारी भर्तियां निकाल दी. वैकेंसी निकल दी।

लघु फिल्म 'जमीन' को मिला सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कान्फेडरेशन एवं छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा छ.ग. हेल्पेज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिक कान्फेडरेशन का पंचम प्रादेशिक सम्मेलन तथा टेली लॉ लघु फिल्म महोत्सव का पुरस्कार वितरण प्रो.जे. एन.पाण्डेय शास. बहु. उत्कृष्ट उच्च. माध्य. विद्यालय में 03.03.2024 को प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश छ.ग.उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर थे तथा विशिष्ट अतिथि अनुपमा दत्ता, डायरेक्टर, हेल्पेज इंडिया, दिल्ली तथा वक्तव्य के रूप में शुभांकर विश्वास, छ.ग.प्रमुख, हेल्पेज इंडिया, रायपुर एवं डॉ.श्रीमती उषा किरण बाजपेई, अधिवक्ता-परामर्शदाता कुटुम्ब न्यायालय थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्जवल कर किया गया ।

सरेआम शराब पीते 38 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने एमजी रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी बादल बैरागी 24 वर्ष, खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार बघेल 45 वर्ष व रितेश तांडी 25 वर्ष को गिरफ्तार यिका है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी गजेंद्र पटेल 36 वर्ष व तुलेश्वर सोनकर 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी विक्रांत सामरिक 35 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने दीलदीप चतुर्वेदी 40 वर्ष, आयुष ध्रुव 21 वर्ष, अभिलास दास 35 वर्ष व अरूण कुमार साव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी संतोष मुदलियार 38 वर्ष व रमेश सोनी 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी सोनु सिंह 26 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी विपल्व चक्रवर्ती 51 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी शुभम सिंह 29 वर्ष, तुराब अली 29 वर्ष, लोकेश यादव 29 वर्ष, नरेन्द्र माहेश्वरी 28 वर्ष, सुखचंद बछार 30 वर्ष, राकेश बंजारे 30 वर्ष, थानेश्वर साहू 28 वर्ष, जयराम सिंह 36 वर्ष, दीपक साकेत 29 वर्ष व अनिल कुमार यादव 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी रतनलाल यादव 43 वर्ष, मन्नुलाल नायक 45 वर्ष व परदेशी धीवर 65 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी देवकुमार लक्ष्मण 25 वर्ष, त्रिलोकी यादव 27 वर्ष, जितेन्द्र निषाद 21 वर्ष, चंद्रहास निषाद 33 वर्ष, मनोज कुमार साहू 38 वर्ष, राजेन्द्र नागरिया 26 वर्ष, कौशिक साहू 47 वर्ष व शीतल साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

खेन मंत्री टंकराम ने दिया संदेश, युवा नशा से रहें दूर

- क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए खेल मंत्री श्री वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। युवा नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का जीवन को सफल बनाने वाले सकारात्मक कार्यो में उपयोग करें। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से हमें प्रेरणा लेना जरूरी है। खेल अनुशासन सिखाता है। अनुशासन से टीम भावना का विकास होता है। खेलों से युवाओं का जुड़ाव यह बताता है कि क्षेत्र के युवा सही दिशा में है।

यह बात प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज रायपुर में देवपुरी प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हार और जीत का दौर चलता रहेगा, हमें कभी घबराना नही है। खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी गलतियों को सुधारना भी है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू,कसडोल विधायक श्री संदीप साहू,रायपुर ग्रामीण पूर्व विधायक श्री नंदकुमार साहू,धरसींवा पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल,तिल्दा जनपद सभापति श्री शिवशंकर वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

परिवारवादी पार्टियों के चेहरे अलग हो सकते हैं लेकिन उनका चरित्र एक ही होता है झूठ और लूट : प्रधानमंत्री

आदिलाबाद/ नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देश में परिवारवादी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि उनके चेहरे अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट उनका सामान्य चरित्र होता है।

तेलंगाना के आदिलाबाद में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा भारत मेरा परिवार है। 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) अध्यक्ष लालू यादव के मोदी का कोई परिवार नहीं वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणापत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है।

उन्होंने कहा कि मेरा जीवन खुली किताब जैसा है। एक सपना लेकर मैंने बचपन में घर छोड़ा था, और जब मैंने अपना घर छोड़ा तब एक सपना लेकर के चला था कि मैं देशवासियों के जिऊंगा। इसलिए मैं कहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी यही मेरा परिवार है। ये नौजवान यही मेरा परिवार है। आज देश की करोड़ों बेटियां, माताएं, बहनें यही मेरा परिवार है। आज देश का हर गरीब ये मेरा परिवार है। देश के कोटि-कोटि बच्चे बुजुर्ग ये मोदी का परिवार है। जिसका कोई नहीं है वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत मेरा परिवार है।

इंडी गठबंधन के नेतृत्व वाली विपक्ष की राजनीति पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आई.एन.डी.आई. गठबंधन और बी.आर.एस. के वादे भ्रष्टाचार, वंशवादी राजनीति और तुष्टिकरण की प्रतिध्वनि हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों के चेहरे अलग हो सकते हैं लेकिन उनका चरित्र एक ही होता है झूठ और लूट। उन्होंने कहा कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना बी.आर.एस. सरकार द्वारा किया गया एक बड़ा घोटाला है। मोदी ने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि तेलंगाना में जैसे टीआरएस के बीआरएस बनने से कुछ नहीं बदला था, वैसै ही बीआरएस की जगह कांग्रेस आने से कुछ नहीं बदला है। लेकिन उनका भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने वाला स्वभाव अपरिवर्तित है।

तेलंगाना राज्य की समृद्ध विरासत और ऐतिहासिक विरासत के बारे में बात करते हुए, मोदी ने कहा कि तेलंगाना बहादुर रामजी गोंड और कोमाराम भीम की भूमि है। हमारी सरकार का लक्ष्य हैदराबाद में एक संग्रहालय के माध्यम से रामजी गोंड का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनजातियों के सशक्तिकरण को हमेशा प्राथमिकता दी है। केंद्र की एनडीए सरकार ने द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनने में मदद की।

जनजातीय लोगों को सशक्त बनाने के लिए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने हमेशा आदिवासी संस्कृति और विरासतों का सम्मान किया है, जिससे बिरसा मुंडा के सम्मान में जनजातीय गौरव दिवस मनाने की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन जनजातीय कल्याण के लिए 24,000 करोड़ रुपये खर्च करने में सक्षम होगा, जिससे चेंचू, कोलम और कोंडा रेड्डी जैसी विभिन्न जनजातियों को लाभ होगा। तेलंगाना में किसान कल्याण की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोगों के सपने उनकी दृष्टि और मोदी की गारंटी के स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी ने तेलंगाना में किसानों के लिए हल्दी बोर्ड बनाने में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कपास किसानों के लिए रिकॉर्ड एमएसपी की सुविधा प्रदान की है, साथ ही तेलंगाना में सात मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित कर किसानों को सशक्त बनाया है।

मोदी ने कहा कि तेलंगाना ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और विकसित भारत को साकार करने में उसकी बड़ी भूमिका है। उन्होंने तेलंगाना के लोगों को धन्यवाद दिया और आगामी लोकसभा चुनाव में उनसे भाजपा के लिए निरंतर समर्थन मांगा।

न्यूज गैलरी

चंडीगढ़ नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर पदों पर भाजपा जीती

चंडीगढ़ (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर बनाने वाले आईएनडीआईए गठबंधन को सीनियर डिप्टी मेयर तथा डिप्टी मेयर के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। सोमवार को हुए चुनाव के दौरान भाजपा के प्रत्याशी कुलजीत संधू तीन वोट से सीनियर डिप्टी मेयर चुनाव जीत गए। उन्हें 19 और आप-कांग्रेस उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गावी को 16 वोट मिले, जबकि गठबंधन का एक वोट अवैध हो गया। डिप्टी मेयर पद पर भाजपा के प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को 2 वोट से जीत मिली। राजेंद्र को 19 और आप-कांग्रेस उम्मीदवार निर्मला देवी को 17 वोट मिले। इस चुनाव के लिए मेयर कुलदीप कुमार को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। कुलदीप आम आदमी पार्टी पार्षद हैं, लेकिन कांग्रेस की मदद से ही मेयर बने हैं।

केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा का बजट बंद कर दिया : राहुल गांधी

शिवपुरी (हि.स.)। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को शिवपुरी पहुंची। इस दौरान राहुल गांधी का रोड शो हुआ और इसके बाद शहर के माधव चौक चौराहे पर सभा हुई। कार पर ही बैठकर राहुल गांधी ने सभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को निशाना बनाते हुए कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा का बजट बंद कर दिया। जबकि मनरेगा के बजट से आम लोगों व ग्रामीणों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि देश में जानबूझकर जातिगत जनगणना नहीं की जा रही है। मैं हर बार कहता हूं कि जातिगत जनगणना कराएं जिससे पिछड़ा वर्ग, एससी, एसटी, आदिवासी लोगों की संख्या साफ तौर पर निकल कर सामने आ सके लेकिन इस पर केंद्र सरकार द्वारा कुछ नहीं बोला जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि देश में तीन बड़े मुद्दे हैं- बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार लेकिन इन तीनों मुद्दों को गायब कर दिया गया है।

परिवारवाद पर तंज के बाद घिरे लालू तो सुप्रिया श्रीनेत ने किया सचेत

नई दिल्ली (हि.स.)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवारवाद के तंज पर भाजपा नेताओं से घिर जाने के बाद कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि कि मुद्दा महंगाई और बेरोजगारी है, परिवारवाद मुद्दा नहीं हैं। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने लालू यादव को सचेत करते हुए कहा कि वे सावधान रहें, क्योंकि भाजपा मुद्दे से भटका रही है। दरअसल, लालू यादव ने रविवार को पटना में एक रैली के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री का ना परिवार है और ना वे सनातनी। लालू यादव ने पटना में जन विश्वास महारैली के दौरान कहा था कि नरेन्द्र मोदी परिवारवाद पर आक्रामक हो रहे हैं। लालू यादव ने यह भी कहा था कि जिस व्यक्ति के ज्यादा बच्चे हैं, उसे वे वंशवादी राजनीति कह रहे हैं। इसके बाद भाजपा के नेताओं ने प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। लालू प्रसाद यादव को घिरते देख कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि परिवारवाद मुद्दा नहीं है। यह मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है। मुख्य मुद्दे महंगाई, पेपर लीक और बेरोजगारी हैं.. वे विषयों से भाग रहे हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा भाजपा ध्यान भटकाओ अभियान चला रही है.

भारतीय सेना के चीता हेलीकॉप्टर ने राजौरी जिले में की सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग

जम्मू (हि.स.)। भारतीय सेना के चीता हेलीकॉप्टर ने तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को जम्मू संभाग के राजौरी जिले में सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग की। भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार चीता हेलीकॉप्टर का पायलटों ने एक तकनीकी समस्या की पहचान की और सुरक्षा उपाय के रूप में एहतियाती लैंडिंग का विकल्प चुना। इसके बाद सुंदरबनी तहसील के हथल गांव के खेतों में दोपहर के आसपास लैंडिंग हुई। विस्तृत विवरण का इन्तजार है।

नेपाल में सत्ता गठबन्धन के तीन नए मंत्रियों को राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

नेपाल (हि.स.)। राष्ट्रपति भवन 'शीतल निवास' में सोमवार शाम को तीन नये मंत्रियों को शपथग्रहण कराई गई। चार दलों के गठबन्धन में से तीन दलों ने सरकार में अपना एक-एक प्रतिनिधि भेजा है। जनता समाजवादी पार्टी ने आज शपथग्रहण में अपना प्रतिनिधि नहीं भेजा।

उत्तराखंड : दून से अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए हवाई सेवा 6 मार्च से, केंद्र ने दी मंजूरी

वाराणसी के लिए वाया पंतनगर उड़ान भरेगा विमान, मुख्यमंत्री धामी तीनों सेवाओं के लिए लंबे समय थे प्रयासरत

देहरादून (हि.स.)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दून से अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी तीनों स्थानों के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे और उनका यह प्रयास रंग लाया है। देहरादून से देश के तीन प्रमुख शहरों अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए सीधी हवाई सेवा को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। तीनों सेवाओं का 06 मार्च को शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने तीनों सेवाओं की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री धामी अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने से पूर्व उन्होंने केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध करने के साथ ही पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि देहरादून से अभी अयोध्या के लिए सीधी उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं है। श्रीरामलला के दर्शन के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। अयोध्या से देवभूमि के लिए हवाई सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की यात्रा में भी सुविधा होगी। इसी प्रकार देवभूमि की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री भी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सुबह 9-40 बजे उड़ान भरेगा और पूर्वाह्न 11-30 बजे अयोध्या पहुंचेगा। उसी दिन अयोध्या से दोपहर 12-15 बजे उड़ान भरकर दोपहर 01-55 बजे देहरादून पहुंचेगा। देहरादून-अमृतसर हवाई सेवा का विमान दोपहर 12 बजे अमृतसर से उड़ान भरेगा और दोपहर 01-10 बजे देहरादून पहुंचेगा। इसी प्रकार देहरादून से दोपहर 1-35 बजे अमृतसर के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर 2-45 बजे अमृतसर पहुंचेगा।

वाराणसी के लिए वाया पंतनगर हवाई सेवा भी 6 मार्च से शुरू हो रही है। यात्री विमान प्रातः 9-50 बजे देहरादून से पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और 10-35 बजे पंतनगर पहुंचेगा। इसी प्रकार पंतनगर से 11-15 बजे वाराणसी के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर एक बजे वाराणसी में उतरेगा। वाराणसी से विमान दोपहर 1.40 बजे पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और अपराह्न 3-25 बजे पंतनगर पहुंचेगा। पंतनगर से विमान अपराह्न 3-50 बजे उड़ान भरेगा और शाम 4-35 बजे देहरादून पहुंचेगा।

राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के फाइनल का आयोजन 5 और 6 मार्च को दिल्ली में होगा

नई दिल्ली (हि.स.)। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय मंगलवार को संसद के केंद्रीय कक्ष, संविधान सदन नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के फाइनल का 5 मार्च को उद्घाटन और 6 मार्च को समापन समारोह का आयोजन करेगा। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन युवा आवाज़ें राष्ट्र परिवर्तन के लिए जुड़ाव और सशक्तीकरण विषय पर आधारित किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 का आयोजन 9 फरवरी से 6 मार्च तक पूरे देश में किया गया है। यह युवा संसद देश के 785 जिलों को कवर करते हुए तीन स्तरों पर आयोजित की गई है। जिला युवा संसद का आयोजन 9 फरवरी से 14 फरवरी तक किया गया। जिला युवा संसद-2024 के विजेताओं ने 19 से 24 फरवरी तक राज्य युवा संसद में भाग लिया। सत्तासी (87) राज्य-स्तरीय विजेता 5 और 6 मार्च को संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा संसद-2024 के फाइनल के लिए नई दिल्ली में एकत्रित होंगे। 87 राज्य विजेता (प्रथम, दूसरे और तीसरे पुरस्कार विजेता) राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेंगे, जिनमें से 29 (प्रत्येक एसवाईपी के प्रथम स्थान धारक) दिए गए विषयों पर बोलेंगे। शेष 58 दर्शक के रूप में राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेंगे।

ज्योतिरादित्य ने किया स्टेनलेस स्टील सेक्टर में पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का उद्घाटन

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय इस्पात एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने आज एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत के इस्पात उद्योग को बदल रहा है और भारत हरित नेता के रूप में उभर रहा है।

ज्योतिरादित्य जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड, हिसार में स्थित स्टेनलेस स्टील सेक्टर में भारत के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का वर्चुअली उद्घाटन कर रहे थे। इस मौके पर इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल और हाइजेन-को के संस्थापक अमित बंसल और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य ने कहा, एक सरकार के रूप में हम 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कंपनियों, नागरिकों और राज्य सरकारों को हरित विकास और हरित नौकरियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन 20,000 करोड़ के परिव्यय के साथ लांच किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और उसके डेरिवेटिव के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना था। मिशन वित्त वर्ष 2029-30 तक लगभग 500 करोड़ इस्पात क्षेत्र की पायलट परियोजनाओं पर खर्च करने का प्रावधान है।

देश के पहले दीर्घकालिक ऑफ-टेक ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र के चालू होने के लिए हाइजेन-को और जिंदल स्टेनलेस को बधाई देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह परियोजना न केवल सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है बल्कि जिम्मेदार औद्योगिक प्रथाओं की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए मूल्यवान रोजगार के अवसर भी पैदा करती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए दुनिया का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट और छत और फ्लोटिंग सोलर वाला दुनिया का पहला ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट होगा। यह परियोजना एक अत्याधुनिक हरित हाइड्रोजन सुविधा भी है, जिसका लक्ष्य कार्बन उत्सर्जन को लगभग 2,700 मीट्रिक टन प्रति वर्ष और अगले दो दशकों में 54,000 टन कार्बनडाईऑक्साइड उत्सर्जन को कम करना है।

भाजपा का लालू प्रसाद पर पटलवार, कहा- विपक्ष ने किया प्रधानमंत्री का अपमान

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवार वाले तंज पर पलटवार करते हुए उन्हें सनातन धर्म विरोधी बताया है। भाजपा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का अपमान किया है। आने वाले समय में जनता उन्हें जवाब देगी।

सोमवार को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कई सालों से विपक्ष ईर्ष्या, द्वेष और हीन भावना की भावना से ग्रसित होकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक बयान दिए हैं। रविवार को पटना में एक रैली (आरजेडी की जन विश्वास रैली) में लालू प्रसाद यादव ने फिर प्रधानमंत्री मोदी और उनके परिवार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए पूरा देश उनका परिवार है। जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, वह सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ दिवाली मनाते हैं, वे उनका परिवार हैं। जब उन्होंने अपने देश के लिए खुद को समर्पित करने के लिए अपने परिवार को छोड़ा, उसी क्षण उन्होंने प्रतिज्ञा की, पूरा देश उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन में से कोई भी हिन्दू नहीं है, वे सिर्फ बांटने की राजनीति करते हैं। मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। उन्होंने लालू यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। हिन्दू धर्म परंपरा गुरु - शिष्य परंपरा है, पिता-पुत्र परंपरा नहीं। सूप तो बोले, यहां छलनी भी बोलने लगी है, जिसमें 100 से अधिक सुराख हैं।

उल्लेखनीय है कि पटना के गांधी मैदान में जनविश्वास रैली के दौरान लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री जितना कहते हैं, उतने बड़े हिंदू नहीं हैं, क्योंकि उनकी मां का निधन हुआ और उन्होंने अपने बाल और दाढ़ी नहीं कटवाई।

प्रधानमंत्री ने वर्चुअली बिलासीपारा में रखी सोलर पावर प्लांट की आधारशिला

धुबड़ी (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से धुबड़ी जिले में बिलासीपारा के खुदीगांव द्वितीय खंड गांव में सोमवार को 70 मेगावाट के एक सोलर पावर प्लांट का शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद से इस सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी। खुदीगांव द्वितीय खंड गांव में आयोजित सोलर पावर प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में असम की ऊर्जा मंत्री नंदिता गार्लोसा, धुबड़ी जिले के आयुक्त दिवाकर नाथ, बिजली विभाग के महाप्रबंधक और विभिन्न मंडल अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री गार्लोसा ने कहा कि इस सौर ऊर्जा प्लांट के तैयार होने के बाद बिलासीपारा में बिजली की कमी काफी हद तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि खुदीगांव द्वितीय ब्लॉक में एक हजार बीघा जमीन पर इस सोलर पावर प्लांट का निर्माण किया जाएगा और इसका निर्माण कार्य अगले एक साल में पूरा हो जाएगा। इस मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सरकार के इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे आम लोगों के जीवन स्तर में काफी बेहतरी आएगी।

रक्षा क्षेत्र में अदिति योजना लांच, स्टार्टअप को मिलेगा 25 करोड़ रुपये का अनुदान

रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने में मदद करेगी यह योजना

देश के सशस्त्र बलों की सभी अपेक्षाओं को पूरा करेगा 'टेक्नोलॉजी वॉच टूल'

नई दिल्ली (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान महत्वपूर्ण और रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए 'अदिति' योजना लांच की। इस योजना के तहत स्टार्ट-अप को रक्षा प्रौद्योगिकी में उनके अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिए 25 करोड़ रुपये तक की अनुदान सहायता दी जाएगी। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से कहा कि यह योजना युवाओं के नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी।



आई-डेक्स के साथ नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों का विकास करने के लिए शुरू की गई इस योजना के पहले संस्करण में 17 चुनौतियां लॉन्च की गई हैं, जिसमें भारतीय सेना के लिए 3, भारतीय नौसेना के लिए 5, भारतीय वायु सेना के लिए 5 और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के लिए 4 हैं। इसका लक्ष्य प्रस्तावित समय सीमा में लगभग 30 डीप-टेक महत्वपूर्ण और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करना है। इसमें आधुनिक सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक टेक्नोलॉजी वॉच टूल बनाने की भी परिकल्पना की गई है।

राजनाथ सिंह ने युवाओं को नवोन्वेषी विचारों को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए जोर देकर कहा कि युवा इनोवेटर्स को प्रेरित करने के लिए आई-डेक्स को आई-डेक्स प्राइम तक विस्तारित किया गया है, जिसमें सहायता 1.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई। उन्होंने कहा कि चुनौतियों का समाधान करने में डीपीएसयू की उत्साहजनक भागीदारी के बाद अब 'अदिति' योजना शुरू की गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समय बदलने के साथ ही नई प्रौद्योगिकियां अस्तित्व में आ रही हैं। विकसित देश बनने के लिए हमें तकनीकी बढ़त हासिल करने के साथ ही हमें अपने देश को एक ज्ञानवान समाज में बदलना है।

इस दौरान 'महिलाएं परिवर्तन की वाहक' विषय पर एक पैनल ने रक्षा नवाचार के भविष्य को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और क्षेत्र में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर चर्चा की। पैनल में अंतरिक्ष विभाग, भारतीय वायु सेना, वित्तीय संस्थानों और स्टार्टअप से विभिन्न प्रसिद्ध प्रतिभागियों ने भाग लिया। चर्चा में भारतीय रक्षा परिदृश्य, प्रौद्योगिकी, भविष्य के रुझान, नवाचार और भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अवसरों पर अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में महिला उद्यमियों के अमूल्य योगदान की मान्यता में 'डेफकनेक्ट' में आई-डेक्स महिला उद्यमियों के लिए एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया।